दैनिक
# बढ़ता राजस्थान
संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर एवं कोटा
Since : 2004
कदम बढ़ाएं, सच के साथ
वर्ष : 15 | अंक : 192 | जयपुर | शनिवार, 17 मई, 2025 | ज्येष्ठ, कृष्ण पक्ष पंचमी संवत्-2082 | भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत | मूल्य : ₹5.00 | पृष्ठ : 12
www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan

## प्रदेश के 14 नगर निकायों-पंचायतों में होगा उपचुनाव

### 8 जून को वोटिंग होगी, भारत-पाकिस्तान तनाव के बाद स्थगित कर दिए गए थे

बढ़ता राजस्थान


**जयपुर।** राजस्थान की नगरीय निकायों (नगर पालिका, नगर परिषद और नगर निगम), पंचायत समितियों, ग्राम पंचायतों और जिला परिषद के उपचुनावों का नया शेड्यूल घोषित किया गया है। राज्य निर्वाचन आयोग के मुताबिक उपचुनाव के लिए 8 जून को वोटिंग होगी। पंचायती राज संस्थाओं के लिए 20 मई और नगरीय निकायों के उपचुनाव की अधिसूचना 21 मई को जारी की जाएगी।

इससे पहले आयोग ने अप्रैल में उपचुनाव के लिए शेड्यूल जारी किया था, लेकिन ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान से बढ़े तनाव को देखते हुए आयोग ने चुनाव स्थगित कर दिए थे।

जिला प्रमुख और प्रधान के लिए भी होंगे चुनाव-शेड्यूल के मुताबिक प्रदेश की 14 नगर निकायों (नगर पालिका और नगर परिषद) के 12 वार्डों, 1 नगर पालिका अध्यक्ष और 1 उपाध्यक्ष पद पर उपचुनाव होगा। इसी तरह पंचायती राज संस्थाओं में एक जिला प्रमुख, 2 प्रधान, एक उप प्रधान, 7 जिला परिषद सदस्यों, 18 पंचायत समिति सदस्यों, 17 सरपंच, 15 उपसरपंच और 169 ग्राम पंचायतों में वार्ड पंच के लिए उपचुनाव होगा।

#### इन जगह पर होंगे पंचायतों के चुनाव

जिला प्रमुख (गंगानगर), जिला परिषद सदस्य (गंगानगर वार्ड 16, सिरोही वार्ड 18, राजसमंद वार्ड 1, प्रतापगढ़ वार्ड 13, झालावाड़ वार्ड 5, डूंगरपुर वार्ड 9, 12, धौलपुर वार्ड 9, अलवर वार्ड 29), प्रधान (पंचायत समिति कल्याणपुर (बाड़मेर), सपोटरा (करौली) और उपप्रधान (पंचायत समिति घाटोल (बांसवाड़ा) में चुनाव होंगे। जिला परिषद सदस्य, पंचायत समिति सदस्य, वार्ड पंच और सरपंच के चुनाव के लिए नामांकन 20 मई से भरे जाएंगे और वोटिंग 8 जून को होगी। उपसरपंच के लिए वोटिंग की प्रक्रिया 9 जून को करवाई जाएगी। जिला प्रमुख और प्रधान के लिए वोटिंग 10 जून को होगी। उपप्रधान के लिए वोटिंग 11 जून को होगी। अध्यक्ष के लिए 10 जून को अधिसूचना जारी होगी। 16 जून को वोटिंग होगी। उपाध्यक्ष के लिए 17 जून को वोटिंग होगी।




## ऑपरेशन सिंदूर अभी खत्म नहीं, यह सिर्फ ट्रेलर : रक्षामंत्री राजनाथ

### समय आने पर दुनिया को दिखाएंगे पूरी पिक्चर; भुज में जवानों का बढ़ाया हौसला

बढ़ता राजस्थान

**अहमदाबाद।** रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर अभी खत्म नहीं हुआ है, ये तो बस ट्रेलर है, समय आएगा तो पूरी पिक्चर दुनिया को दिखाएंगे। ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद रक्षामंत्री राजनाथ सिंह शुक्रवार को पहली बार गुजरात के भुज एयरफोर्स स्टेशन पहुंचे थे।

जवानों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि हमने वर्तमान सीजफायर में हमने पाकिस्तान को बिहेवियर के आधार पर प्रोबेशन पर रखा है, बिहेवियर में गड़बड़ी आई तो सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने कहा- ब्रह्मोस मिसाइल की ताकत को पाकिस्तान ने स्वीकार कर लिया, एक कहावत मशहूर है- दिन में तारे दिखना। ब्रह्मोस ने पाकिस्तान को रात के अंधेरे में दिन का उजाला दिखा दिया। इससे पहले गुरुवार को राजनाथ जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर एयरबेस पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने जवानों से मुलाकात की और उनका आभार व्यक्त किया था।

#### भुज ऑपरेशन सिंदूर की कामयाबी का साक्षी

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा- आपका अभिनंदन करने आया हूं। ऑपरेशन सिंदूर में आपने करिश्माई काम किया है। भारत का मस्तक आपने ऊंचा किया है। हमारे सैनिकों को नमन करता हूं। आप सबके बीच आकर मुझे गौरव की अनुभूति हो रही है। भुज 65 और 71 की जंग में हमारी जीत का साक्षी रहा है और आज भी यह ऑपरेशन सिंदूर की कामयाबी का साक्षी है।



#### ऑपरेशन सिंदूर आतंकवाद के माथे पर खतरे की लाल लकीर

राजनाथ ने कहा- आपके पराक्रम ने दिखा दिया है कि यह वो सिंदूर है, जो श्रृंगार का नहीं शौर्य का प्रतीक है। यह वह सिंदूर है जो सौंदर्य नहीं, संकल्प का प्रतीक है। यह सिंदूर खतरे की वह लाल लकीर है, जो भारत ने आतंकवाद के माथे पर खींच दी है। इस लड़ाई में सरकार और सभी नागरिक एकजुट थे। भारत का हर नागरिक इसमें सिपाही की तरह भागीदार रहा।

**आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई, अब नेशनल डिफेंस का हिस्सा**-राजनाथ ने कहा- अब आतंकवाद के विरुद्ध लड़ाई सिर्फ सुरक्षा का मसला नहीं, बल्कि ये नेशनल डिफेंस का हिस्सा बन चुकी है। हम इसे जड़ से खत्म करेंगे। अब भारत पहले का भारत नहीं है, नए भारत का जन्म हो चुका है।

**पाकिस्तान के हर कोने तक वार करने में सक्षम-** राजनाथ ने कहा- कोई छोटी बात नहीं है कि हमारी एयरफोर्स की पहुंच पाकिस्तान के हर कोने तक है।भारत के फाइटर प्लेन बिना सरहद पार किए पाकिस्तान के हर कोने तक वार करने में सक्षम है। पूरी दुनिया ने देखा कि आपने कैसे 9 आतंकी ठिकानों को बर्बाद कर दिया।

#### ऑपरेशन सिंदूर के बाद बड़ा कदम

## रक्षा बजट में 50 हजार करोड़ बढ़ाने का प्रस्ताव

### आधुनिक हथियारों और तकनीक पर होगा फोकस



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर के बाद केंद्र सरकार रक्षा बजट में 50,000 करोड़ रुपए बढ़ा सकती है। रक्षा मंत्रालय ने सरकार को फंड बढ़ाने का प्रस्ताव दिया है, जिसे संसद के नवंबर-दिसंबर के दौरान शीतकालीन सत्र में मंजूरी मिल सकती है। मीडिया रिपोर्ट्स में सरकारी सूत्रों के हवाले से यह जानकारी दी गई है। इसमें बताया गया है कि इस फंड से नए हथियार, गोला-बारूद और तकनीक खरीदी जाएंगी। साथ ही सेना की दूसरी जरूरतें, रिसर्च और डेवलमेंट पर भी खर्च किया जाएगा। बढ़ोतरी के बाद रक्षा मंत्रालय का ओवरऑल बजट 7 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा हो जाएगा। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 1 फरवरी को पेश किए गए 2025-26 के बजट में सशस्त्र बलों के लिए रिकॉर्ड 6.81 लाख करोड़ रुपए का बजट दिया था। इस साल रक्षा बजट पिछले साल की तुलना में करीब 9.5% ज्यादा है। केंद्र ने 2024-25 में सशस्त्र बलों के लिए 6.22 लाख करोड़ रुपए दिए थे। पीएम मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार के पहले बजट 2014-15 में रक्षा मंत्रालय को 2.29 लाख करोड़ रुपए दिए गए थे। बॉर्डर पार किए बिना भारत ने पाकिस्तान में 9 आतंकी कैंप्स नष्ट किए जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को आतंकी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव जारी है।

#### संक्षिप्त समाचार

## सोना 1900, चांदी 1800 रुपए हुई महंगी

### 10 ग्राम स्टैंडर्ड सोने की कीमत बढ़कर पहुंची 96 हजार पार



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** अंतरराष्ट्रीय बाजार में जारी बदलाव का असर भारतीय बाजार पर लगातार नजर आ रहा है। पिछले कुछ दिनों से जारी गिरावट के बाद शुक्रवार को सोने और चांदी की कीमत में बड़ी तेजी देखने को मिली है। इसके बाद स्टैंडर्ड होने की कीमत 1900 रुपए बढ़कर 96 हजार 100 रुपए पर पहुंच गई है। चांदी प्रति किलो की कीमत में 1800 रुपए की तेजी आई है। इसके बाद प्रति किलो चांदी की कीमत बढ़ाकर 98 हजार 300 रुपए पर आ गई है। सर्राफा व्यापारी शंकर सोनी ने बताया कि फिलहाल भारतीय बाजार में अस्थिरता का माहौल है। पाकिस्तान और भारत के बीच सीज फायर के ऐलान के बावजूद फिलहाल सर्राफा बाजार के हालात सामान्य नहीं हुए हैं। इसकी वजह से लगातार सोने और चांदी दोनों की कीमत गिर रही थी। लेकिन अंतरराष्ट्रीय बाजार की वजह से एक बार फिर बाजार में तेजी देखने को मिल रही है।

## जयपुर में मिला 2 हजार किलो विस्फोटक अत्यंत संवेदनशील

### दो लोगों को किया गिरफ्तार, पुलिस को अब तक नहीं पता विस्फोटक क्यों लाया गया

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** जयपुर के बस्सी टोल के पास 6 दिन पहले मिले 2075 किलो विस्फोटक मामले में पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पिकअप को एस्कॉर्ट करने वाले और पिकअप के खलासी को गिरफ्तार किया है। लेकिन पुलिस छह दिन में यह पता नहीं कर सकी कि विस्फोटक आखिर जयपुर में क्यों लाया गया। इसका जयपुर में क्या इस्तेमाल किया जाने वाला था। न ही विस्फोटक कहां से लाया जा रहा था इसकी कोई जानकारी अभी तक पुलिस के पास है। छह दिन बीतने के बाद भी पुलिस के पास इस विस्फोटक के बारे में कोई बड़ी लीड नहीं हैं। गिरफ्तार दोनों आरोपियों को पुलिस ने रिमांड पर लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। वहीं दूसरी तरफ जांच में सामने आया कि ये विस्फोटक अत्यंत संवेदनशील और प्रतिबंधित श्रेणी में आता है। इन्हें किया गिरफ्तार-बस्सी थाने के एसआई मनोज ने बताया- पुलिस ने इस मामले में 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी रामजीलाल बलाई तूंगा (जयपुर) के हाथीपुरा और कृष्ण कुमार मीणा दौसा के खानवास के रहने वाला हैं।

## बडगाम में आतंकियों के 3 मददगार गिरफ्तार

**नई दिल्ली/श्रीनगर।** कश्मीर के बडगाम में आतंकियों के तीन मददगारों को गिरफ्तार किया गया है। ये तीनों लश्कर-ए-तैयबा के लिए काम करते थे। ये लोग इलाके में टेरर एक्टिविटीज में शामिल थे और युवाओं को आतंकवाद की तरफ मोड़ते थे। इससे पहले, जम्मू-कश्मीर में पिछले तीन दिनों में हुए दो एनकाउंटर में छह आतंकवादी ढेर किए गए। सेना-पुलिस ने शुक्रवार को जॉइंट प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि, कश्मीर में आतंकवाद के खिलाफ ऑपरेशन जारी है।त्राल और शोपियां में 2 एनकाउंटर में आतंकी मारे गए। एक ऑपरेशन ऊंचे पहाड़ी इलाकों में हुआ, एक ऑपरेशन गांव में हुआ। सुरक्षाबलों ने सावधानी से दोनों जगह टेररिस्ट को मारा।

## राजस्थान में फिर बदलेगा मौसम

### अगले 4 दिन कई जिलों के लिए बारिश का अलर्ट

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान में एक बार फिर मौसम बदलने वाला है। मौसम विभाग ने प्रदेश के कई जिलों में अगले 4 दिन मेघगर्जन के साथ 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से आंधी व हल्की बारिश की संभावना जताई है। पिछले 24 घंटों में राज्य के उदयपुर जिले में मेघगर्जन व पूर्वी राजस्थान में कहीं-कहीं हल्की वर्षा दर्ज की गई। पश्चिमी राजस्थान में मौसम शुष्क रहा। सर्वाधिक 30एमएम बारिश कुशलगढ़ जिला बांसवाड़ा में दर्ज की गई। सर्वाधिक अधिकतम तापमान श्रीगंगानगर में 45.8 डिग्री दर्ज किया गया।

#### आज कैसा रहेगा मौसम

आज उदयपुर और कोटा संभाग के कुछ भागों में मेघगर्जन के साथ 40 से 50 किमी प्रति घंटे की गति से आंधी व हल्की बारिश तथा शेष अधिकांश भागों में मौसम मुख्यत: शुष्क रहने की संभावना है। आगामी 4 दिन जोधपुर, बीकानेर संभाग के सीमावर्ती क्षेत्रों में धूलभरी हवाएं चलने की संभावना है। बीकानेर व श्रीगंगानगर जिलों में 16 से 20 मई के बीच अधिकतम तापमान 45 से 46 डिग्री दर्ज होने व कहीं-कहीं हीट वेव चल सकती है।






## एस जयशंकर ने पहली बार तालिबान सरकार से बात की

### शुक्रिया कहा, अफगानिस्तान ने भारतीय रॉकेट हमले का पाकिस्तानी दावा खारिज किया था



बढ़ता राजस्थान

नई दिल्ली। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने गुरुवार रात अफगानिस्तान के कार्यवाहक विदेश मंत्री मावलवी आमिर खान मुत्ताकी से फोन पर बातचीत की। जयशंकर ने पहलगाम आतंकी हमले की निंदा करने के लिए मुत्ताकी को शुक्रिया कहा। अफगानिस्तान ने पाकिस्तान के उन आरोपों को खारिज कर दिया था, जिनमें कहा गया था कि भारतीय मिसाइलों ने अफगानिस्तान को टारगेट किया। जयशंकर ने इस बात के लिए भी अफगान सरकार का शुक्रिया किया। यह भारत और अफगानिस्तान की तालिबान सरकार के बीच मंत्री स्तर की पहली बातचीत थी। जयशंकर ने कहा कि भारत और अफगान लोगों के बीच जो पुराना दोस्ताना रिश्ता है, उसे दोहराया गया और भविष्य में इसे कैसे आगे बढ़ाया जाए, इस पर बातचीत हुई।

**तालिबान सरकार की भारत से वीजा देने की डिमांड-** इंडियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट के मुताबिक, तालिबान के विदेश मंत्री ने भारत से अफगान व्यापारियों और मरीजों के लिए भारतीय वीजा की सुविधा की मांग की। इसके अलावा भारत में अफगान कैदियों की रिहाई और स्वदेश वापसी का भी अपील की। जयशंकर ने इन मुद्दों को तुरंत हल करने की बात कही।

भारत ने अफगानिस्तान में तालिबान की एंट्री के बाद 25 अगस्त 2021 को तत्काल प्रभाव से वीजा देना बंद कर दिया था। तालिबान के सत्ता में आने के बाद वहां की सुरक्षा स्थिति के मद्देनजर यह फैसला लिया गया था।

सम्पादकीय कार्यालयः-डी-38,चौमू हाउस,सी-स्कीम,जयपुर(राज.) 302001, बून्दी, झालावाड़, बांरा,बहरोड़,,सुजानगढ़, रावतभाटा,अजमेर, भीलवाड़ा, सवाईमाधोपुर, सीकर, झुन्झुनू,खाटूश्याम जी, निम्बाहेड़ा, चूरु, धौलपुर, जौधपुर, उदयपुर, चाकसू,टोंक निवाई, पीपलू, मालपुरा, उनियारा, अलिगढ़, देवली, कोटपुतली, शाहपुरा, भरतपुर में प्रसारित

दैनिक बढ़ता राजस्थान

# बोर करवा उसे दो सप्ताह में भी पम्प हाउस तक लाइन से नही जुड़वा पाया विभाग, लोगो को गर्मी में पेयजल सप्लाई में आ रही दिक्कत

बढ़ता राजस्थान

**चौथ का बरवाड़ा ( चेतन परिहार )।** शिवाड़ कस्बे में जलदाय विभाग द्वारा करीब 15 दिन पूर्व वर्षों की मांग पर एक बोर पेयजल सप्लाई की टंकियों में पानी सप्लाई के लिए कस्बे में कराया गया जिसमें अच्छा पानी निकला लोगो को उम्मीद बंधी की अब पीने का पानी नलों में पर्याप्त मिलेगा लेकिन लोगो का दुर्भाग्य कहे या विभाग के अधिकारियों की लापरवाही की इस बोर को पम्प हाउस तक नवीन लाइन डालकर अभी तक भी 15 दिन में नही जोड़ा जा सका जिससे लोगो को नलों से पीने का पर्याप्त पानी भी नही मिल सका । आये दिन विभाग के अधिकारी सहायक अभियंता को शिकायत करने पर वो आज कल आज कल कह कर पल्ला झाड़ लेते है वही ठेकेदार के कानों पर जूं तक नही रेंग रही हैं । ग्रामीण बब्लू, असरफ, राजेश आदि ने बताया कि विभाग के अधिकारियों द्वारा कोई सुनवाई नही होने से लाइन नही डाले जाने से लोगो को पर्याप्त पीने का पानी भी नही मिल रहा है । लोगो को सार्वजनिक जलस्त्रोतों से पानी लाना पड़ रहा है । गर्मी में ही यदि इस बोर का लाभ विभाग नही दिलवा सका तो फिर बारिश में तो क्या फायदा । वही विभाग द्वारा इस क्षेत्र में जलदाय विभाग के सहायक अभियंता का कार्यालय चौथ का बरवाड़ा में ओर खोल क्षेत्र के लिए सहूलियत की गई मगर यहां स्थायी सहायक अभियंता नही होने से कोई ध्यान नही दिया जा रहा है । अधिकारी ठेकेदार के आगे बेबस नजर आ रहे है और ठेकेदार समय पर कार्य नही कर रहे है । लोगो ने अब इसकी शिकायत विभाग के मंत्री और मुख्यमंत्री को भेज ऐसे ठेकेदार को ब्लैक लिस्ट करने की मांग की है ।

**नही हुआ कोई कार्य शुरू :** बोरवेल से पम्प हाउस तक लाइन के लिए अभी तक कोई कार्य मौके पर शुरू नही हुआ है । खुदाई के बाद लाइन डाल कर इसे जोड़ने के कार्य मे इस गति से बहुत समय लगेगा और मौके पर अभी तक खुदाई भी नही हुई है । वही जहां राज्य सरकार बड़े बड़े दावे कर घर घर पानी पहुंचाने की बात कह रही है वही यहां बोर में खूब पानी होने के बाद भी ठेकेदार और अधिकारियों की लापरवाही से लोगो को पानी ही इस भीषण गर्मी में नही मिल रहा है।

## वार्ड 8 सहित तीन मोहल्लों में लाइन चौक मगर कोई कार्यवाही नही

कस्बे के वार्ड 8 में बागवान के मकान से गुलाब जी की मिल तक वही माली मोहल्ले में पाटोदिया की गली से माली मोहल्ला तक और माली मोहल्ला से कुसुमलता के मकान तक लाइन चौक पड़ी है अधिकारियों ने वहां कई बार मौका देखा मगर आज तक कोई कार्यवाही नही होने से इस क्षेत्र के लोगो को पेयजल सप्लाई नही मिल पा रही है।

## 181 पर झूठा रिप्लाई देकर बन्द कर देते है शिकायत

ग्रामीण कुमुद जैन ने बताया कि लाइन चौक की शिकायत उन्होंने ऑनलाइन राजस्थान संपर्क पोर्टल पे की तो विभाग के अधिकारी ने ठीक करा दी गई है ये रिप्लाई देकर शिकायत का निस्तारण कर दिया जबकि मौके पर लाइन चौक पड़ी है और कोई उसे देखने भी नही आया सही कराने तो दूर की बात है ।

# विप्र महासंघ सेवा समिति में गिरिराज शर्मा की हुई नियुक्ति

बढ़ता राजस्थान



**पावटा (सुशील कुमार बंसल)।** विप्र महासंघ सेवा समिति राजस्थान के प्रदेशाध्यक्ष मेधासिन्धु शर्मा ने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉक्टर अम्बिका दत्त कौशिक एवं राष्ट्रीय महामंत्री केशव प्रसाद शर्मा द्वारा खेलना निवासी गिरिराज शर्मा को अखिल भारतीय विप्र महासंघ सेवा समिति में कोटपूतली-बहरोड़ जिलाध्यक्ष पद पर नियुक्त किया गया है। शर्मा ने शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संगठन के द्वारा मिले दायित्व का पूर्ण सत्य एवं निष्ठा के साथ निर्वहन करेंगे। उन्होंने कहा कि वे संगठन की नीतियों और कार्यक्रमों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करेंगे और समाज के उत्थान के लिए निरंतर प्रयासरत रहेंगे। नियुक्ति के लिए संगठन के शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए गिरिराज शर्मा ने कहा कि वे अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा और ईमानदारी से करेंगे और संगठन के उद्देश्यों को पूरा करने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे।

# पावटा पंचायत समिति की प्रधान पूजा चौधरी को हटाकर मीरा देवी को सौंपा प्रधान का चार्ज

बढ़ता राजस्थान



**पावटा ( सुशील कुमार बंसल )।** राजस्थान सरकार ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग ने एक महत्वपूर्ण आदेश जारी किया है। स्वायत्त शासन विभाग, जयपुर की अधिसूचना क्रमांक 6921 दिनांक 25.3.2025 के द्वारा पंचायत समिति, पावटा की ग्राम पंचायत जोधपुरा का राजस्व ग्राम जोधपुरा, कल्याणपुरा एवं किरारोड़ के सम्पूर्ण सीमा क्षेत्र को नगर पालिका, पावटा प्रागपुरा, जिला कोटपूतली-बहरोड़ में सम्मिलित किया गया है। इससे पंचायत समिति, पावटा का वार्ड संख्या 15 का सम्पूर्ण सीमा क्षेत्र उक्त नगर पालिका में सम्मिलित हो गया है। पूजा चौधरी, प्रधान, पंचायत समिति, पावटा, जिला कोटपूतली बहरोड़, पंचायत समिति पावटा के वार्ड संख्या 15 से निर्वाचित हुई थी। राजस्थान पंचायती राज अधिनियम, 1994 की धारा-101 (2 (घ) के प्रावधानानुसार पूजा चौधरी को पंचायत समिति सदस्य व प्रधान, पंचायत समिति, पावटा के पद से हटा हुआ माना गया है। राजस्थान पंचायती राज अधिनियम, 1994 की धारा 25 (1) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए मीरा देवी सैनी, पंचायत समिति सदस्य, वार्ड संख्या 17, पंचायत समिति, पावटा, जिला कोटपूतली बहरोड़ को अग्रिम आदेशों तक पंचायत समिति, पावटा के प्रधान पद का चार्ज दिया जाता है। यह आदेश सक्षम स्तर से अनुमोदित है। इस आदेश पर इन्द्रजीत सिंह, उपायुक्त एवं उप शासन सचिव (प्रथम) की ओर से हस्ताक्षर किए गए हैं।

# प्रागपुरा में मेगा पीटीएम का आयोजन, अभिभावकों को दी गई विद्यार्थियों की प्रगति की जानकारी



बढ़ता राजस्थान

**पावटा ( सुशील कुमार बंसल )।** कस्बे के पीएम श्री महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय में शुक्रवार को प्रधानाचार्य बाबूलाल वर्मा की अध्यक्षता में मेगा पीटीएम का आयोजन किया गया। इस दौरान अभिभावकों को आरकेएसएमबीके के परिणाम व विद्यार्थियों की प्रगति के बारे में अवगत कराया गया। वाइस प्रिंसीपल मनीषा यादव ने अपनी स्वयं की शिक्षा व संस्कारित जीवन से परिचय कराते हुए बच्चों को एक सभ्य व अनुशासित नागरिक बनने की प्रेरणा दी।

पीटीएम प्रभारी श्रीमती धन्नी यादव ने अभिभावकों को विद्यार्थियों की घर पर पढ़ाई का ध्यान रखने और स्कूल खुलने के साथ अपने आस पड़ौस के बच्चों का भी सरकारी स्कूलों में अधिक से अधिक एडमिशन करवाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ अनुशासन और संस्कार भी जीवन में बहुत महत्वपूर्ण हैं। व्याख्याता मालाराम यादव ने विद्यार्थियों में सकारात्मकता का विकास कर योग्य नागरिक बनने की बात कही। अरविंद कुमार शर्मा ने छात्र-छात्राओं को खेल के माध्यम से शिक्षा ग्रहण करने व रोचक जानकारियों के साथ अध्यापन करवाने की बात कही। शिक्षिका रजनी बाला योगी ने कहा कि विद्यार्थियों को घर पर क्षमता संवर्धन हेतु समय-समय पर कॉल-टू-एक्शन के माध्यम से भी कार्य किया जाता रहता है। कार्यक्रम में धोलाराम यादव, जालिम सिंह, गोविंद सिंह, सुनिल कुमारी यादव, पुष्पा कुमारी, सुशीला मीना, रामवतार स्वामी, रामजीलाल योगी व अभिभावक गण समेत स्टाप सदस्य व छात्र छात्राए उपस्थित रहे। सभी ने एक स्वर में विद्यालय की प्रगति और विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए सहयोग का आश्वासन दिया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार ने सभी अभिभावकों का आभार व्यक्त किया और भविष्य में भी इसी तरह के सहयोग की अपेक्षा की।

# महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय साहवा में मेगा पीटीएम और परीक्षा परिणाम समारोह आयोजित

बढ़ता राजस्थान



**साहवा ( कृष्ण कुमार )।** महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय साहवा में एक भव्य मेगा पैरेंट-टीचर मीटिंग (पीटीएम) का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों ने भारी संख्या में उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस महत्वपूर्ण अवसर पर विद्यालय की स्थानीय परीक्षाओं के परिणाम भी घोषित किए गए, जिससे पूरे परिसर में उत्सुकता और प्रसन्नता का माहौल व्याप्त हो गया। शुक्रवार को हुए कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्राचार्य केदारमल आसेरी के स्वागत भाषण से हुआ। उन्होंने उपस्थित अभिभावकों, शिक्षकों और विद्यार्थियों का अभिनंदन करते हुए विद्यालय की वर्तमान शैक्षिक प्रगति और भविष्य की योजनाओं पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला। उन्होंने गर्वपूर्वक उल्लेख किया कि विद्यालय कक्षा 1 से 11 (विज्ञान वर्ग) तक अंग्रेजी माध्यम में तथा कक्षा 12 (कला संकाय, केवल छात्राओं के लिए) हिंदी माध्यम में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए दृढ़ संकल्पित है। मेगा पीटीएम को और अधिक आकर्षक बनाने के लिए विद्यार्थियों द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। रंगारंग नृत्यों, मधुर गीतों और प्रेरणादायक नाटकों ने सभी का मन मोह लिया।

इन प्रस्तुतियों ने विद्यार्थियों की प्रतिभा और आत्मविश्वास को प्रदर्शित किया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण सत्र 2024-25 की स्थानीय परीक्षाओं के परिणामों की घोषणा रही। परीक्षा प्रभारी नीलम स्वामी ने एक-एक करके सभी कक्षाओं के परिणाम घोषित किए। उन्होंने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं व्यक्त कीं। स्वामी ने शिक्षकों के समर्पण और अथक परिश्रम की भी सराहना की, जिनके मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने यह सफलता प्राप्त की। इस अवसर पर पीटीएम प्रभारी एवं वरिष्ठ अध्यापक राजेश कलिया ने अभिभावकों को विद्यालय द्वारा प्रदान की जा रही विभिन्न सुविधाओं से अवगत कराया। उन्होंने नि:शुल्क शिक्षण, पाठ्यपुस्तकें, पोषाहार, दूध वितरण, प्रतिभाशाली विद्यार्थियों के लिए लैपटॉप एवं स्कूटी योजना, छात्राओं के लिए नि:शुल्क साइकिल वितरण, ट्रांसपोर्ट वाउचर योजना और आधुनिक कंप्यूटर लैब जैसी सुविधाओं की विस्तृत जानकारी दी। ग्राम के संमानित व्यक्ति शिवनारायण मुंदलिया, केसरीचन्द सोनी, नरेश पारीक, सुरेश तिवारी, गोवर्धन पारीक, हनुमान प्रसाद, वेदप्रकाश शर्मा सहित बड़ी संख्या में उपस्थित अभिभावकों ने विद्यालय के प्रयासों की सराहना की।

मेगा पीटीएम और परीक्षा परिणाम घोषणा का यह दिन महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय साहवा के इतिहास में एक अविस्मरणीय दिन के रूप में दर्ज हो गया। समारोह को रूपनाथ भाटी, ममता शर्मा, सुमन स्वामी, गोवर्धन पारीक, केसरी चंद सोनी आदि ने संबोधित किया। कार्यक्रम का कुशल संचालन वरिष्ठ अध्यापक सोमवीर सिंह एवं मनीष कुमार शर्मा द्वारा किया गया ।

# ग्लोबल इंस्टिट्यूट ऑफ जैनेलोजी एवं प्राकृत भवन का भव्य लोकार्पण समारोह आज



बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( नि.स. )।** श्री दिगंबर जैन ग्लोबल महासभा, मुंबई द्वारा मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय, उदयपुर के जैन विद्या एवं प्राकृत विभाग में निर्मित ग्लोबल इंस्टिट्यूट ऑफ जैनेलोजी एवं प्राकृत भवन के प्रथम चरण का भव्य लोकार्पण समारोह 17 मई को मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय के विवेकानंद सभागार में आयोजित किया जा रहा है। महासभा के अध्यक्ष जमनालाल हपावत ने बताया कि इस अवसर पर 17 मई को आहार के पश्चात पूज्य आचार्य सुनीलसागर महाराज, आचार्य पुण्यसागर महाराज, मुनि अपूर्वसागर एवं मुनि अर्पितसागर ससंघ का मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय परिसर में मंगल प्रवेश होगा। दोपहर 3 बजे, सामायिक के उपरांत ग्लोबल इंस्टिट्यूट ऑफ जैनेलोजी एवं प्राकृत भवन के विभिन्न खंडों का लोकार्पण व शिलान्यास आचार्य श्री ससंघ के पावन सान्निध्य में संपन्न होगा।

उन्होंने बताया कि प्रथम वर्धमान सभामंडप का लोकार्पण पंजाब के राज्यपाल महामहिम गुलाबचंद कटारिया द्वारा किया जाएगा। उन्होंने इस सभामंडप का निर्माण अपनी विधायक निधि से नेता प्रतिपक्ष रहते हुए करवाया था। प्राकृत कक्षा का निर्माण जम्बूप्रसाद जैन (गाजियाबाद) द्वारा किया गया है, जिसका लोकार्पण वे स्वयं आचार्य श्री के सान्निध्य में करेंगे। कीर्ति स्तंभ का शिलान्यास प्रदीप जैन द्वारा किया जाएगा। प्रथम तल के कक्षा-कक्षों का निर्माण प्रदीप जैन (मामा जी) के सौजन्य से प्रस्तावित है, जिनका शिलान्यास उनके कर-कमलों से होगा। पाण्डुलिपि हॉल का निर्माण स्व. निर्मल कुमार सेठी के सुपुत्र धर्मेन्द्र सेठी से प्रेरित होकर किया गया है। समारोह की अध्यक्षता विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. सुनीता मिश्रा करेंगी।

इस अवसर पर प्रदीप जैन,अशोक पाटनी,जम्बूप्रसाद जैन विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे।

# जिले भर में डेंगू दिवस के तहत हुई गतिविधिया डेंगू के बचाव के लिये आगामी दो माह तक चलेगा अभियान

बढ़ता राजस्थान




**राजसमंद ( सुरेश बागोरा )।** राष्ट्रीय डेंगू दिवस पर चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिला स्तर से लेकर गांव स्तर तक विभिन्न डेगू रोधी गतिविधियों का आयोजन किया गया। डेंगू दिवस पर जिला स्तर पर स्वास्थ्य भवन से आमजन को जागरूक करने के लिये प्रचार - प्रसार वाहन को सीएमएचओ डॉ हेमन्त कुमार बिन्दल ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया तथा कार्यालय में एपिडिमियोलोजिस्ट हरीश कुमार ने सभी अधिकारी - कार्मिको डेंगू दिवस पर विशेष शपथ दिलाई।

सीएमएचओ डॉ हेमन्त कुमार बिन्दल ने बताया कि डेंगू रोग से बचाव के लिये आमजन में जागरूकता फैलाने के लिये हर वर्ष 16 मई को राष्ट्रीय डेंगू दिवस मनाया जाता है। डेंगू दिवस पर जिले के चिकित्सा संस्थानो में डेंगू सहित सभी मौसमी बिमारीयों से बचाव के लिये गतिविधियां आयोजित की गई। गांवो में एन्टीलार्वा गतिविधियों का आयोजन कर आमजन को जागरूक किया गया। उन्होंने बताया कि डेंगू को हराने के लिये सर्तकर्ता,सफाई और बचाव ही सबसे महत्वपूर्ण उपाय है। डेंगू जैसी घातक बीमारी से बचाव के लिये मच्छरो के प्रजनन को रोकना आवश्यक है। डेंगू का मच्छर साफ पानी में पनपता है इसलिये पानी से भरे बर्तनो को ढककर रखना, किचन व बाथरूम को सूखा रखना और सोते समय मच्छर रोधी उपाय करना जरूरी है। बुखार होने पर नजदीकी चिकित्सा संस्थान पर जाकर डॉक्टर से परामर्श लेना अनिवार्य है। जिले में आगामी दो माह तक प्रत्येक रविवार को ड्राई डे मनाया जायेगा जिसमें इस वर्ष की थीम देखे, साफ करें और ढंके के अनुरूप गतिविधियां सम्पन्न की जायेगी। समुदाय की सहभागिता सुनिश्चित करते हुए घरो में कुलर, पानी के बर्तन, छतो पर पडे अनावश्य कबाड़, परिण्डो में से पानी खाली किया जाकर सुखाये जाने के लिये प्रेरीत किया जायेगा। जिससे मच्छरो के प्रजनन को रोका जा सके। महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता प्रशिक्षण संस्थान में डेंगू को लेकर वार्ता का आयोजन किया गया तथा डेंगू के देश व प्रदेश की स्थिती से अवगत करवाया गया साथ ही इस रोग के लिये लक्षण, बचाव व उपचार को लेकर छात्र - छात्राओं को जानकारी दी गई।

# सदर थाना पुलिस ने सिंघान में एक युवक के हत्या की आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान



**हिंडौन सिटी ( अंशु गुप्ता )।** सदर थाना पुलिस ने सिंघान में मिले एक युवक के शव के मामले का खुलासा किया है। पुलिस ने इस मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।11 मई को सिंधान-देदरोली के खेतों के पास एक कुएं में 18 वर्षीय नैना उर्फ गौरव मीना का शव मिला था।

मृतक के चाचा भूरा की शिकायत के अनुसार, 10 मई को शाम 4 बजे गांव का गौरव (आरोपी) क्रिकेट खेलने के बहाने नैना को अपने घर से ले गया था। स्कूल में पहले से मौजूद आरोपी गौरव, उसके पिता नेतराम और शेखर ने नैना के पहुंचते ही उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। अगले दिन दोपहर 12 बजे देदरोली गांव के कुएं में उसका शव मिला।पुलिस जांच में सामने आया कि मोबाइल पर हुई बातचीत को लेकर विवाद हुआ था। आरोपियों ने नैना को सबक सिखाने के लिए मारपीट की और बाद में साक्ष्य छिपाने का प्रयास किया थानाधिकारी देवेन्द्र कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर महवा बस स्टैंड से आरोपी पिता-पुत्र नेतराम और गौरव को गिरफ्तार किया। आरोपी महवा की तरफ फरार होने का प्रयास कर रहे थे। हैड कांस्टेबल ओमप्रकाश और संजय की सूचना के आधार पर आरोपियों को पकड़ा गया।

# शहीद लुहार की सराहनीय पहल प्रागपुरा में पक्षियों के लिए लगाए परिंडे, गर्मी में पशु-पक्षियों की सेवा का संकल्प

बढ़ता राजस्थान

**पावटा (सुशील कुमार बंसल)।** कस्बे के गोपालदास मंदिर स्थित बाबड़ी पर शुक्रवार को ग्रामीण शहीद लुहार ने गर्मियों के मौसम को देखते हुए एक सराहनीय पहल की। शहीद लुहार ने 11 परिंडे लगाकर पक्षियों के लिए चुग्गे की व्यवस्था की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि गर्मी के मौसम में पशु-पक्षियों को पानी और भोजन की अधिक आवश्यकता होती है, और हमें उनकी सेवा के लिए आगे आना चाहिए। शहीद लुहार की इस पहल का उद्देश्य गर्मी के मौसम में पक्षियों को पानी और भोजन उपलब्ध कराना है। ग्रामीणों ने शहीद लुहार की इस पहल की सराहना की और उनके इस कार्य को प्रेरणादायक बताया। ग्रामीणों ने कहा कि शहीद लुहार की इस पहल से न केवल पक्षियों को लाभ होगा, बल्कि यह अन्य लोगों के लिए भी एक प्रेरणा का स्रोत बनेगा। शहीद लुहार की इस पहल से प्रागपुरा के लोगों में एक नई चेतना जागृत हुई है, और अब अधिक लोग पशु-पक्षियों की सेवा के लिए आगे आ रहे हैं। ग्रामीणों ने शहीद लुहार को धन्यवाद दिया और उनके इस कार्य को आगे भी जारी रखने की अपील की। इस अवसर पर गोपालदास मंदिर के पुजारी ने भी शहीद लुहार की पहल की सराहना की और कहा कि यह कार्य पुण्य का है और हमें ऐसे कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए।

# राजसमंद महिला कांग्रेस और महिला सेवादल नए कलेवर में,जिले में पहली बैठक कर दर्जनों महिलाओं को सौंपा पदभार,

## कांग्रेस जिलाध्यक्ष हरि सिंह राठौड़, पीसीसी सदस्य नारायण सिंह भाटी सहित जिला प्रभारी रहे मौजूद, कांकरोली के चौमुखा महादेव परिसर में आयोजित हुई बैठक,

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद( सुरेश बागोरा )।** जिला कांग्रेस कमेटी ने संगठन की मजबूती को लेकर एक नया प्रयास शुरू किया है। जिसके तहत महिला कांग्रेस और महिला सेवादल द्वारा कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए चौमुखा महादेव मंदिर परिसर में एक समारोह का आयोजन किया। इस समारोह में कांग्रेस जिलाध्यक्ष हरि सिंह राठौड़, पीसीसी सदस्य नारायण सिंह भाटी, राजसमंद सेवादल अध्यक्ष पुष्कर श्रीमाली, महिला सेवादल जिला अध्यक्ष उषा विजयवर्गीय, बांसवाड़ा सेवादल जिलाध्यक्ष सेवादल धीरजमल डामोर,जिला प्रभारी विनोद दादा पाठक, भावना पालीवाल के अलावा दर्जनों महिलाएं मौजूद रही। कार्यक्रम के दौरान नव महिला सदस्यों को कार्यकारिणी का ऊपरना ओढा कर सदस्यता दी गई। कांग्रेस जिलाध्यक्ष हरि सिंह राठौड़ ने बताया कि इन प्रयासों से कांग्रेस के साथ महिलाओ की भी अधिक भागीदारी भी जुड़ पाएगी।

# राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के तहत गिव अप अभियान

## जिले में 6660 व्यक्तियों ने किया गिव अप

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली (बिल्लूराम सैनी)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के मार्गदर्शन में राज्य सरकार निरन्तर वंचित वर्गों के उत्थान के लिये कार्य कर रही है। सीएम शर्मा के स्पष्ट निर्देश है कि अंतिम पक्ति में खड़े लोगों को सरकारी योजनाओं से जोडकर् लाभान्वित किया जायें, ताकि वे समाज की मुख्यधारा से जुड़ सकें। मुख्यमंत्री व खाद्य मंत्री के निर्देशानुसार खाद्य सुरक्षा प्रदान करने के संबंध में निर्धारित मापदण्ड राजस्थान खाद्य सुरक्षा नियम 2023 अनुसूची-1 में ऐसे परिवार जिसमें कोई आयकर दाता हो, ऐसे परिवार जिसका कोई सदस्य सरकारी/अर्द्धसरकारी/स्वायत्तशासी संस्था में कर्मचारी हो, एक लाख से अधिक वार्षिक पारिवारिक आय हो एवं परिवार में किसी सदस्य के पास चार पहिया वाहन हो (ट्रैक्टर आदि जीविकोपार्जन में प्रयुक्त वाहन को छोडकर्) निष्कासन सूची में शामिल है। अभियान के तहत 01 नवम्बर 2024 से प्रारम्भ गिव अप अभियान में अब तक राजस्थान में 17.63 लाख व्यक्तियों ने स्वैच्छा से खाद्य सुरक्षा योजना का लाभ छोड़ा तथा जिले में 6660 व्यक्तियों ने गिव अप किया। जिला रसद अधिकारी शशि शेखर शर्मा ने बताया कि गिव अप अभियान में कोटपूतली-बहरोड़ में 260 अपात्र लोगों को नोटिस जारी किये गये, जिनसे वसूली की कार्यवाही की जायेगी। अभियान में जिला रसद अधिकारी, कोटपूतली-बहरोड़ एवं प्रवर्तन निरीक्षक विश्राम गुर्जर, सन्तोष मीना द्वारा पावटा, कोटपूतली, बहरोड़, विराटनगर, बानसूर, नारायणपुर तहसीलों में 66 निरीक्षण किये गये तथा 60 अपात्र एनएफएसए परिवारों को नोटिस जारी किये गये। निरीक्षण के दौरान राशन डीलर्स एवं लाभार्थियों को स्वैच्छा से पात्रता के आधार पर नाम हटवाने के लिये निरन्तर मोटिवेशन दिया जा रहा है। खाद्य विभाग शीघ्र ही परिवहन विभाग से चार पहिया वाहन स्वामी का डाटा संकलित कर खाद्य सुरक्षा में चयनित अपात्र लोगों को नोटिस जारी करेगें और वसूली की कार्यवाही की जावेगी।

# बाबू अंसारी को मिली बड़ी जिम्मेदारी, बने राजस्थान मीडिया प्रभारी

## डॉ. नीरज सिंह ने सौंपी नियुक्ति, अंसारी ने संगठन को नई ऊंचाइयों पर ले जाने का भरोसा दिलाया

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर, (फरीद मोहम्मद)।** अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार और सामाजिक न्याय संगठन ने राजस्थान में एक नई नियुक्ति की घोषणा की है। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. नीरज सिंह (अलवर) ने बाबू अंसारी को राजस्थान राज्य का मीडिया प्रभारी नियुक्त किया है। इस अवसर पर डॉ. नीरज सिंह ने कहा कि बाबू अंसारी का सामाजिक सरोकारों में गहरा अनुभव और पत्रकारिता के क्षेत्र में सक्रियता संगठन को और मजबूत बनाएगी। उन्होंने आशा जताई कि अंसारी की नियुक्ति से संगठन की गतिविधियों को जन-जन तक पहुंचाने में मदद मिलेगी। नव नियुक्त मीडिया प्रभारी बाबू अंसारी ने संगठन के शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा, यह मेरे लिए गर्व की बात है कि मुझे यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। मैं पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ संगठन के कार्यों को आमजन तक पहुंचाने का प्रयास करूंगा और इसे नई ऊंचाइयों तक ले जाने का हरसंभव प्रयास करूंगा।

# संविदा कनिष्ठ तकनीकी सहायक सीधी भर्ती परीक्षा-2024 के लिए नियंत्रण कक्ष की स्थापना

## - राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड द्वारा 18 मई को किया जाएगा परीक्षा का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर, (का.स.)।** राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड द्वारा दिनांक 18 मई, 2025 (रविवार) को संविदा कनिष्ठ तकनीकी सहायक सीधी भर्ती परीक्षा-2024 का आयोजन किया जाएगा। परीक्षा का आयोजन प्रात: 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक किया जाएगा। जयपुर में परीक्षा के लिए 35 केन्द्र बनाए गए हैं जिनमें 9 हजार 69 अभ्यर्थी परीक्षा में सम्मिलित होंगे। अतिरिक्त जिला कलक्टर (जयपुर शहर-पूर्व) श्री गोपाल सिंह शेखावत ने बताया कि परीक्षा के सुचारू एवं सफल संचालन के लिये कलेक्ट्रेट के कमरा नम्बर 116 में एक नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गई है जिसका संचालन 16 मई, 2025 से 18 मई 2025 तक किया जाएगा। नियंत्रण कक्ष 16 मई एवं 17 मई 2025 तक प्रात: 10 बजे से सांय 6 बजे तक कार्य करेगा। वहीं, 18 मई को प्रात: 8 बजे से परीक्षा समाप्ति उपरान्त नियंत्रण कक्ष से संबंधित समस्त कार्य पूर्ण होने तक कार्य करेगा। परीक्षा के सफल आयोजन के लिए 13 उप समन्वयक एवं 7 उड़नदस्तों की नियुक्ति की गई है।

उन्होंने बताया कि जयपुर स्थित परीक्षा केन्द्रों के लिए नियंत्रण कक्ष का दूरभाष नम्बर 0141-2206699 रहेगा। उक्त नियंत्रण कक्ष पर जयपुर में स्थापित किये गए परीक्षा केन्द्रों से संबंधित जानकारियां प्रदान की जाएंगी एवं जयपुर स्थित परीक्षा केंद्रों से संबंधित शिकायतों का निस्तारण किया जाएगा। परीक्षा के आयोजन के लिए पुलिस, नगर निगम, यातायात पुलिस, शिक्षा विभाग, चिकित्सा विभाग, नागरिक सुरक्षा विभाग, विद्युत विभाग, रोडवेज, जेसीटीसीएल सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपी गई है।

# 1 जून से जयपुर-वाराणसी के लिए शुरू होगी सीधी फ्लाइट

जयपुर।

राजस्थान से वाराणसी के काशी विश्वनाथ मंदिर जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए अच्छी खबर है। एयर इंडिया एक्सप्रेस ने वाराणसी के लिए सीधी फ्लाइट शुरू करने का फैसला किया है। यह फ्लाइट 1 जून से शुरू होगी। जो हर दिन वाराणसी के लिए उड़ान भरेगी। इसके साथ ही यात्रियों को नेपाल के काठमांडू के लिए भी वाराणसी से सीधी फ्लाइट मिल सकेगी। दरअसल, जयपुर इंटरनेशनल एयरपोर्ट से 1 जून से वाराणसी के लिए भी एयर इंडिया एक्सप्रेस की फ्लाइट संचालित होगी। यह फ्लाइट वाराणसी से आगे नेपाल की राजधानी काठमांडू भी जाएगी। एयर इंडिया एक्सप्रेस की फ्लाइट डीसी - 1596 1 जून से वाराणसी से शाम 5 बजकर 30 मिनट पर जयपुर के लिए उड़ान भरेगी।

इसी तरह फ्लाइट डीसी - 1560 जयपुर से शाम 6 बजे वाराणसी जाएग। यह फ्लाइट सप्ताह के सातों दिन जयपुर वाराणसी के लिए संचालित होगी। वहीं, यह फ्लाइट, वाराणसी से आगे काठमांडू भी जाएगी। ऐसी में जयपुर से नेपाल जाने वाले पैसेंजर्स को भी इस फ्लाइट के शुरू होने से आसानी होगी। बता दें कि इससे पहले 27 अप्रैल को एयर इंडिया एक्सप्रेस ने जयपुर से गाजियाबाद के हिंडन एयरपोर्ट के लिए सीधी फ्लाइट शुरू की थी। यह फ्लाइट सप्ताह में चार दिन सोमवार, मंगलवार, बुधवार और गुरुवार को जयपुर से हिंडन और हिंडन से जयपुर के लिए संचालित की जा रही है।

# पेयजल के लिए कोई ना भटके, समस्याओं का त्वरित करें निस्तारण : शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री

## कोटा जिले की ग्राम पंचायत पीपल्दा में 'सरकार आपके द्वार' के तहत मंत्री ने की जनसुनवाई

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर, (का.स.)।** शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर ने 'सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम अंतर्गत शुक्रवार को कोटा जिले के खैराबाद पंचायत समिति की ग्राम पंचायत पीपल्दा में जनसुनवाई की। शिक्षा मंत्री ने जन समस्याओं की प्रभावी तरीके से सुनवाई कर संबंधित अधिकारियों से वस्तु स्थिति की जानकारी लेते हुए समस्याओं के तुरंत निराकरण के निर्देश दिए। जनसुनवाई में मुख्य रूप से पेयजल, विद्युत, सफाई, अतिक्रमण, रास्ते की समस्या, सामाजिक सुरक्षा आदि से संबंधित समस्याएं आई, जिन्हें लेकर मंत्री श्री दिलावर ने अधिकारियों को निर्देश दिए। परिवादों की सुनवाई करते हुए मंत्री ने ग्रामीणों के समस्याओं की अधिकारियों से वस्तु स्थिति जानी और लापरवाही या अनियमितता के मामलों पर सख्ती से पेश आए।

### पेयजल के लिए कोई ना भटके-

ग्राम पंचायत पीपल्दा एवं आसपास के विभिन्न गांवों से आए ग्रामीणों ने पेयजल संबंधी समस्या पर ध्यान आकृष्ट कराया। मंत्री ने समस्या निराकरण के लिए विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि अविलंब समाधान कर ग्रामीणों को राहत दी जाए। पाइप लाइन इत्यादि की समस्या होने पर फिलहाल पर्याप्त टैंकरों की व्यवस्था की जाए ताकि भीषण गर्मी में लोग पानी के लिए नहीं भटकें। अमझार में नवनिर्मित टंकी से जलापूर्ति, खीमच में 20 टैंकरों से जलापूर्ति सहित अस्कली, बटवाडा इत्यादि स्थानों पर पेयजल समस्या के त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए।

जनसुनवाई के दौरान विभिन्न स्थानों से मिली सफाई संबंधी शिकायतों को मंत्री ने अत्यंत गंभीरता से लिया और निर्देश दिए कि गांव में नियमित सफाई होनी चाहिए और पूर्णत: सफाई दिखनी भी चाहिए। यदि कहीं भी लापरवाही मिली तो गंभीरता से लिया जाएगा। इसी क्रम में शिक्षा मंत्री ने बड़ोदिया कलां ग्राम पंचायत के सरपंच और विकास अधिकारी के विरुद्ध कार्यवाही तथा सफाई ठेका फर्म को ब्लैक लिस्ट करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि उक्त स्थानों पर ग्राम पंचायत के माध्यम से सफाई व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

कोटा स्टोन व्यापारी संगठन की ओर से जुल्मी तथा पिपलिया टोल पर मालवाहक वाहनों से दुगनी राशि वसूली की शिकायत की गई जिस पर मंत्री ने मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया। खनन संबंधी एक प्रकरण में संबंधित विभागीय अधिकारी को निर्देश दिए कि ठेकेदार एवं उसके सहयोगी व्यक्तियों के पहचान पत्र जारी किए जाएं ताकि कोई अन्य व्यक्ति मनमानी कार्रवाई नहीं कर सके। अतिक्रमण, रास्ता खुलवाने एवं राजस्व संबंधी अन्य मामले भी जनसुनवाई में आए जिन पर संबंधित को निर्देशित किया गया।

### मोडक में बर्तन बैंक, विकास कार्यों का लोकार्पण-

शिक्षा एवं पंचायतीराज मंत्री मदन दिलावर ने शुक्रवार को ग्राम पंचायत मोडक में लगभग 1 करोड़ रुपए की लागत से हुए विकास कार्यों का लोकार्पण किया। इस अवसर पर मंत्री ने कहा कि ग्राम विकास के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। ग्राम पंचायतों के विकास में कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। जहां-जहां समस्याएं होंगी, तुरंत समाधान करवाया जाएगा।

शिक्षा मंत्री की अपील पर भामाशाहों ने 1 हजार बर्तन सेट ग्राम पंचायत को सौंपे। समारोह में मंत्री ने आमजन को प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने और प्लास्टिक से गौ वंश, आमजन को नुकसान के प्रति आगाह किया। साथ ही मांगलिक कार्यक्रमों में बर्तन बैंक से ही स्टील बर्तन लेने की अपील की गई।



### यह हुए लोकार्पण-

शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री ने राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मोड़क गांव में स्व.पवन जैन की स्मृति में नवीन कक्षा कक्ष का निर्माण कार्य का लोकार्पण किया। मोड़क ग्राम पंचायत में ही 12 नवीन ट्यूबवेल मय मोटर का लोकार्पण, 36 हैडपंप में मोटर स्थापना का लोकार्पण किया। मोड़क ग्राम पंचायत के विभिन्न क्षेत्रों में 30 लाख की आरसीसी निर्माण कार्य, 10 लाख रुपए लागत से नाला निर्माण लोकार्पण, 10 लाख रुपए लागत से नई सब्जी मंडी का लोकार्पण, माता जी की पुलिया का लोकार्पण तथा बर्तन बैंक का लोकार्पण किया।

# जश्न-ए-ईद मिलादुन्नबी समारोह में होंगे इस्लामी विद्वानों के व्याख्यान

## 1500वां जश्ने विलादत-ए-मुस्तफा सल्ललाहुअलैहि वसल्लम के कार्यक्रमों का परचम कुशाई से होगा आगाज

बढ़ता राजस्थान







**जयपुर, (फरीद मोहम्मद)।** सुन्नी दावते इस्लामी के तत्वावधान में पहाड़गंज स्थित हिरा इंगलिश सीनियर सैकेंडरी स्कूल में 19 मई को सुबह 10 बजे हुजूर नबी ए करीम सल्ललाहु अलैहि वसल्लम के 1500वें जश्न-ए-ईद मिलादुन्नबी के मौके पर परचम कुशाई का समारोह आयोजित किया जा रहा है। जिसमें मुख्य अतिथि इस्लामिक इंटरनेशनल मोटिवेशनल स्पीकर अमीर सुन्नी दावते इस्लामी हजरत मौलाना मोहम्मद शाकिर अली नूरी साहब (मुंबई) होंगे। वे हुजूर सल्ललाहु अलैहि वसल्लम का अखलाकी इंकलाब विषय पर कुरान व हदीस की रोशनी में प्रकाश डालेंगे। कार्यक्रम संयोजक आले रसूल अल्हाज मौलाना सैय्यद मुहम्मद कादरी साहब के अनुसार ईद मिलादुन्नबी का इस्तकबाल पूरे जोशों खरोश के साथ किया जाता है। पूरे शहर में झंडे लगाए जाते है। जगह-जगह आखरी पैगम्बर की सीरत-ए-पाक और उनके दुनिया में आने का मकसद क्या था इस पर तकारीर के आयोजन किए जाते है। इसी के साथ हॉस्पिटल व जेल खानों मे फल बांटे जाते है और गरीबों व जरुरतमंदों की मदद की जाती है। पंद्रह सौ साला जश्ने विलादत-ए-मुस्तफा सल्ललाहु अलैहि वसल्लम के मौके पर सुन्नी दावते इस्लामी जयपुर, नूरी सुन्नी सेंटर विकास समिति और वाहिद मेमोरियल सोसायटी की ओर से पहाड़गंज स्थित हिरा इंग्लिश सीनियर सैकेंडर स्कूल के बाहर आले रसूल अल्हाज मौलाना सैय्यद मुहम्मद कादरी साहब की निगरानी में मुफ्ती-ए-शहर जयपुर हजरत मुफ्ती अब्दुस्सत्तार साहब की सरपरस्ती में मुख्य अतिथि के तौर पर अमीर सुन्नी दावते इस्लामी हजरत मौलाना मोहम्मद शाकिर अली नूरी के हाथों परचम लहराया जाएगा।

इससे पूर्व इनका एक बेहतरीन उन्वान पर खिताब होगा। हुजूर सल्ललाहु अलैहि वसल्लम का अखलाकी इंकलाब प्रोग्राम के बाद परचम कुशाई होगी। सलातो सलाम व दुआ के साथ कार्यक्रम का समापन होगा।

# गर्मी में पशुओं को हीट स्ट्रोक या सन स्ट्रोक से बचाव हेतु रखे विशेष ध्यान

## पशुपालन विभाग उपनिदेशक ने पशुपालकों को किया जागरूक

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली (बिल्लूराम सैनी)।** गर्मी में पशुओं को हीट स्ट्रोक या सन स्ट्रोक से बचाव हेतु रखे विशेष ध्यान रखने की अपील की जा रही है। पशुपालन विभाग उपनिदेशक डॉ. हरीश क़ुमार ने बताया कि पशुओं में ग्रीष्म ऋतु में बढ़ा हुआ तापमान अत्यधिक परेशानी पैदा करता है, क्योंकि अधिक गर्मी से पशु तापघात का शिकार हो जाता है। उन्होंने बताया कि गर्मी के मौसम में वातावरण का तापमान अधिक हो जाता है तो ऐसी स्थिति में पशु को अधिक देर तक धूप में रखने या सीधे गर्म हवा के संपर्क में आने से पशु को लू लग जाती है एवं यदि पशु अधिक देर तक लू के संपर्क में रहता है तो उसे हीट स्ट्रोक या सन स्ट्रोक हो जाता है जिससे पशु की उत्पादन क्षमता घट जाती हैं या कभी कभी पशु की मौत भी हो जाती है।

**तापघात के लक्षण** - तीव्र ज्वर की स्थिति, पशु का हांफना यानी मुँह खोलकर श्वास लेना, मुँह से लार गिरना, पशु का बेचैन होना एवं भूख की कमी होना, पानी अधिक पीना एवं पेशाब कम होना या बंद होना, पशु की धडकन् कम होना एवं कभी कभी आफरा की शिकायत होना आदि लक्षण है।

**तापघात से बचने के उपाय** - पशुओं को सूर्य की सीधी किरणों से दूर रखे, पशुओं को हवादार छप्पर या छायादार पेड़ों के नीचे रखे, पशुशाला को ठण्डा रखने के लिये दीवारों पर जूट की टाट लगाकर बार बार ठण्डे पानी से भिगोये ताकि बाहरी की हवा से ठंडक बनी रहे, पंखे एवं कूलर का प्रयोग करे, दिन में लगभग चार बार साफ एवं शीतल जल पिलायें, पशुओं को संतुलित आहार एवं उचित मात्रा में खनिज आहार देवे एवं सुपाच्य एवं उच्च गुणवत्ता का चारा खिलवायें, पशुओं को सुबह जल्दी व शाम को देर से खाना खिलायें, हरे चारे के लिये अजोला घास या अन्य हरा चारा का प्रायोग करे एवं साथ ही आहार में गेहूँ का चोकर या जौ की मात्रा देवे, पशुओं का परिवहन एवं अन्य संचालित गतिविधियां सुबह या शाम को करें, यदि किसी पशु की अधिक तबीयत खराब हो तो अपने निकटतम पशु चिकित्सा संस्था या 1962 कॉल सैंटर पर सूचित करें।

# उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा सीकर जिले के गाड़ोदा आए

## गुलाब जती महाराज की बरसोदी महोत्सव कार्यक्रम में हुए शामिल, संतों का लिया आशीर्वाद

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर, (का.स.)।** उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा शुक्रवार को सीकर जिले के नेछवा उपखण्ड में स्थित शिवमठ धाम गाड़ोदा में आए। उप मुख्यमंत्री बैरवा गाड़ोदा धाम महंत पूज्य महावीरजी के संत सानिध्य में आयोजित परम पूज्य गुरुदेव 1008 श्री गुलाब जती महाराज की 7 वीं बरसोदी महोत्सव कार्यक्रम में उपस्थित हो कर ब्रह्मलीन पूज्य गुलाब जती महाराज को नमन किया। इस दौरान उन्होंने सांगलिया पीठाधीश्वर पूज्य ओमदासजी महाराज, बुद्धगीरी मढी संत दिनेश गिरी महाराज, लोहार्गल पीठाधीश्वर अवधेशाचार्य महाराज का आशीर्वाद ग्रहण किया।

उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा ने इस अवसर पर कहा कि साधु-संतों की आध्यात्मिक वाणी और आध्यात्मिक प्रवचन एवं गौ-सेवा के साथ हम सब मिलकर एक हिंदू राष्ट्र के निर्माण में अहम भूमिका निभायेंगे। इस दौरान बैरवा ने गाड़ोदा गांव के विकास कार्य को लेकर ओर नेछवा में पीजी कॉलेज खोलेने की मांग पर कहा कि आगामी बजट में राज्य सरकार से दोनों मांगों को पूरा करवाने का प्रयास किया जाएगा।

उप मुख्यमंत्री डॉ. बैरवा ने कहा कि सामाजिक सुन्दरता और अध्यात्मिक ज्ञान यहां मठ में आकर ही मिलता हैं। उन्होंने कहा कि व्यक्ति का जीवन अच्छा हो इसलिए वह गुरूओं के आध्यात्मिक प्रवचन सुनने के लिए शिवमठ में आते है और इस मठ से अध्यात्मिक विचार लेकर जाते है। उन्होंने कहा कि राष्ट्र निर्माण में संतो का योगदान अनुकरणीय है। संत समाज को एक नई दिशा की और ले जाते है जिससे समाज और राष्ट्र का विकास होता है।

# जनसंपर्क अधिकारी परीक्षा- 2024 के लिए जयपुर शहर के एक परीक्षा केंद्र में संशोधन

## राजस्थान लोक सेवा आयोग ने किया परीक्षा केंद्र में बदलाव

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर, (का.स.)।** राजस्थान लोक सेवा आयोग ने 17 मई, 2025 शनिवार को आयोजित होने वाली जनसंपर्क अधिकारी परीक्षा- 2025 (सूचना एवं जनसंपर्क विभाग) के लिए जयपुर शहर के एक परीक्षा केंद्र में संशोधन किया है। अतिरिक्त जिला कलक्टर श्री गोपाल सिंह शेखावत ने बताया कि राजस्थान लोक सेवा आयोग ने जयपुर शहर के केंद्र संख्या (16-0022) में बदलाव करते हुए रोल नंबर 5575217 से 5575600 तक अभ्यर्थियों का परीक्षा केंद्र महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय, मालवीय नगर, जयपुर के स्थान पर केंद्र संख्या (16-0072) टैगोर विद्या भवन सीनियर सेकेंडरी स्कूल, मेजर शैतान सिंह कॉलोनी, शास्त्री नगर जयपुर को परीक्षा केंद्र बनाया है। आयोग द्वारा परीक्षा केंद्र परिवर्तन की सूचना संबंधित अभ्यर्थियों के रजिस्टर्ड मोबाइल पर मैसेज के माध्यम से प्रेषित कर दी गई है। उक्त परीक्षा केंद्र के संबंधित परीक्षार्थियों को नवीन प्रवेश-पत्र डाउनलोड कर परीक्षा दिनांक 17 मई 2025 को निर्धारित समय पर परीक्षा केंद्र पर उपस्थित होना होगा।

# पेंशन एवं पेंशनर्स कल्याण विभाग, जयपुर के निदेशक ने किया जिला कोषालय का निरीक्षण

बढ़ता राजस्थान



**कोटपूतली (बिल्लूराम सैनी)।** पेंशन एवं पेंशनर्स कल्याण विभाग, जयपुर के निदेशक (पेंशन) डॉ. देवराज के द्वारा जिला कोषालय कोटपूतली-बहरोड़ का निरीक्षण किया गया।निरीक्षण के दौरान निदेशक ने कोषालय के कार्य की विस्तार से जानकारी प्राप्त कर आवश्यक निर्देश प्रदान किए एवं कार्य व्यवस्था की सराहना करते हुए संतोष जाहिर किया। इस दौरान कोषाधिकारी अशोक वर्मा, उप कोषाधिकारी रामेश्वर प्रसाद शर्मा सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

### पेंशनर समाज ने किया अभिवादन

पेंशनर समाज से पेंशनर समाज के अध्यक्ष सुभाष चन्द शर्मा, उपाध्यक्ष सुभाष चन्द शर्मा, व पेंशनर्सगण उपस्थित रहे। इस दौरान पेंशनर्स समाज के अध्यक्ष सुभाष चन्द शर्मा, उपाध्यक्ष सुभाष चन्द शर्मा, गिरधारी लाल आर्य, से.नि.मुख्य लेखाधिकारी, कोषाध्यक्ष किशन लाल शर्मा एवं कोषाधिकारी कोटपूतली-बहरोड ने माला पहना कर डॉ. देवराज का अभिवादन किया और कोटपूतली में पेंशन ट्रेजरी खुलवाने हेतु ज्ञापन दिया।

# एम.सेण्ड इकाइयों के 109 प्लॉटों का डेलिनियेशन कर ऑक्शन होगा -प्रमुख शासन सचिव, माइन्स

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर, (का.स.)।** राज्य में एम.सेण्ड इकाइयों की स्थापना के लिए प्लॉटों के डेलिनियेशन कर ऑक्शन की कार्ययोजना को अंतिम रुप दिया गया है। खान विभाग के प्रमुख शासन सचिव श्री टी. रविकान्त ने बताया है कि राज्य में एम. सेण्ड इकाइयों के लिए 109 प्लॉट के डेलिनियेशन और ऑक्शन की कार्ययोजना बनाई गई है जिसमें से करीब 158 हैक्टेयर के 77 प्लॉट और अवरबर्डन डंपिंग के 131 हैक्टेयर के 32 प्लॉट तैयार कर ई नीलाम किये जायेंगे। बजरी के विकल्प के रुप में एम-सेण्ड की उपलब्धता बढ़ाने के लिए 26 प्लॉटों की सफल नीलामी की जा चुकी है। श्री टी. रविकान्त ने शुक्रवार को खनिज भवन में विभागीय अधिकारियों की बैठक में कहा कि वैध खनन को बढ़ावा देकर ही अवैध खनन पर प्रभावी रोक संभव है, इसलिए डेलिनियेशन के काम को गति देते हुए प्रधान और अप्रधान खनिजों के प्लॉट व ब्लॉक तैयार कर नीलामी में तेजी लानी होगी। राजस्व लक्ष्यों की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि लक्ष्य बड़ा है और उसे हासिल करने के लिए हमें आय के नए स्रोत चिन्हित करने के साथ ही राजस्व छीजत को सख्ती से रोकना होगा। उन्होंने नई बकाया के साथ ही पुराने ओवरड्यूज की वसूली के लिए कारगर प्रयास करने की हिदायत दी। निदेशक, खान श्री दीपक तंवर ने कहा कि चालू वित्तीय वर्ष की शुरुआत में ही 22 मेजर मिनरल ब्लाकों की ऑक्शन प्रक्रिया आरंभ हो गई है।

## सम्पादकीय

# सीमा पर संघर्ष की कीमत और राजकोषीय मोर्चा

दो पड़ोसी देशों के बीच सैन्य संघर्ष हमेशा उनकी सरकारों की वित्तीय स्थिति पर नकारात्मक असर डालता है। भारत की बात करें तो हमने ऐसा प्रभाव करीब ढाई दशक पहले महसूस किया था। करीब ढाई महीने तक चली करगिल की जंग ने तत्कालीन वित्त मंत्री यशवंत सिन्हा के 1999-2000 के राजकोषीय आकलन को बुरी तरह प्रभावित किया था। सिन्हा ने प्रस्ताव रखा था कि राजकोषीय घाटे को 1999-2000 में कम करके सकल घरेलू उत्पाद यानी जीडीपी के 4 फीसदी के स्तर पर लाया जाएगा। यह इससे पिछले साल से काफी कम था। परंतु काफी हद तक इस युद्ध के कारण 1999-2000 में हम राजकोषीय घाटे का लक्ष्य हासिल कर पाने में विफल रहे। उस वर्ष वास्तविक राजकोषीय घाटा 5.2 फीसदी रहा। व्यय अनुमान से 7 फीसदी अधिक रहा और कर संग्रह लक्ष्य से 4 फीसदी कम हुआ। गत सप्ताह भारत और पाकिस्तान की सीमा पर जो कुछ हुआ और जिस तरह दोनों देशों के बीच तनाव बढ़ा उसकी तुलना पूरी तरह कारगिल युद्ध से नहीं की जा सकती है। 1999-2000 में केंद्र सरकार का राजकोषीय गणित केवल कारगिल युद्ध की वजह से नहीं बिगड़ा था। उस समय अप्रैल के अंत से अक्टूबर के मध्य तक पांच महीने से अधिक समय तक एक कार्यवाहक सरकार थी। यानी राजनीतिक अनिश्चितता के हालात थे और एक कार्यवाहक सरकार युद्ध लड़ रही थी। उसके बाद सितंबर-अक्टूबर 1999 में एक माह तक चले आम चुनाव के परिणामस्वरूप एक नई सरकार का गठन हुआ। मई 2025 का सैन्य संघर्ष ऐसे समय में हुआ जब कोई राजनीतिक अनिश्चितता नहीं है न ही कोई चुनाव करीब है। देश में एक मजबूत और स्थिर सरकार है। आम चुनाव को तो छोड़ ही दें, नजदीकी विधान सभा चुनाव भी पांच-छह महीने दूर हैं। इसके बावजूद यह मानना उचित होगा कि गत सप्ताह पाकिस्तान के साथ हुआ टकराव केंद्र सरकार की वित्तीय स्थिति पर असर डालेगा। यह आकलन करना उपयोगी होगा कि क्या वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के पास पहले से मौजूद विकल्पों में क्या कोई बदलाव आया है?

सीतारमण के 2025-26 के बजट में कहा गया था कि राजकोषीय घाटा जीडीपी के 4.4 फीसदी तक रहेगा। यह इस अनुमान पर आधारित है कि विशुद्ध कर राजस्व वृद्धि करीब 11 फीसदी रहेगी और व्यय वृद्धि 7 फीसदी तक सीमित रहेगी। राजस्व वृद्धि के कुल अनुमानों की बात करें तो चालू वर्ष के लिए वे उचित ही रुढ़िवादी अनुमान हैं और व्यापक तौर पर गत वर्ष हासिल वृद्धि के अनुरूप ही हैं। हां, अगर आशंका के मुताबिक 2025-26 में आर्थिक गतिविधियों की गति धीमी पड़ती है तो राजस्व प्राप्तियों पर भी असर होगा। परंतु यह कमी अपेक्षाकृत कम होगी और रिजर्व बैंक से प्राप्त अधिशेष की बदौलत इसकी भरपाई हो जाएगी। केंद्रीय बैंक के अब तक के कामकाज को देखते हुए ये प्राप्तियां सुनिश्चित नजर आ रही हैं। सरकार के वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह के जरिये कहीं अधिक बड़ा राजस्व का सहारा मिलने की उम्मीद है। चूंकि कोविड महामारी के कारण लगने वाले जीएसटी क्षतिपूर्ति उपकर संग्रह इतने अधिक नहीं थे कि 2020-21 और 2021-22 में राज्यों की भरपाई की जा सके इसलिए केंद्र सरकार ने दो किस्तों में लगभग 2.7 लाख करोड़ रुपये उधार लेने के लिए आरबीआई के साथ एक विशेष व्यवस्था को औपचारिक रूप दिया था। इस पैसे का इस्तेमाल जून 2022 तक राज्यों की क्षतिपूर्ति संबंधी कमी को पूरा करने में किया गया। उसके बाद क्षतिपूर्ति करने की सुविधा समाप्त कर दी गई। हालांकि, क्षतिपूर्ति उपकर लगाने की व्यवस्था को मार्च 2026 तक बढ़ा दिया गया और इस बात पर सहमति बनी कि जुलाई 2022 के बाद संग्रहीत राशि का इस्तेमाल केंद्र सरकार द्वारा रिजर्व बैंक से लिए गए कर्ज को चुकाने में किया जाएगा। जीएसटी क्षतिपूर्ति उपकर के जरिये जुलाई 2022 से मार्च 2025 तक लगभग 3.82 लाख करोड़ रुपये की राशि जुटाई गई।

## आज का इतिहास – बढ़ता राजस्थान

### 17 मई की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

- ब्रिटेन ने 1756 में फ्रांस के विरुद्ध युद्ध की घोषणा की।
- ईस्ट इंडिया कंपनी ने बंगाल के कपड़ा उद्योग को बर्बाद करने के लिए 1769 में बुनकरों पर कई तरह के प्रतिबंध लगाए।
- विश्व संचार दिवस मनाने की शुरुआत 1865 में हुई।
- थोर हेयरडाल ने 1970 को इसी दिन मोरक्को से यात्रा की शुरुआत की और अटलांटिक महासागर को 57 दिनों में पार कर लिया।
- जापानी महिला श्रीमती जुनको तैबेई 1975 में माउंट एवरेस्ट पर चढ़ने वाली प्रथम महिला बनी।
- सुनील गावस्कर ने 1987 में टेस्ट क्रिकेट से सन्यास लिया।
- रूसी संसद के ऊपरी सदन फ़ेडरलिस्ट्स ने 2000 में परमाणु परीक्षण प्रतिबंध संधि की मंजूरी प्रदान की।
- पाकिस्तान में मृत अमेरिकी पत्रकार डेनियल पर्ल का शव 2002 में क़ब्रिस्तान से बरामद।
- भारत-पाकिस्तान समग्र वार्ता का चौथा दौर 2007 में रावलपिंडी में शुरू हुआ।
- बिहार के परिवहन मंत्री रामानन्द प्रताप सिंह ने 2008 में नीतीश मंत्रीमण्डल से इस्तीफ़ा दिया।
- तालिबानी आतंकवादियों ने पाकिस्तान के राजदूत तारिक अजीजुद्दीन को 2008 में रिहा किया।
- भारतीय बॉक्सरों ने 2010 में कॉमनवेल्थ बॉक्सिंग चैंपियनशिप के सभी छह स्वर्ण पदक जीत लिए।
- देश के सबसे पुराने पारंपरिक खेल कबड्डी को बढावा देते हुए पंजाब सरकार ने 2010 में कबड्डी विश्वकप का आयोजन करने की घोषणा की।

### 17 मई को जन्मे व्यक्ति

- देश के मशहूर गजल गायक पंकज उदास का जन्म 1951 में हुआ।
- हिंदी सिनेमा की चरित्र अभिनेत्री प्रीति गांगुली का जन्म 1953 में हुआ।
- हिन्दी और ब्रजभाषा के प्रसिद्ध कवि और लेखक का जन्म 1897 में हुआ।
- प्रसिद्ध कार्यचिकित्सक तथा 'चेचक' के टीके के आविष्कारक एडवर्ड जेनर का जन्म 1749 में हुआ।

### 17 मई को हुए निधन

- भारत के प्रसिद्ध होटल उद्योगपति तथा 'होटल लीला समूह' के संस्थापक सी.पी.कृष्णन नायर का निधन 2014 में हुआ।

## विशेष आलेख

# लाइक्स की दौड़ में खोती पहचान नारीसशक्तिकरण का असली मतलब

**सोशल मीडिया पर नारी देह का बढ़ता प्रदर्शन क्या वाकई सशक्तिकरण है या महज़ लाइक्स और फॉलोअर्स की होड़? क्या हम सच्ची आज़ादी की ओर बढ़ रहे हैं या एक डिजिटल पिंजरे में कैद हो रहे हैं? क्या आत्मसम्मान की जगह केवल देह की नुमाइश रह गई है? क्या महिलाओं की पहचान अब सिर्फ उनके शरीर के आकार तक सिमट गई है? यह सवाल आज की डिजिटल पीढ़ी के सामने एक बड़ी चुनौती है, जो सशक्तिकरण और आत्मसम्मान के असली मायने खोजने की मांग करता है। तो सवाल यह है कि क्या हमें इस डिजिटल कोलाहल से बाहर निकलकर असली स्वतंत्रता का अर्थ समझना होगा? या फिर हम बस लाइक्स और फॉलोअर्स के खेल में उलझकर अपने असली अस्तित्व को खो देंगे?**



– प्रियंका सौरभ

क्या हो गया है आजकल औरतों को? सोशल मीडिया पर उठते कोलाहल में हर ओर एक ही स्वर गूंज रहा है – देह प्रदर्शन का। कहीं चटकते-फड़कते रील्स में, कहीं भड़कते-उलझते डांस मूव्स में, और कहीं ज़ूम इन होती नज़रों के बीच, बस एक ही प्रदर्शन – अपनी चपल देह की अदा का। मानो देह ही पहचान बन गई हो। सच पूछो तो इस दौर में देह का कारोबार जितना खुलकर हो रहा है, उतना पहले कभी न हुआ था। सोशल मीडिया ने देह को एक 'प्रॉडक्ट' बना दिया है, जिसे जितना ज्यादा दिखाओ, उतना ज्यादा लाइक्स, फॉलोअर्स और व्यूज़ बटोर लो। मानो आत्मसम्मान का कद अब कमेंट्स की लंबाई और लाइक्स की संख्या से मापा जाने लगा हो। वो जो कभी सभ्यता की पहचान थी, अब डिजिटल हाट बाजार में बिक रही है। जिस समाज में नारी का सम्मान उसकी आंखों की लज्जा, चेहरे की सौम्यता और आचरण की मर्यादा से आंका जाता था, वहां आज उसका अस्तित्व उसके चोली के घेरे और पिंडलियों की नुमाइश में सिमट कर रह गया है। यह डिजिटल क्रांति का अजीब दौर है, जहां औरतें बोल्ड होने का झूठा अर्थ 'बदन दिखाने' से जोड़ बैठी हैं। यह कैसी आज़ादी है, जहां अपनी पहचान की कीमत देह के टुकड़ों में चुकानी पड़े? औरतें खुद को जिस फेमिनिज्म की आड़ में उभार रही हैं, क्या वो असल में नारी शक्ति का उत्थान है, या महज़ लाइक्स और फॉलोअर्स की दौड़? सोचिए, इस देह प्रदर्शन की होड़ में कितनी महिलाएं खुद को खो रही हैं? क्या यह वाकई सशक्तिकरण है या एक नया बंधन, जहां औरतें एक डिजिटल पिंजरे में फंसती जा रही हैं, अपनी असली पहचान को खोकर बस एक देह भर बनती जा रही हैं? नारी स्वतंत्रता का अर्थ तो आत्मसम्मान, शिक्षा, और निर्णय लेने की स्वतंत्रता था, न कि केवल बदन दिखाने का अधिकार। ये तो वही हुआ जैसे किसी को सोने की चिड़िया बना दो और फिर पिंजरे में कैद कर दो। सवाल यह है कि क्या हमें इस डिजिटल कोलाहल से बाहर निकलकर असली स्वतंत्रता का अर्थ समझना होगा? या फिर हम बस लाइक्स और फॉलोअर्स के खेल में उलझकर अपने असली अस्तित्व को खो देंगे? आज सोशल मीडिया एक ऐसा मंच बन चुका है, जहां कुछ महिलाएं खुद को साबित करने के लिए हर हद पार कर रही हैं। कपड़ों का छोटा होना और बोल्ड पोज़ देना ही अगर बोल्डनेस है, तो फिर आत्मविश्वास, शिक्षा, और स्वाभिमान का क्या? क्या यही है सशक्तिकरण का असली मतलब? क्या हमारा समाज वाकई इतना सतही हो गया है कि हम केवल बदन के आधार पर किसी की कीमत आंकने लगे हैं? सोचिए, आज जो महिलाएं देह प्रदर्शन को सशक्तिकरण मान रही हैं, क्या वो सच में खुद को सशक्त महसूस करती हैं? क्या उन्हें पता है कि वो केवल एक डिजिटल उत्पाद बनकर रह गई हैं, जिनका मूल्य केवल उनके शरीर के आकार और नृत्य कौशल से मापा जाता है? यह समस्या केवल महिलाओं की नहीं है, बल्कि उस पूरी डिजिटल संस्कृति की है, जिसने नारी शरीर को एक मनोरंजन सामग्री बना दिया है। वो शरीर जो कभी मातृत्व, प्रेम और करुणा का प्रतीक था, आज महज़ व्यूज़ और फॉलोअर्स की भूख का साधन बन गया है। तो सवाल यह है कि क्या हमें इस डिजिटल कोलाहल से बाहर निकलकर असली स्वतंत्रता का अर्थ समझना होगा? या फिर हम बस लाइक्स और फॉलोअर्स के खेल में उलझकर अपने असली अस्तित्व को खो देंगे? आखिर सवाल यह है कि क्या देह का प्रदर्शन वाकई सशक्तिकरण है या बस एक भ्रम? क्या आज की नारी अपनी असली पहचान से दूर होती जा रही है, जहां उसकी शक्ति, बुद्धि और आत्मविश्वास की जगह सिर्फ उसके शरीर का आकार और आकर्षण ही अहम रह गया है? यह डिजिटल युग हमें नई संभावनाओं और अभिव्यक्ति की आज़ादी देता है, पर क्या यह स्वतंत्रता वाकई हमें आज़ाद कर रही है या बस एक और जाल में फंसा रही है?

नारी स्वतंत्रता का अर्थ केवल कपड़ों की लंबाई या शरीर के प्रदर्शन तक सीमित नहीं है। असली स्वतंत्रता है अपने विचारों, अधिकारों और आत्मसम्मान की रक्षा करना। यह वो स्वतंत्रता है, जो एक नारी को उसकी असल पहचान देती है – एक शिक्षित, आत्मनिर्भर और सशक्त इंसान के रूप में। सोशल मीडिया पर जिस दिखावे की होड़ मची है, वह केवल लाइक्स और फॉलोअर्स की दौड़ नहीं, बल्कि आत्मसम्मान की

# अपने फैसलों से पत्थर की लकीर खींच रहे न्यायालय

**रोशनलाल शर्मा**

देश की न्याय व्यवस्था लगातार मजबूती की ओर अग्रसर है। ये किसी भी स्वस्थ लोकतंत्र के लिए बहुत जरूरी है। वैसे भी भारत में कई बार न्यायालयों से इस तरह के फैसले और टिप्पणियां सामने आती हैं कि एक नजीर बनती है। प्रशासनिक ढांचे को अपने काम करने का तरीका बदलना पड़ता है और राजनीतिज्ञों को अपना नजरिया बदलना पड़ता है। कुल मिलाकर लोकतंत्र के तीनों स्तम्भों में शामिल न्यायपालिका शेष दो स्तंभो कार्यपालिका और विधायिका को अपने पथ से भटकने नहीं दे रही है।

देश के सुप्रीम कोर्ट ने पिछले दिनों राज्यपालों द्वारा विधानसभाओं से पारित होकर उनके अनुमोदन के लिए जाने वाले विधेयकों को तीन माह में निस्तारित करने की एक गाइडलाइन देते ये निर्णय किया था कि यदि ऐसा नहीं होता तो विधेयक पारित माने जाएंगे। इस पर बड़ी राष्ट्:ीय बहस छिड़ गई और अभी हाल ही में राष्ट्:पति ने सुप्रीम कोर्ट से कई सवाल इस सिलसिले में पूछे हैं जिनमें एक सवाल ये भी है कि क्या सुप्रीम कोर्ट राज्यपाल या राष्ट्:पति को निर्देशित कर सकता है। मसले पर कानून के कई जानकारों से बातचीत का लब्बोलुआब ये है कि ये तीन माह की प्रक्रिया तो नियमानुसार है और कोर्ट ने सिर्फ विधायिका को ये याद दिलाने का काम किया है। इसी प्रकार मध्यप्रदेश में एक नेता द्वारा भारतीय सेना की वीर अधिकारी सोफिया कुरैशी को आतंकियों की बहन बताने के मामले में तो मध्य प्रदेश हाईकोर्ट ने एक नजीर ही पेश कर दी है कि बोलने की आजादी का मतलब ये नहीं है कि कोई कुछ भी बोल देगा। मध्यप्रदेश के एक मंत्री के खिलाफ आधे घण्टे में एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिए। वह भी स्वत: प्रसंज्ञान लेकर। फिर जब हल्के स्तर की एफआईआर दर्ज की गई तो कोर्ट ने इस पर भी आपत्ति की और धाराई बताई कि किन धाराओं में एफआईआर दर्ज होनी चाहिए। इतना ही नहीं लोक अभियोजक द्वारा इसे मीडिया की व्याख्या करार देने की कोशिश की तो मामले की पत्रावली में सोशल मीडिया पर चल रहे वीडियोज के लिंक भी नत्थी करा दिए। इससे बड़ी न्यायपालिका की मजबूती को कोई और उदाहरण नहीं हो सकता। इसी प्रकार राजस्थान के कोटपूतली-बहरोड में एक नाबालिग रेप पीड़िता का चिकित्सकों ने गर्भपात से इनकार कर उन्हें हाईकोर्ट का आदेश लाने को कहा। राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण को मामले की जानकारी मिलने पर सदस्य सचिव ने गंभीरता दिखाते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एडीजे पवन जीनवाल को जयपुर से तत्काल सौ किलोमीटर दूर अस्पताल भेजकर पीड़िता को राहत दिलाने के निर्देश दिए। प्राधिकरण के आदेश की पालना में पवन जीनवाल अस्पताल पहुंचे। जीनवाल ने अस्पताल में मौजूद चिकित्सकों को आड़े हाथों लेते हुए उन्हें सुप्रीम कोर्ट और बाल अधिकारिता विभाग के आदेशों की याद दिलाई। जज को मौके पर आया देखकर पीड़िता का सुरक्षित गर्भपात कराया गया। वहीं प्राधिकरण सचिव ने अस्पताल प्रशासन को भविष्य में ऐसे संवेदनशील मामलों में किसी भी तरह की लापरवाही नहीं बरतने की सख्त हिदायत दी। जीनवाल ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के अनुसार 24 सप्ताह तक के गर्भपात की अनुमति है। वहीं बाल अधिकारिता विभाग के एक फरवरी, 2024 के अनुसार 20 सप्ताह के गर्भपात के लिए नाबालिग के अभिभावकों के आवेदन पर कोई भी पंजीकृत चिकित्सक कार्रवाई कर सकता है। वहीं यदि 24 सप्ताह से अधिक का गर्भ है तो उसके लिए हाईकोर्ट से अनुमति लेनी होती है। इस मामले में पीडिता के सिर्फ 13 सप्ताह का गर्भ था। इसके बावजूद भी चिकित्सक उन्हें परेशान कर रहे थे। इसकी जानकारी मिलने पर राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के सदस्य सचिव हरिओम अत्रि के निर्देश पर उनकी ओर से सौ किलोमीटर दूर आकर यह कार्रवाई की गई।

कोर्ट के फैसलों की ऐसी लम्बी फेहरिस्त है जिनका उल्लेख करेंगे तो एक ग्रंथ लिखना पड़ सकता है। इन फैसलों ने कार्यपालिका और विधायिका को प्रशासन के तौर तरीके तो सिखाए ही, साथ भी ये भी संदेश दिया कि एक तीसरी आंख और है जो उनकी कार्यप्रणाली को वॉच कर रही है। यहां ये उल्लेखनीय है कि हर तरफ से परेशान होकर आम आदमी न्यायपालिका की तरफ अग्रसर होता है और वहां से ऐसे कालजयी फैसले आते हैं तो लोगों का विश्वास बढ़ता है।

## शख्सियत – बढ़ता राजस्थान

नमस्कार साथियों हमारी आज की शख्सियत कॉलम के स्टार हैं राजस्थान पुलिस के शानदार पुलिस इंस्पेक्टर रमेश सैनी जी। मूलत: चिड़ावा जिला झुंझुनू का रहने वाले रमेश सैनी का जन्म 1 जुलाई 1974 को चिड़ावा में हुआ था । स्नातक तक की पढ़ाई चिड़ावा में चिड़ावा कॉलेज चिड़ावा में हुई, यहां से बी.कॉम किया । एम.कॉम के लिए पोद्दार कॉलेज नवलगढ़ वहां से बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन में एम.कॉम किया । सन 2022 में इन्होंने डॉक्टर भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय से एलएलबी किया एवं 2024 में डॉ भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय से एलएलएम अपराध शास्त्र में किया । ये राजकीय की सेवा में 1995 में आए, 2 साल तक शासन सचिवालय जयपुर में निजी सहायक के पद पर कार्यरत रहे । 1997 में ये राजस्थान पुलिस में थानेदार के पद पर चयनित हुए । सन 2015 में पुलिस निरीक्षक पद पर पदोन्नति हुए । एसआई पद पर रहते हुए ये जयपुर शहर में पुलिस थाना कोतवाली, मानक चौक नाहरगढ़ रोड, आमेर सांगानेर, जयपुर सदर, यातायात जयपुर, आदि जगह पदस्थापित रहे । इसके अलावा टोंक में थाना अधिकारी उनियारा थाना अधिकारी सोप तथा जोधपुर ग्रामीण में थाना अधिकारी बोरुंदा रहे । पुलिस निरीक्षक पद पर पदोन्नति होने पर थाना अधिकारी कालवाड़ थाना अधिकारी हरमाड़ा थाना अधिकारी बजाज नगर थाना अधिकारी विश्वकर्मा एवं ट्रैफिक इंस्पेक्टर जयपुर में रहे। अभी अलवर जिले में पदस्थापन है और वर्तमान में थाना अधिकारी अलवर सदर के पद को सुशोभित कर रहे हैं। शानदार पुलिस अधिकारी हैं रमेश जी। पिड़ित व परिवादियों के लिए सराहनीय प्रयास रहते हैं कि उनकी समस्याओं का निराकरण वे करा सकें। अपने अधिनस्थ कर्मचारी व अधिकारी के साथ बेहतरीन तालमेल और अपने उच्चाधिकारियों के साथ समन्वय व पुलिस के प्रति कर्त्वयबोध प्रबल होने के कारण इन्हे परेशानी कतई नहीं आती है। टीम बढ़ता राजस्थान इनके उज्वल भविष्य व शीघ्र प्रमोट होकर नीली टोपी पहनने की कामना करती है।



रमेश सैनी
( पुलिस निरीक्षक राज:पुलिस )

**रूपक शर्मा**

## 2025_015 a बढ़ता राजस्थान

**Suduko**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 6 | | 7 | 3 | | 1 | |
| | | 4 | | | 8 | | 6 | |
| 8 | | | | 6 | | 2 | 9 | 7 |
| | 4 | | | | | | 3 | |
| | 6 | | | | 4 | | | 1 |
| 9 | | 5 | | | 6 | 8 | | 2 |
| 1 | | 3 | 6 | 4 | | 7 | | 9 |
| | | | | 8 | 1 | | | 3 |
| | | 2 | | 9 | | 1 | | |

**Ans_2025_014**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 5 | 1 | 9 | 2 | 4 | 8 | 7 | 3 |
| 8 | 3 | 7 | 1 | 5 | 6 | 4 | 2 | 9 |
| 9 | 2 | 4 | 7 | 8 | 3 | 5 | 1 | 6 |
| 3 | 4 | 5 | 6 | 1 | 8 | 2 | 9 | 7 |
| 7 | 9 | 6 | 2 | 4 | 5 | 3 | 8 | 1 |
| 1 | 8 | 2 | 3 | 7 | 9 | 6 | 4 | 5 |
| 4 | 7 | 8 | 5 | 3 | 1 | 9 | 6 | 2 |
| 5 | 1 | 9 | 4 | 6 | 2 | 7 | 3 | 8 |
| 2 | 6 | 3 | 8 | 9 | 7 | 1 | 5 | 4 |

**कैसे खेलें**

वर्ग को 1 से 9 तक अंकों से ऐसे भरें कि आड़ी व खड़ी पंक्ति के साथ ही 3 गुणा 3 के बॉक्स में 1 से 9 तक अंक आएं। काई अंक दुबारा नहीं आए।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, आपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताप और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

**मेष**
दवाई खरीदने या अस्पताल की फीस पर आकस्मिक खर्च हो सकता है। आज दृढ़ मनोबल और आत्मविश्वास के साथ हर काम को आसानी से बना पाएंगे। गृहस्थ जीवन में सुख और शांति बनी रहेगी। शारीरिक स्वास्थ्य अच्छा बना रहेगा।

**वृष**
सुबह का समय दोस्तों के साथ घूमने-फिरने, खान-पान एवं मनोरंजन में बीत सकता है। पार्टनरशिप काम में ध्यान रखें। व्यापार में ज्यादा लाभ की उम्मीद नहीं है। दोपहर के बाद आप को प्रतिकूलता का सामना करना पड़ सकता है।

**मिथुन**
मित्रों का सहयोग भी आप को प्राप्त होगा। विरोधियों पर विजय प्राप्त होगी। पारिवारिक शांति बनाए रखने के लिए निरर्थक वाद-विवाद न करें। धन और प्रतिष्ठा में हानि हो सकती है। आप की रचनात्मकता में सकारात्मक वृद्धि होगी।

**कर्क**
स्वभाव में उग्रता हो सकती है, इसलिए वाणी पर संयम रखें। दोपहर के बाद आप आप मनोरंजन की ओर ज्यादा बढ़ेंगे। मित्रों और स्नेहीजनों के साथ प्रवास या पर्यटन का योग है। शारीरिक और मानसिक रूप से आप स्वस्थ रह पाएंगे।

**सिंह**
व्यापार में किसी तरह का लाभ होगा। शारीरिक और मानसिक रूप से स्वास्थ्य बिगड़ सकता है। पूंजी निवेश में सावधानी बरतें। धार्मिक काम के पीछे धन खर्च हो सकता है। कोर्ट-कचहरी के विषय में संभलकर चलें।

**कन्या**
स्वास्थ्य का ध्यान रखें। दोपहर के बाद पारिवारिक जीवन में हर्षोल्लास का वातावरण बना रहेगा। आज कोई नया काम शुरू कर सकते हैं। पिता से आपको लाभ होगा। ज्योतिष और आध्यात्मिक विषयों में आपकी रुचि बनी रहेगी। विद्यार्थियों के लिए समय अनुकूल है।

**तुला**
किसी तरह का आर्थिक लाभ भी हो सकता है। हालांकि, स्वास्थ्य को लेकर उतार-चढ़ाव बना रहेगा। गृह एवं संतान सम्बंधी शुभ समाचार आप को मिलेंगे। पुराने और बचपन के दोस्तों से मुलाकात हो सकती है।

**वृश्चिक**
आज वाणी पर संयम रखें. स्नेहीजनों के साथ किसी बात पर विवाद हो सकता है। आय की अपेक्षा व्यय अधिक रहेगा। किसी उलझन में दिन गुजरेगा। स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहें। आप नए काम का आरंभ कर सकेंगे।

**धनु**
आज का आपका दिन लाभकारी है। पारिवारिक और प्रोफेशनल दोनों ही क्षेत्रों में आपकी प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। घर-परिवार में आनंद का वातावरण आप को खुश रखेगा। बहुत दिनों से अटके सरकारी कामों में सफलता मिलेगी।

**मकर**
अपनी वाणी और व्यवहार को संयमित रखना आपके ही हित में रहेगा। आज आपकी नौकरी और व्यवसाय में रुचि बढ़ेगी। आज स्वास्थ्य का ध्यान रखें। साथी कर्मचारियों का साथ मिलेगा। संतान की चिंता आपको हो सकती है।

**कुंभ**
आज के दिन बौद्धिक काम, नए सृजन और साहित्यिक गतिविधि में आप उलझे रहेंगे। किसी धार्मिक यात्रा का आयोजन हो सकता है। व्यापार में लाभ का अवसर मिलेगा। आज आपको कार्यालय और व्यापार में थोड़ा संभलकर चलना होगा।

**मीन**
मानसिक रूप से आप में भावुकता की मात्रा अधिक रहेगी। किसी बात को लेकर ज्यादा विचलित ना हों। अपनी कल्पनाशक्ति से साहित्य-सृजन में आप नवीनता ला पाएंगे। व्यवसाय में सफलता प्राप्त होगी। सुख-शांति बनी रहेगी।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक व प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस,हमीदपुरा रोड खण्डवा,निवाई टोंक (राज.) से मुद्रित एवं 185/ 116 ''प्रतीक्षा'' सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित, संपादक-तनुजा पठान*। प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय मो.नं. 9414242258, 9214048888,जयपुर फोन नं.0141-2796794,795 टोंक कार्यालय-बाईपास निवाई, टोंक मो.नं.9414823448 अलवर कार्यालय-मेहताब सिंह का नोहरा,अलवर मो.नं. 7733000123,कोटा कार्यालय-छावनी मेन रोड,कोटा मो.नं.7023350734 । ई मेल-badhatarajasthan@yahoo.com *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार

# सवाई-माधोपुर में पुलिस पर हमला डीएसपी की प्राइवेट बोलेरो जलाई

## ट्रैक्टर ड्राइवर की मौत से गुस्साए बजरी माफिया, चारों ओर से घेरकर पथराव

बढ़ता राजस्थान



**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** जिले में बजरी माफिया द्वारा पुलिस टीम पर हमला करने का मामला प्रकाश में आया है। इतना ही नहीं मौके पर पहुंचे पुलिस उपाधीक्षक की प्राइवेट बोलेरो में भी आरोपियों ने आग लगा दी।

चारों ओर से पथराव होने पर पुलिसवालों ने बनास नदी एरिया में छुपकर जान बचाई। घटना गुरुवार रात करीब 12 बजे चौथ का बरवाड़ा में डिडायच रपट के पास की है। दरअसल, अवैध खनन कर रहे आरोपियों को रोकने के लिए पुलिसकर्मियों ने लाठी भांजी थी। इसके बाद मची अफरा-तफरी में एक ट्रैक्टर चालक की टायर के नीचे आने से मौत हो गई। इसके बाद माफिया ने पुलिस पर हमला कर दिया। रात में पथराव और आगजनी के बाद पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी है। कई सीनियर अधिकारी भी रात को मौके पर पहुंचे थे।

**सरकारी गाड़ी थाने में छोड़कर पहुंचे डीएसपी :** पुलिस उप-अधीक्षक लाभूराम विश्नोई गुरुवार रात 11.15 बजे अवैध खनन रोकने एक प्राइवेट बोलेरो से गए थे। उन्होंने अपनी सरकारी गाड़ी सूरवाल थाने में ही छोड़ दी थी। बनास नदी के पास अवैध खनन करने वाले लोगों पर पुलिस ने डंडे बरसाए तो 1 ड्राइवर अफरा-तफरी में टायर के नीचे आ गया। इसके बाद दोनों से पत्थरबाजी शुरू हो गई। जिस प्राइवेट बोलेरो में डीएसपी और पुलिसवाले पहुंचे थे, उसे आग लगा दी गई। थाना प्रभारी सुमन कुमार ने बताया कि घटना में एक व्यक्ति की मृत्यु भी हुई है। मृतक की शिनाख्त बूंदी निवासी सुरज्ञान मीना के तौर पर हुई है। युवक की मौत की जानकारी के बाद से चौथ का बरवाड़ा थाने में सुबह से काफी लोग जमा हुए।

**हत्या के आरोप, आंदोलन की चेतावनी :** मृतक के भाई रामप्रसाद मीणा ने बताया कि सुरज्ञान मीणा पर डीएसपी ग्रामीण लाभूराम ने लोहे के सरिया से वार किया। जिसके चलते उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

इसके बाद पुलिस ने परिजनों को कोई सूचना नहीं दी और शव को सवाई माधोपुर मॉर्च्युरी में पहुंचा दिया। पुलिस द्वारा मामले को पूरी तरह से दबाने की कोशिश की जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि पुलिस उपाधीक्षक ग्रामीण के खिलाफ कार्रवाई नहीं की जाती है तो बड़ा आंदोलन किया जाएगा। शुक्रवार सुबह से चौथ का बरवाड़ा थाने लोगों की भीड़ जमा है।

**पुलिस पर उठे सवालों पर क्या बोलीं एसपी :** पुलिस अधीक्षक ममता गुप्ता ने इस मामले को लेकर कहा है कि मामले में जो भी दोषी होगा उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। वहीं, इस घटना में पुलिस की कार्रवाई पर भी सवाल खड़े हो गए हैं। मौके पर खनिज विभाग की टीम को नहीं बुलाया गया।

# रामड़ी में रात्रि चौपाल, जिला कलेक्टर ने सुनीं जन समस्याएं, दिए त्वरित समाधान के निर्देश




बढ़ता राजस्थान

**सवाईमाधोपुर ( राकेश शर्मा )।** आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान करने के उद्देश्य से जिला कलक्टर शुभम चौधरी की अध्यक्षता में गुरुवार को पंचायत समिति सवाई माधोपुर की ग्राम पंचायत रामड़ी के भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केन्द्र में रात्रि चौपाल का आयोजन हुआ। रात्रि चौपाल में ग्रामीणों ने जिला कलक्टर को बिजली ट्रिपिंग की समस्या से अवगत कराते हुए स्थाई समाधान की मांग की इस पर कलक्टर ने अधीक्षण अभियंता विद्युत विभाग बीएल मीणा को बिजली ट्रिपिंग की समस्या का शीघ्र समाधान कर ग्रामीणों को राहत प्रदान करने के निर्देश दिए। वहीं परिवादी प्रेमराज मीणा ने विद्युत कनेक्शन करवाने की गुहार लगाई इस पर उन्होंने अधीक्षण अभियंता को परिवादी से प्रार्थना पत्र लेकर शीघ्र कनेक्शन करवाने के निर्देश दिए। परिवादी रामरूप मीणा ने ग्राम पंचायत में पेयजल किल्लत की समस्या से अवगत कराते हुए पेयजल समस्या का शीघ्र समाधान करवाने का आग्रह किया इस पर उन्होंने अधीक्षण अभियंता बी.एस. मीना को मौका निरीक्षण कर दो दिन में पालना रिपोर्ट प्रस्तुत करने और ग्राम पंचायत में निर्बाध जलापूर्ति सुनिश्चित करवाने के निर्देश प्रदान किए। इसके साथ ही उन्होंने गांव में सरकारी ट्यूबवेल एवं हैण्डपम्पों को दबंगों के कब्जों से मुक्त करवाने के निर्देश ग्राम पंचायत सरपंच एवं ग्राम विकास अधिकारी को दिए। इस दौरान जिला कलक्टर ने ग्राम खेड़ली कलां के आंगनबाड़ी केन्द्र पर सहायिका एवं कार्यकर्ता द्वारा नियमित आंगनबाड़ी का संचालन नहीं करने की शिकायत पर आंगनबाड़ी केन्द्र में नये कार्मिका को चार्ज दिलवाने के निर्देश उप निदेशक आईसीडीएस प्रियंका शर्मा को दिए।

# अब नजर नहीं आ रहा, रणथंभौर दुर्ग पर बाघों का डेरा

## गणेश मंदिर भी नहीं जा पा रहे श्रद्धालु, नीचे द्वार पर ही कर रहे पूजा

बढ़ता राजस्थान

**सवाईमाधोपुर ( राकेश शर्मा )।** पिछले कुछ समय से रणथंभौर टाइगर रिजर्व के बाघ दुर्ग क्षेत्र में भी अपना डेरा जमाने लगे हैं। हाल ही दुर्ग परिसर में मंदिर मार्ग के आसपास 17-18 बाघों का मूवमेंट बताया जा रहा था, इसके चलते त्रिनेत्र गणेश मंदिर जाने वाले श्रद्धालुओं की जान पर संकट बन आया था। इस पर एहतिहात बरतते हुए वन विभाग ने कुछ दिनों के लिए त्रिनेत्र गणेश मंदिर का रास्ता बंद कर दिया, इसके चलते दर्शनों के लिए आने वाले श्रद्धालु परेशान हैं। फिलहाल मंदिर आने के लिए दर्शनार्थियों की भीड़ लगती है, लेकिन वे रणथंभौर के प्रवेश द्वार के बंद गेट पर ही पूजा अर्चना कर वापस लौट रहे हैं। वन विभाग सूत्र के मुताबिक अगले 24 घंटे में शीघ्र ही श्रद्धालुओं के लिए लगाया गया प्रतिबंध हटाया जा सकता है और श्रद्धालु त्रिनेत्र गणेश जी के दर्शन कर सकते हैं।

गौरतलब है कि रणथंभौर टाइगर रिजर्व प्रशासन पिछले दो महीने से बेहद कठिन दौर से गुजर रहा है। रणथंभौर में बाघों की संख्या लगातार बढ़ रही है। इन्हें संभालना वन विभाग के लिए बड़ी चुनौती बन गया है। टाइगर अभ्यारण्य से निकलकर बाहर आ रहे हैं। इसके चलते बाघ के हमले की कई घटनाएं सामने आ रही हैं। गत एक माह में ही रणथंभौर में टाइगर हमले में दो लोगों की मौत हो गई. विगत 16 अप्रैल को टाइगर हमले में एक सात वर्षीय मासूम बालक की मौत हो गई थी। इसी प्रकार गत 11 मई को उसी टाइगर ने रेंजर देवेंद्र चौधरी को मौत के घाट उतार दिया।

### अब कैसे दें गणपति को निमंत्रण!

श्रद्धालु रविंद्र ने बताया कि विवाह जैसे मांगलिक कार्यों में सबसे पहला निमंत्रण रणथंभौर स्थित त्रिनेत्र गणेश जी को दिया जाता है. वर्तमान में शादी विवाह का सीजन चल रहा है। इसके चलते बड़ी संख्या में लोग त्रिनेत्र गणेश मंदिर आ रहे हैं, लेकिन मार्ग बंद होने से श्रद्धालु अंदर नहीं जा पा रहे. ऐसे में मजबूरन उन्हें रणथंभौर के प्रवेश द्वार पर ही पूजा अर्चना करनी पड़ रही है. श्रद्धालु रणथंभौर के प्रवेश द्वार पर एक कोने पर रखे पत्थर को भगवान गणेश का स्वरूप मानकर पूजा कर रहे हैं. प्रसाद, माला व धूपबत्ती की जा रही है! उधर सूत्रों की मानें तो शीघ्र ही त्रिनेत्र गणेश जी के दर्शनों के लिए लगा प्रतिबंध हटा सकता है।

# हीटवेव प्रबंधन एवं चिकित्सा सेवाओं की गुणवत्ता जिला कलक्टर ने चिकित्सा संस्थानों का किया औचक निरीक्षण

बढ़ता राजस्थान



**सवाईमाधोपुर ( राकेश शर्मा )।** जिले में भीषण गर्मी एवं मौसमी बीमारियों के प्रभाव को देखते हुए जिला कलक्टर शुभम चौधरी ने शुक्रवार को बनोटा, लोरवाड़ा एवं जटवाड़ा कला प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने चिकित्सा व्यवस्थाओं, स्वच्छता, स्टाफ की उपस्थिति एवं हीटवेव से निपटने की तैयारियों का जायजा लिया।

जिला कलक्टर ने पीएचसी के निरीक्षण के दौरान स्टाफ की उपस्थिति पंजिका की जांच की तथा चिकित्साकर्मियों को निर्धारित समय पर उपस्थित रहने के निर्देश दिए। उन्होंने ओपीडी, दवा वितरण केंद्र, जांच कक्ष, दवा स्टॉक रूम समेत समस्त कक्षों का अवलोकन किया और मरीजों को गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवा प्रदान करने के निर्देश दिए। उन्होंने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित करने, उपकरणों की कार्यशीलता की जांच, दवाओं के स्टोर रूम को व्यवस्थित रखने, मरीजों को मुफ्त जांच व दवा योजनाओं का लाभ दिलाने और जनकल्याणकारी योजनाओं के फ्लेक्स/होर्डिंग के माध्यम से प्रचार-प्रसार करने के निर्देश भी दिए। इस दौरान प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र लोरवाड़ा में ग्रामवासियों द्वारा लम्बे समय पर चिकित्सक नहीं होने की शिकायत का तत्काल संज्ञान लेते हुए पीएचसी पर नियुक्त चिकित्सा अधिकारी डॉ. विवस्वत जैन द्वारा लगाए गए मेडिकल की बोर्ड द्वारा जांच करवाने एवं दोषी पाये जाने पर चार्जशीट जारी करने के निर्देश सीएमएचओं डॉ. अनिल कुमार जैमिनी को दिए।

उन्होंने कमेटी गठित कर जिले के सभी चिकित्सा संस्थानों का निरीक्षण करने और बिजली, पानी सहित अन्य मूलभूत आवश्यकताओं की रिपोर्ट तैयार कर जिला कलक्टर कार्यालय में प्रस्तुत करने के निर्देश सीएमएचओं को दिए।

# मथुरा-गंगापुर सिटी स्पेशल ट्रेन 43 दिन बाद ही बंद

बढ़ता राजस्थान




**सवाईमाधोपुर ( राकेश शर्मा )।** राजस्थान में दौसा-गंगापुर रेलवे ट्रैक पर गत माह 1 अप्रेल से नोर्थ सेन्ट्रल रेलवे की ओर से मथुरा से गंगापुर सिटी के बीच शुरू की गई स्पेशल यात्री ट्रेन के संचालन को विगत दिवस से रोक दिया गया है। इस बारे में लालसोट स्टेशन मास्टर रूपसिंह ने बताया कि नॉर्थ सेन्ट्रल रेलवे द्वारा मंगलवार शाम को इस बारे में आदेश जारी करते हुए बताया है कि बुधवार से मथुरा से गंगापुर सिटी के बीच संचालित स्पेशल यात्री ट्रेन को कम यात्री भार के चलते आगामी 30 जून तक रोक दिया है। गौरतलब है कि इस यात्री ट्रेन को 30 जून तक के लिए संचालित किया गया था और उम्मीद थी कि उसके बाद में इस गाडी को नियमित रेल सेवा के रूप में शुरू कर दिया जाएगा, लेकिन 43 दिन बाद ही नॉर्थ सेन्ट्रल रेलवे द्वारा इसके संचालन को बंद किया जा रहा है, जिससे दौसा-गंगापुर रेलवे ट्रैक पर एक साल के लंबे इंतजार के बाद शुरू की गई दूसरी यात्री ट्रेन सेवा बंद हो गई है।

**लोग बोले- रेलवे ने जल्दबाजी में लिया फैसला :** सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार इस यात्री ट्रेन सेवा का टाइम टेबल उचित नही होने के चलते उम्मीद के मुताबिक यात्री भार नही मिला है। क्षेत्र के लोगों का कहना है कि रेलवे ने जल्दबाजी करते हुए इसका संचालन रोका है। धीरे धीरे यह यात्री ट्रेन प्रसिद्ध धार्मिक आस्था स्थल गोवर्धन व मथुरा तक जाने वाले श्रद्धालुओं के साथ प्रतिदिन देर शाम को अलवर, बांदीकुई व दौसा से लालसोट व गंगापुर सिटी तक आने वाले यात्रियों के लिए भी बड़ी उपयोगी साबित होती, लेकिन रेलवे ने लोगों की उम्मीदों को तोड़ दिया है।

**रेलवे को लालसोट से रोजाना सिर्फ 600 रुपए की कमाई :** जानकारी के अनुसार लालसोट में इस ट्रेन का मथुरा से आने का संचालन रात्रि 9.12 बजे एवं गंगापुर से मथुरा जाते समय रात्रि 12.55 बजे होने के बाद भी बीते एक माह में लालसोट से प्रतिदिन 600 रुपए का यात्री भार मिला है। यही ट्रेन सुबह के समय होती तो इससे पांच गुना यात्रीभार होने की संभावना थी।

# राहोली के राजकीय विद्यालयों में मेगा पीटीएम का आयोजन




बढ़ता राजस्थान

**निवाई ( का.स. )।** ग्राम पंचायत राहोली के पीएमश्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय,महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय, राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय अम्बेडकर कॉलोनी सहित सभी राजकीय विद्यालयों में सत्रांत मेगा पीटीएम का आयोजन किया गया।

पीईईओ व प्रधानाचार्य डॉ.योगेन्द्र सिंह नरूका ने बताया कि पीटीएम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थी की प्रगति को सांझा करना, अध्ययन में आने वाली कठिनाईयों को समाधान की दिशा देने, विद्यालय के विकास में अभिभावकों का सहयोग प्राप्त करने के साथ विद्यालय के उद्देश्यों यथा विद्यार्थी का परिणाम बेहतर करने, ठहराव सुनिश्चित करने, ड्राप आउट रोकने एवं परिवार एवं आस-पास के अन्य बालक-बालिकाओं के प्रवेश को विद्यालय में सुनिश्चित करना रहा। ग्रीष्मावकाश के पूर्व दिवस को आयोज्य इस पीटीएम में अध्ययन की निरन्तरता, प्रवेश हेतु जागरूकता आदि की दृष्टि के अत्यधिक महत्वपूर्ण रहा।

शिक्षक अभिभावक बैठक में कक्षा 3-8 के समस्त विद्यार्थियों को दक्षता आधारित आकलन-2 के प्रिंटेड रिपोर्ट कार्ड विद्यालय द्वारा अभिभावकों को उपलब्ध कराए गए।

कक्षाध्यापक द्वारा प्रत्येक विद्यार्थी के अभिभावक को रिपोर्ट कार्ड में लिखी दक्षताओं के सामने अंकित सितारों का विद्यार्थी प्रगति के साथ संबंध को समझाया गया तथा दक्षता सुधार में अभिभावकों से अपेक्षित सहयोग के विषय में विमर्श किया गया। प्रवेशोत्सव प्रभारी जयनारायण मीना ने डिजिटल प्रवेशोत्सव की जानकारी एवं अनामांकित बालक-बालिका के पहचान में सहयोग की जानकारी दी।

# निवेशकों से निरंतर संवाद कर उनकी अपेक्षाओं एवं समस्याओं को पूरा करें-जिला कलेक्टर

बढ़ता राजस्थान



**टोंक,( नि.स. )।** जिला कलेक्टर डॉ. सौम्या झा ने शुक्रवार को राइजिंग राजस्थान के तहत हुए टोंक जिले से संबंधित एमओयू को धरातल पर उतारने को लेकर कलेक्ट्रेट कक्ष में संबंधित विभागों की समीक्षा बैठक ली। जिला कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि व जिले में इच्छुक निवेशकों से निरंतर संवाद कर उनकी अपेक्षाओं एवं समस्याओं को पूरा करें। भूमि आवंटन के संबंध में संबंधित अधिकारी राजस्व अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर हर संभव विकल्पों को देखे। जिला कलेक्टर ने कहा कि राइजिंग राजस्थान राज्य सरकार की प्राथमिकता है। इससे राज्य एवं जिले के औद्योगिक विकास को गति मिलेगी। साथ ही, रोजगार के नए अवसर सृजित होने से लोगों को रोजगार मिलेगा। इसलिए एमओयू कि क्रियान्विति को गति प्रदान करने के लिए बेहतर सामंजस्य बनाकर कार्य करें। जिला उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक संजय जैन ने बताया कि टोंक जिले में राइजिंग राजस्थान के तहत 220 एमओयू हुए। उनमें से 68 में निर्माण शुरू हो चुका है तथा 23 में उत्पादन चल रहा है।

# कल्याण किसान सेवा समिति की आम सभा बैठक आयोजित



बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा ( नि.स. )।** दिनांक 16 मई 2025 को कल्याण किसान सेवा समिति की आम सभा बैठक अध्यक्ष जगदीश प्रसाद शर्मा की अध्यक्षता में महेश सेवा सदन मालपुरा में आयोजित की गई । बैठक में 61ग्राम विकास समिति अध्यक्षों ने भाग लिया।

आम सभा में अध्यक्ष महोदय द्वारा ग्रामीण क्षेत्र की समस्याओं को लेकर पेयजल, सड़क के टूटे हुए ब्रेकर, बिजली, रोडवेज बस सेवा शुरू करने, सार्वजनिक तालाबों को बरसात से बचाने के लिए खाली कट्टो की व्यवस्था करवाने, अग्नि दमकल वाहन,पशु टीकाकरण, समिति के वार्षिक आय व्ययआदि पर विस्तार से चर्चा हुई । बैठक में किसान सेवा समिति महासंघ पूर्व अध्यक्ष कैलाश गुर्जर ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र की समस्याओं हेतु मंत्री महोदय श्री कन्हैया लाल चौधरी को पूर्व में दिए गए ज्ञापनों की जानकारी दी। स्वराज से सह निदेशक डा. श्री आलोक व्यास ने बालिका शिक्षा पर जोर देते हुए कहा कि हमें बालिकाओं को आगे बढ़ने के अवसर देना चाहिए ताकि वे अपना नाम रोशन कर सके। बालिकाएं हर क्षेत्र में आगे है । संस्था शाखा प्रभारी प्रहलाद चौधरी ने ग्रामीण क्षेत्रों से आए मुद्दों पर आम सभा में उपस्थित पदाधिकारियों के को पढ़कर सुनाया । प्रत्येक थाना हेडक्वार्टर पर अग्निशमन यंत्र, प्रत्येक ग्राम पंचायत स्तर पर सार्वजनिक तालाबों की बरसात में रख रखाव हेतु खाली कट्टे रखवाने हेतु उपखंड अधिकारी महोदय के नाम तहसीलदार जी को ज्ञापन दिया गया ।बैठक में समन्वयक मोहन लाल मीणा व किशोरी स्वास्थ्य मित्र सुमन वेष्णव ने भाग लिया।

# दिनेश विजय बने श्री छत्रेश्वर महादेव विकास समिति मालपुरा के नवीन अध्यक्ष

बढ़ता राजस्थान



मालपुरा (नि.स.)। श्री छत्रेश्वर महादेव विकास समिति की आवश्यक मीटिंग पवन जैन संगम की अध्यक्षता में आयोजित हुई। जिसमें सर्वसम्मिति से नवीन अध्यक्ष के लिए दिनेश विजय को चुना गया। मीटिंग में विष्णुकांत पाठक, सत्यनारायण जीनगर, राजेन्द्र सेन, लेखराज सोनी, लादूलाल जैन, पिंटू जैन, बबलू कापड़ी, जीतू सुराशाही, इंद्र सोनी, सुनील कुमार, टिंकू शर्मा दफ्तरी, राजेश सोनी सहित उपस्तिथ सदस्यों ने सहमति प्रदान करी। नवीन अध्यक्ष ने सभी के मार्गदर्शन, युवा साथियों की मेहनत लगन से श्री छत्रेश्वर महादेव मंदिर परिसर का विकास की बात कही। नवीन कार्यकारिणी में मंत्री सत्यनारायण जीनगर, व्यवस्थापक राजेन्द्र सैन, मीडिया प्रभारी लेखराज सोनी, कोषाध्यक्ष लादूलाल जैन को बनाया गया।

# विद्यालय कार्मिक का भामाशाह के रूप में सम्मान

बढ़ता राजस्थान

निवाई (का.स.)। शहीद रामकरण खाती राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय नोहटा के प्रधानाचार्य श्री रामजीलाल मीणा की प्रेरणा से रसायन विज्ञान के व्याख्याता श्री सुधाकर जैन द्वारा विद्यालय को 29000 रुपए की लागत के चार कैमरे विद्यालय की सुरक्षा हेतु प्रदान किए गए। इस हेतु विद्यालय परिवार के द्वारा श्री सुधाकर जी जैन का साफा पहनाकर एवं माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। प्रधानाचार्य जी ने इसे एक अनुकरणीय पहल बताते हुए सभी को बढ़ चढ़कर विद्यालय विकास हेतु योगदान करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर उप प्रधानाचार्य ललित कुमार बैनीवाल, व्याख्याता रामकेश गुर्जर और सुरेश कुमार बैरवा, वरिष्ठ अध्यापक हरिराम गुर्जर, गिर्राज किशोर बारेठ, धर्मेंद्र सिंह, सुनील कुमार अटल, कमलेश मीणा, अध्यापक रोहित साहू, सीमा मीना, मदनलाल खटीक, लोकेंद्र सिंह, अब्दुल कादिर, तेजमल सिंगवाडिया ,भागचंद गुर्जर, सौरभ माथुर, राहुल जैन, नीलम जैन, गिरिराज चौधरी घनश्याम शर्मा एवं छात्र-छात्राएं और अभिभावक उपस्थित थे।

# मुख्य सचिव द्वारा दिए गए निर्देशों की पालना की समीक्षा हेतु बीड़ा सभागार, भिवाड़ी में बैठक आयोजित

## संभागीय आयुक्त की अध्यक्षता में जिला स्तरीय अधिकारियों को दिए गए निर्देश

बढ़ता राजस्थान



**खैरथल-तिजारा ( मुकेश शर्मा )।** मुख्य सचिव की अध्यक्षता में पूर्व में आयोजित उच्च स्तरीय बैठक में दिए गए निर्देशों की पालना की समीक्षा हेतु शुक्रवार को बीड़ा सभागार, भिवाड़ी में संभागीय आयुक्त पूनम की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला प्रशासन एवं संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया। संभागीय आयुक्त ने निर्देशित किया कि सभी विभाग आवंटित कार्यों की स्पष्ट टाइमलाइन निर्धारित कर निर्धारित समयावधि में कार्य पूर्ण करें। ऐसे कार्य जिनमें किसी प्रकार की अड़चन आ रही है, उनकी सूचना तत्काल से जिला कलेक्टर एवं उच्च अधिकारियों अवगत कराया जाए। बैठक में संभागीय आयुक्त ने वेस्ट टू एनर्जी परियोजना के पहले चरण की प्रगति की समीक्षा की तथा नगर परिषद भिवाड़ी को निर्देशित किया गया कि फंड की कमी की स्थिति में संबंधित विभागों से समन्वय कर कार्यों को समय पर पूर्ण किया जाए। उन्होंने हरियालो राजस्थान अभियान की समीक्षा कर, सभी विभागों को लक्ष्यानुसार वन विभाग को पौधों की मांग भेजने तथा अधिक से अधिक पर्यावरण अनुकूल पौधों के रोपण के निर्देश दिए गए। औद्योगिक इकाइयों को भी अभियान में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया गया। बैठक में उन्होंने जैविक पार्क निर्माण के लिए टाइमलाइन तय करने, अलग-अलग प्रजातियों के पौधों के रोपण तथा औद्योगिक क्षेत्र में हुए अतिक्रमण को आगामी सप्ताह में नियमानुसार कार्यवाही करते हुए अतिक्रमण से मुक्त कराने के निर्देश दिए। बीड़ा को अपनी परिसंपत्तियों का प्रॉपर्टी आईडी रजिस्ट्रेशन कार्य जुलाई तक पूर्ण कर आमजन से आपत्तियाँ आमंत्रित करने के निर्देश दिए। उन्होंने एनएच-919 के जीर्णोद्धार के लिए सार्वजनिक निर्माण विभाग को उच्च अधिकारियों से संपर्क कर कार्यवाही की जानकारी से निरंतर अपडेट रहने के लिए निर्देशित किया। रीको औद्योगिक क्षेत्र की सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने तथा एसटीपी के लिए सदस्यता नहीं लेने वाले प्लॉटधारकों पर कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए। इसके अतिरिक्त संभागीय आयुक्त ने हीट वेव को देखते हुए सभी चिकित्सा संस्थानों में दवाइयों, कूलर, पंखों की उपलब्धता, बिजली आपूर्ति की निर्बाध व्यवस्था, विधुत लाइनों की नियमित जांच, तथा जल एवं विधुत से संबंधित जनशिकायतों का प्राथमिकता से निस्तारण सुनिश्चित करने पर भी बल दिया गया। बैठक के अंत में संभागीय आयुक्त ने सभी विभागों को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने कार्यों को गंभीरता से लेते हुए जिम्मेदारी के साथ समय पर पूर्ण करें।

बैठक के दौरान जिला कलेक्टर किशोर कुमार, मुख्य कार्यकारी अधिकारी बीड़ा अतुल प्रकाश, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अतुल साहू, अतिरिक्त जिला कलेक्टर भिवाड़ी सुमित्रा मिश्र सहित जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

# माफियाओं का राज 'हाल- ए- राजस्थान' बयां कर रहा है : नेता प्रतिपक्ष

बढ़ता राजस्थान



**अलवर ( का.स. )।** नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने राजस्था प्रदेश की भजनलाल सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने इस संबंध में सोशल मीडिया के माध्यम से सीएम भजनलाल से छह सवालों के जवाब मांगे हैं। जूली ने इस संबंध में आज एक्स पर लिखा कि कागजों में कानून का राज, जमीन पर माफियाओं का राज। 'हाल-ए-राजस्थान' बयां कर रहा है, आए दिन पिटती पुलिस की कहानियां सरकार का चेहरा बयां कर रही है। उन्होंने सवाईमाधोपुर में खनन माफिया और पुलिस में लाठी-भाठा जंग, बजरी माफिया ने बोला पुलिस की टीम पर हमला, डीएसपी की प्राइवेट बोलेरो जलाई, पुलिसवालों ने बनास नदी में छुपकर जान बचाई। लाठी-भाठा जंग की अफरा-तफरी में ट्रैक्टर ड्राइवर की मौत पर गहरा दुख व्यक्त किया है। उन्होंने इस पोस्ट के माध्यम से सीएम भजनलाल ये छह सवालों के जवाब में मांगे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में अवैध खनन के खुलेआम चल रहे कारोबार पर सरकार मौन है? आए दिन पुलिस कही ना कही पिट रही हैं और माफिया बेखौफ घूम रहे हैं, ऐसा क्यों? राजस्थान में कानून का राज है या माफियाओं का? खनन माफियाओं को सरकार द्वारा खुली छूट देने की खास वजह? अपराधी कानून-व्यवस्था को चुनौती दे रहे है और सरकार की चुप्पी? डीएसपी की प्राइवेट बोलोरो किसकी है? मुख्यमंत्री जी ये प्रदेश पूछता है कि सत्ता की माफियाओं से मिलीभगत है, या फिर सत्ता को चलाने वाले कमजोर है। उन्होंने जयपुर में भाजपा की तिरंगा यात्रा में विधायक बालमुकुंदाचार्य द्वारा तिरंगे से अपना पसीना पोंछने का वीडियो वायरल होने पर उनसे माफी मांगने की मांग भी की है। नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने वीडियो एक्स पर साझा करते हुए लिखा, तिरंगा देश की शान है, कोई रूमाल नहीं उन्होंने कहा कि जिस तिरंगे के लिए जवान अपनी जान कुर्बान करते हैं, उसी से बीजेपी विधायक नाक और पसीना पोंछ रहे हैं। उन्होंने भाजपा विधायक की इस हरकत को शहीदों का अपमान बताया।

# संजय शर्मा बने राष्ट्रीय ब्राह्मण महासंघ के जिलाध्यक्ष

बढ़ता राजस्थान



**बानसूर ( धीरज मौर्य )।** राष्ट्रीय ब्राह्मण महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रमोद शर्मा एवं राष्ट्रीय प्रभारी योगेश कौशिक द्वारा ग्राम हमीरपुर निवासी संजय शर्मा को कोटपूतली-बहरोड़ जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। संजय शर्मा को उनकी समाज सेवा, निष्ठा एवं समर्पण को देखते हुए यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। ब्राह्मण समाज के सक्रिय सदस्य विमल तिवाड़ी ने इस नियुक्ति पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि जिस भावना एवं उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए राष्ट्रीय नेतृत्व ने यह घोषणा की है, उस पर संजय शर्मा अवश्य खरे उतरेंगे। संजय शर्मा की नियुक्ति से क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई है। विप्र बंधुओं ने माला व साफा पहनाकर उनका भव्य स्वागत किया तथा लड्डू खिलाकर और मुँह मीठा कराकर खुशी जाहिर की। बुद्धिजीवी वर्ग एवं समाज के वरिष्ठजनों का मानना है कि संजय शर्मा के जिलाध्यक्ष बनने से संगठन को नई ऊर्जा और मजबूती मिलेगी। इस अवसर पर ब्राह्मण समाज के लोगों ने राष्ट्रीय अध्यक्ष सहित पूरी संगठन टीम का आभार व्यक्त किया।

# राजगढ़ में 25 मई को मनाई जाएगी परशुराम जयंती

बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़/अलवर ( राजकुमार गुप्ता )।** श्री ब्राह्मण समाज राजगढ़ की बैठक का आयोजन गुरुवार को परशुराम भवन श्री ब्राह्मण धर्मशाला राजगढ़ में ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष राजेश शर्मा ठेकेदार की अध्यक्षता में किया गया। समाज के सचिव मनोज जैमन बताया कि परशुराम शोभायात्रा को लेकर आवश्यक बैठक की गई। जिसमें सभी विप्र बंधुओ की आम राय ली गई, तत्पश्चात 25 मई को श्री भगवान परशुराम शोभायात्रा निकालने का निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया। शोभायात्रा 25 मई को सायंकाल 3:00 बजे श्री ब्राह्मण धर्मशाला से रवाना होकर राजगढ़ शहर का भ्रमण कर पुनः धर्मशाला पहुंचेगी। बैठक में ग्रीष्मकालीन अवकाश को लेकर चर्चा की गई, जिसमें शीघ्र ही यज्ञोपवीत संस्कार कार्यक्रम करने का निर्णय भी सर्वसम्मति से किया गया। जिसकी तिथि आगामी बैठक में घोषित की जाएगी। बैठक में पूर्व नगरपालिका उपाध्यक्ष प्रदीप शर्मा, संत ज्ञानेश्वर शर्मा, प्रकाश दीक्षित, मुकेश मंडावरी, सुरेश्वर दयाल शर्मा, विपिन भारद्वाज, दिनेश शास्त्री, विवेक दीक्षित, वीरेन्द्र दाधीच, हेमन्त वशिष्ठ,किशोर मुखर्जी,अजय दीवान, ऋतुराज मिश्रा, गिर्राज शर्मा, सुरेश शर्मा बाबूलाल गूगदौड़,ब्राह्मण समाज कि महिला अध्यक्ष मिथलेश जैमन,राजेश्वरी शर्मा आदि उपस्थित रही।

# पूर्व मंत्री शकुंतला रावत का भाजपा सरकार पर हमला मंदिरों के जीर्णोद्धार और आस्था की रक्षा की मांग

बढ़ता राजस्थान



**बानसूर ( धीरज मौर्य )।** विधानसभा क्षेत्र के एक दिवसीय दौरे पर पहुंची राजस्थान की पूर्व कैबिनेट मंत्री शकुंतला रावत, जिन्हें शेरनी और आयरन लेडी के नाम से जाना जाता है, ने भाजपा सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा धार्मिकता का ढोंग करती है, रावत ने प्राचीन मंदिरों के जीर्णोद्धार और ग्रामीणों पर दर्ज मुकदमों को लेकर सरकार की नीतियों पर सवाल उठाए।

**प्राचीन मंदिरों का जीर्णोद्धार जरूरी :** रावत ने कहा कि अधिकांश प्राचीन मंदिर वन क्षेत्रों में स्थित हैं, जहां ऋषि-मुनियों ने तपस्या कर देश को नई दिशा दी थी। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार में इन मंदिरों को क्षतिग्रस्त किया जा रहा है। कल्याणपुरा में मंदिर तोड़े जाने का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि यदि नए निर्माण की अनुमति नहीं है, तो कम से कम प्राचीन मंदिरों का जीर्णोद्धार तो किया जाना चाहिए। रावत ने कांग्रेस शासनकाल में मंदिरों के जीर्णोद्धार और पर्यटन विकास के लिए पारित बजट का उपयोग करने की मांग की।

**ग्रामीणों पर मुकदमे क्यों?** रावत ने वन विभाग द्वारा ग्रामीणों पर दर्ज मुकदमों पर सवाल उठाया और इसे आस्था पर चोट बताया। उन्होंने कहा कि वन विभाग का यह रवैया अन्यायपूर्ण है। रावत ने सुझाव दिया कि वन विभाग के अधिकारियों और स्थानीय ग्रामीणों के बीच समझौता हो, मुकदमे वापस लिए जाएं और पुलिस द्वारा ग्रामीणों को परेशान न किया जाए। उन्होंने अलवर के सांसद और वन मंत्री पर भी निशाना साधते हुए कहा कि क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने के बावजूद इस मामले में कोई कार्रवाई नहीं हो रही।

**कालका माता मंदिर में दर्शन :** शुक्रवार को रावत ने कालका माता मंदिर में दर्शन और पूजा-अर्चना की। उन्होंने क्षेत्र में अमन, चैन और खुशहाली की कामना की। रावत ने कहा, मैं जब भी इस क्षेत्र से गुजरती हूं, माता के दर्शन अवश्य करती हूं।

**स्थानीय सरपंच का आभार :** रावत ने इंद्राण्डा सरपंच के.के. स्वामी का आभार जताया, जिन्होंने उपजिला अस्पताल और ट्रॉमा सेंटर के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र तुरंत जारी किया। इस अवसर पर मंदिर पुजारी ओमप्रकाश, इंद्राण्डा सरपंच और कांग्रेस के समर्पित कार्यकर्ता मौजूद रहे।

शकुंतला रावत ने भाजपा सरकार से मांग की कि वह लोगों की आस्था का सम्मान करे, प्राचीन मंदिरों का जीर्णोद्धार करे और ग्रामीणों पर दर्ज मुकदमे वापस ले। उन्होंने कहा कि सरकार को धार्मिकता का दिखावा बंद कर ठोस कदम उठाने चाहिए।

# मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का अलवर आगमन विकास के पायदान पर होगा ऐतिहासिक कदम : संजय शर्मा



बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** भारतीय जनता पार्टी अलवर शहर द्वारा मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के अलवर दौरे के संबंध में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन अंबेडकर नगर स्थित भाजपा जिला कार्यालय पर किया गया । बैठक को संबोधित करते हुए वन एवं पर्यावरण मंत्री संजय शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का आगामी 19 में को होने वाला कार्यक्रम अनेक मायनो में विशेष है । एक और जहां अलवर के विकास में एक नया अध्याय जुड़ेगा वहीं दूसरी ओर अलवर में विकास की गति तीव्र होगी। पूर्व में भी बजट के माध्यम से सरकार द्वारा अलवर को अनेक प्रकार की योजनाएं प्रदान की गई है अब किसान व दुग्ध उत्पादक सम्मेलन, वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की मूर्ति का लोकार्पण तथा सिलिसैढ़ क्षेत्र में बोरिंग के उद्घाटन द्वारा अलवर को और भी लाभ प्रदान किए जाएंगे। जिला अध्यक्ष अशोक गुप्ता ने अपने संबोधन में कार्यकर्ताओं से आवाहन किया कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के कार्यक्रम को अभूतपूर्व व ऐतिहासिक बनाने के लिए सभी कार्यकर्ताओं को अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर विकास का साक्षी बनना है। बैठक को पूर्व जिला अध्यक्ष अशोक अग्रवाल व संजय सिंह नरूका, तथा जोगिंदर गुप्ता, के. जी. खंडेलवाल ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष पंडित जले सिंह, मंत्री ऋषिराज शर्मा, अभिराम दीक्षित, जिला मीडिया प्रभारी लक्ष्मी नारायण गुप्ता, विधानसभा संयोजक राजेंद्र सिंह शेखावत, मंडल अध्यक्ष सतीश यादव,जितेंद्र सिंह राठौड़, जितेंद्र सैनी, पूर्व मंडल अध्यक्ष के के मदान, हरीश अरोड़ा,मनोज चौहान, रवि यादव, राजेंद्र सैनी,पार्षद हेतराम यादव, घनश्याम सोनी, सीताराम चौधरी,दुलीचंद सेन,शीला जांगिड़,धीरज जैन, देवेंद्र रसगनिया, सुनील चौधरी, अशोक आहूजा मातादीन भाटी, संदीप गुप्ता, सुदेश खांब्रा सीताराम किराड सुरेश मेहता, दीपक पंडित अंजू शर्मा, धर्मवीर जाटव पंकज शर्मा सुभाष अग्रवाल प्रियांशु अरोड़ा रामानुज शर्मा, ओम प्रकाश शर्मा, कमलकांत जांगिड़, सहित सैकड़ो की संख्या में पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# व्यापारी वर्ग करे व्यापार मण्डल का गठन,करवाए बीमा : शेखावत

- व्यापारियों का हो सामान सहित सामूहिक बीमा, जिससे आपदाओं से मिले छुटकारा
- जब बिजली का कनेक्शन ही नहीं तो आग लगी कैसे होगी जाँच, पीड़ित को मिले उचित आर्थिक सहायता

बढ़ता राजस्थान



**बानसूर ( धीरज मौर्य )।** विधानसभा क्षेत्र के उपखण्ड नारायणपुर में हुई टेंट हॉउस की दुकान में आगजनी से बानसूर के सिंह विधायक देवीसिंह शेखावत ने चिन्ता जाहिर करते हुए कहा कि जब बिजली का कनेक्शन भी इस गौदाम में नहीं है तो सॉर्ट सर्किट हो ही नहीं सकता। इसकी जाँच के लिए पुलिस सहित उपखण्ड अधिकारी को मैंने जाँच के निर्देश दे दिए हैं। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार एक दिन पहले अलवर बाईपास पर एक टैंट के गोदाम में आग लगने से लाखों रूपये का सामान जलकर सुवाहा हो गया!जिसको लेकर शुक्रवार को स्थानीय व्यापारियों के निवेदन पर बानसूर विधायक देवीसिंह शेखावत ने पीड़ित व्यापारी से मुलाकात की।मुलाक़ात के बाद शेखावत ने हर संभव मदद का भरोसा दिलाते हुए आग से हुए नुकसान का जायजा भी लिया। इस अवसर पर टैंट व्यापारी राजेन्द्र छिपी ने व्यापारीयों के सानिध्य में शेखावत को ज्ञापन भी सौंपा। ज्ञापन में टैंट संचालक ने बताया कि टैंट के गोदाम में अज्ञात कारणों से गुरुवार की सुबह आग लग गई,जिसमें करीब 80 लाख रूपये का सामान जलकर सुवाहा हो गया। पीड़ित ने ज्ञापन में बताया कि मेरे पास मात्र एक ही व्यवसाय था वह भी अग्नि में सुवाहा हो गया।और उसके परिवार का भरण पोषण करने के लिए यही एकमात्र व्यवसाय था। मेरा सम्पूर्ण परिवार इसी पर ही निर्भर था। पीड़ित ने बताया कि अब अपने परिवार का भरण पौषण करने के लिए कोई काम नहीं बचा है।जिसके चलते परिवार के आर्थिक हालात खराब होने वाले हैं। जिसको लेकर व्यापारियों ने विधायक देवीसिंह शेखावत को अपने नेतृत्व में ज्ञापन सौंपकर से मांग की है! व्यापारी वर्ग ने चिन्ता जाहिर करते हुए विधायक को बताया कि जब इस तरह की कोई घटनाएं घटेंगी तो क्या व्यापारी और उसका परिवार तथा व्यापार बच पाएगा।पीड़ित सहित व्यापारियों ने राज्य सरकार से आर्थिक सहायता दिलवाने सहित नगर पालिका क्षेत्र में स्थानीय स्तर पर दमकल की सुविधा करवाने सहित पीड़ित व्यापारी को उचित आर्थिक सहायता दिलवाने की मांग की है। जिससे ऐसे हादसों में नुकसान को रोका जा सके।

व्यापारियों ने कहा कि नारायणपुर में दमकल कार्यालय नहीं होने से विराटनगर, कोटपुतली या बानसूर से दमकल की गाड़ी आने में समय लगता है। उसके जवाब में विधायक देवीसिंह शेखावत ने कहा कि कुछ ही समय में दमकल गाड़ियां पहुँच जाती हैं, पर मैं भी चाहता हूँ कि स्थानीय नगर पालिका क्षेत्र को भी दमकल की सुविधा उपलब्ध हो।

शेखावत ने कहा कि आप सभी व्यापार मण्डल के व्यापारियों से अनुरोध है कि आप भी सावधानी बरतें और मेरे द्वारा कही गईं बातों पर विचार करें।

# पटवारी अशोक कुमार जाट रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान



**खैरथल-तिजारा ( मुकेश शर्मा )।** खैरथल तिजारा मे भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने आज जिले के मुंडावर तहसील के मातोर पटवार हल्के के पटवारी, अशोक कुमार जाट को 1,000 रूपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है। आरोपी ने परिवादी से भाभी के बच्चों के नाम विरासत दर्ज कराने के एवज में 2,000 रूपये की मांग की थी, और 500 रुपये पहले ही ले चुका था। आज मौके पर 1,000 रुपये लेते हुए गिरफ्तार किया गया। यह कार्यवाई एसीबी चोकी अलवर के प्रभारी महेन्द्र कुमार मीणा ने एडीजी स्मिता श्रीवास्तव और डीआइजी अनिल कायल के सुपर विजन में की, आरोपी से पूछ ताछ जारी है।

# तेज आंधी तूफान और बारिश की वजह से मकान का टीन सेट हुआ धराशाही

बढ़ता राजस्थान

**अजमेर ( घनश्याम दास )।** अजमेर जिले के भिनाय उपखंड की ग्राम पंचायत कैरोट के निकटवर्ती ग्राम जेतपुरा मैं शुक्रवार सायं तेज बारिश आंधी का दोर शुरू हुआ। इस दौरान आंधी से टीन सैड गिर गया। ग्रामीणों ने बताया कि तेज आंधी से गांव के किसान गोपाल सिंह रावणा राजपूत के जय धनोप मां कृषि सेवा केन्द्र जेतपुरा का टिन सेंड गिर गया। राजू लाल रावणा राजपूत ने बताया कि तेज आंधी तूफान बारिश की वजह से टीन सैड धराशाही हो गया और उसके निचे रखें किसान के चने सरसों के कट्टे दबे दब गए।

# पंचायती राज संस्थाओं के उपचुनाव : जिला परिषद सदस्य, पंचायत समिति सदस्य व पंच पद के उपचुनाव का कार्यक्रम घोषित

बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार पंचायती राज संस्थाओं के उपचुनाव 2025 के लिये चुनाव कार्यक्रम घोषित किया गया है। जिला कलक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. आर्तिका शुक्ला ने बताया कि अलवर जिले में जिला परिषद सदस्य का निर्वाचन क्षेत्र संख्यांक 29, मालाखेडा पंचायत समिति सदस्य निर्वाचन क्षेत्र संख्यांक 16 एवं लक्ष्मणगढ पंचायत समिति की ग्राम पंचायत सेहरा के वार्ड संख्यांक 7, बडका के वार्ड संख्याकं 5 तथा जावली के वार्ड संख्यांक 4 एवं थानागाजी पंचायत समिति की ग्राम पंचायत मुण्डावरा के वार्ड संख्यांक 15 के पंच पद हेतु चुनाव करवाये जायेंगे।

उन्होंने बताया कि उप चुनाव के कार्यक्रम के अनुसार जिला परिषद एवं पंचायत समिति सदस्य पद के उपचुनाव के लिये 20 मई को निर्वाचन की अधिसूचना, 26 मई को प्रातः 11 बजे से 3 बजे तक नाम निर्देशन पत्र प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि, 27 मई को प्रातः 11 बजे से नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा, 28 मई को सायं 3 बजे तक नाम वापस लिये जा सकेंगे। इसी दिन नाम वापसी का समय समाप्त होने के बाद चुनाव प्रतीक आवंटित किये जायेंगे। 8 जून को प्रातः 7 बजे से सायं 5 बजे तक मतदान होगा।

9 जून को प्रातः 9 बजे से जिला परिषद सदस्य की मतगणना जिला मुख्यालय पर व पंचायत समिति सदस्यों की मतगणना पंचायत समिति मुख्यालय पर होगी। इसी प्रकार पंच पद के उपचुनाव के लिये 20 मई को लोकसूचना जारी की जायेगी। 26 मई को प्रातः 10 बजे से 5 बजे तक नाम निर्देशन पत्र प्रस्तुत करने की तिथि, 27 मई को प्रातः 10 बजे से नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा, 27 मई को दोपहर 3 बजे तक नाम वापसी की अंतिम तिथि व समय, इसी दिन नाम वापसी के बाद चुनाव चिन्हों का आवंटन, 8 जून को प्रातः 7 बजे से सायं 5 बजे तक मतदान होगा तथा 8 जून को ही मतदान समाप्ति के तुरन्त बाद पंचायत मुख्यालय पर मतगणना होगी।

# विकास के नाम पर कोटा मे अजीबोगरीब प्रस्ताव पर्यावरण प्रेमी उद्वेलित, राजनीतिज्ञ सांसत में






बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( विनोद गौड़ )।** कोटा केडीए द्वारा विकास के नाम पर बड़ी-बड़ी घोषणाएं की जा रही है। हालांकि पिछले 1 साल से केडीए द्वारा एक नया पत्थर तक नहीं लगाया गया है। लेकिन केडीए द्वारा बनाया जा रहे प्रपोजलों से कोटा की जनता हैरान हो चुकी है। पहले वोकेशनल स्कूल के स्थान पर मिनी सचिवालय का विरोध स्थानीय निवासी क्षेत्र के जागरूक लोग पहले ही कर चुके हैं। अब नया मामला कोटा चिड़ियाघर को स्थानांतरित करके यहां पर खेल संकुल बनाने के प्रपोजल से और ज्यादा गरमा गया है। पर्यावरण और वन्यजीव प्रेमियों के साथ साथ विभिन्न सामाजिक क्षेत्रों से जुड़े लोग भी इसके विरोध मे सामने आने लगे है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि यह चिड़ियाघर कोटा की शान रहा है ।वही यह कोटा के, जैव विविधता और पशु पक्षियों के लिए आश्रय के परंपरागत स्थलों के रूप में जाना जाता है। ऐसे में प्राकृतिक आवासों को नष्ट नहीं किया जाना चाहिए। अभी हैं 1 करोड़ के कार्य। याद रहे कि अभी कुछ समय पूर्व ही चिड़ियाघर में रिनोवेशन मरम्मत का वृहद स्तर पर कार्य करवाया गया है।

### यह है अभी चिड़ियाघर की स्थिति

- वन्यजीवों के पिंजरे रेस्क्यू करके लाये गए जानवरों के लिए प्रवास की सुविधा।
- विभिन्न प्रकार के देसी विदेशी दुर्लभ स्पीशीज के पक्षीयो के इंक्लोजर।
- विभिन्न प्रकार के खुले में रहने वाले पशु पक्षियों के घोंसले बंदर आदि।
- उपवन संरक्षक कार्यालय चिड़ियाघर प्रबंधन प्रशासनिक भवन।
- विभिन्न प्रकार के वृक्ष करीब डेढ़ सौ साल पुराने वृक्ष भी यहां पर देखे जाते हैं , जिम बरगद नियम गूलर आम जामुन बहेड़ा सहजन गूलर नीम के सैकड़ो वृक्ष है।

### इनका कहना

कोटा वैसे भी पर्यावरण और तापमान के लिहाज से रेड जोन में आता है पठारी क्षेत्र के कारण यहां तेजी से तापमान बढ़ता है ऐसे में शहर में जितनी ज्यादा ग्रीनरी बढ़ाई जा सके बढ़ानी चाहिए ।और यह पहले से बने हुए इन ऐतिहासिक धरोहरों को संजोये रखने से ही हो सकता है।

**डॉ सुधीर गुप्ता।**
**संयोजक हम लोग।**





### इनका कहना

चिड़ियाघर की स्थापना 1905 में की गई थी हमारे पास कोटा विकास प्राधिकरण से पत्र आया है हमने यहां की वस्तु स्थिति से उन्हें अवगत करा दिया गया है आगे का निर्णय उच्च अधिकारियों के हाथ में है।

**अनुराग भटनागर**
**उपवन संरक्षक, वन्य जीव कोटा।**

# कर्नल सोफिया कुरैशी पर टिप्पणी के मामले में मध्यप्रदेश के मंत्री शाह की मुश्किलें बढ़ी

## बूंदी के कांग्रेस नेता की शिकायत पर राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने दर्ज किया केस

बढ़ता राजस्थान

**बूंदी ( अनन्त दाधीच )।** पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारतीय सेना की ओर से पाकिस्तानी आतंकी ठिकानों पर भारत की ओर से जवाबी कार्यवाही में शामिल महिला सैन्य अधिकारी कर्नल सोफिया कुरैशी पर मध्यप्रदेश सरकार के मंत्री विजय शाह के द्वारा आपत्तिजनक टिप्पणी के मामले में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने केस दर्ज कर लिया है। आयोग ने बूंदी के कांग्रेस नेता राजस्थान बीज निगम के पूर्व निदेशक चर्मेश शर्मा की शिकायत पर शुक्रवार को केस दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी है।कर्नल सोफिया कुरैशी पर आपत्तिजनक टिप्पणी के मामले में राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग के एक्शन में आने के बाद मध्यप्रदेश सरकार के मंत्री विजय शाह की मुश्किले बढ़ती जा रही है।

**आयोग ने शुक्रवार को दर्ज किया केस :** मंत्री विजय शाह के कर्नल सोफिया कुरैशी के विरुद्ध आपत्तिजनक बयान के बाद इस मामले में बूंदी के चर्मेश शर्मा ने गुरुवार को राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग में शिकायत की थी। जिस पर आयोग ने शुक्रवार को आयोग ने इस मामले में केस दर्ज कर लिया।

**नारी सम्मान की गरिमा के विरुद्ध बयान :** मानवाधिकार आयोग में दर्ज शिकायत में बूंदी के कांग्रेस नेता चर्मेश शर्मा ने पहलगाम हमले के बाद भारत-पाकिस्तान युद्ध के दौरान भारतीय सेना की ओर से पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों पर हमला करने वाली कर्नल सोफिया कुरैशी के विरुद्ध मध्यप्रदेश के सरकार के मंत्री विजय शाह द्वारा आपत्तिजनक टिप्पणी को भारतीय नारी सम्मान की गरिमा को ठेस पहुंचाने वाला व राष्ट्रीय एकता व अखंडता की विरुद्ध बताया गया है।

### कड़ी कार्यवाही की मांग

शिकायत में मानव अधिकार आयोग से भारतीय सेना की सभी महिला अधिकारियों की नारी सम्मान की गरिमा सुनिश्चित करने के साथ कर्नल सोफिया कुरैशी के विरुद्ध आपत्तिजनक बयान देने वाले मध्य प्रदेश सरकार के मंत्री विजय शाह के विरुद्ध कड़ी से कड़ी कार्यवाही करने की मांग की गयी है।

### भारतीय सेना का सम्मान सर्वोपरि - शर्मा

राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग में कर्नल सोफिया कुरैशी के विरुद्ध अपमानजनक टिप्पणी पर मध्यप्रदेश सरकार के मंत्री विजय शाह के विरुद्ध शिकायत दर्ज करवाने वाले बूंदी के कांग्रेस नेता राजस्थान बीज निगम के पूर्व निदेशक चर्मेश शर्मा ने कहा कि भारतीय सेना का सम्मान सर्वोपरि है।और किसी भी सैन्य अधिकारी का इस तरह से अपमान बर्दाश्त नहीं किया जा सकता है।शर्मा ने कहा कि यह और भी शर्मनाक है कि जिस व्यक्ति ने संविधान की शपथ लेकर एक राज्य सरकार के मंत्री का पद ग्रहण कर रखा है उसके द्वारा ऐसी अपमानजनक टिप्पणी भारतीय सेना की महिला अधिकारी के विरुद्ध की गयी है। शर्मा ने कहा कि प्रत्येक देशवासी को वर्तमान समय मे भारतीय सेना का हर स्तर पर हर हौसला बढ़ाना चाहिये।

# दिलाई शपथ लक्ष्य करेंगे पूरे, सरकारी योजना आमजन तक पहुँचाने का टारगेट तय

## रामगंज मंडी स्थित ब्लॉक स्वास्थ्य केंद्र पर सी एम एच ओ की समीक्षा बैठक

बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( विनोद गौड़ )।** दिनाँक 16-05-25 को नगरपालिका रामगंजमंडी में मुख्य एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ नरेन्द्र नागर व खण्ड मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ राजेन्द्र मीणा की अध्यक्षता में ब्लॉक मीटिंग का आयोजन किया गया। बैठक में सीएमएचओ डॉ नागर ने सभी कर्मचारियों को डेंगू डे पर डेंगू से रोकथाम तथा बचाव की शपथ दिलाई तथा सभी को सजग रहकर संवेदनशीलता के साथ फिल्ड में काम करने के निर्देश दिये एवं एनसीडी प्रोग्राम में कम प्रोग्रेस वाले कर्मचारियों को फटकार लगाई तथा एक माह में प्रगति में सुधार करने के निर्देश दिये साथ ही चिकित्सालयों में आवश्यक दवाओं तथा जाँचो की उपलब्धता सुनिश्चित रखने के निर्देश दिये । बीसीएमओ डॉ राजेन्द्र मीणा द्वारा ब्लॉक के सभी अधिकारियो कर्मचारियों को निर्धारित गणवेश में अस्पतालों में समय पर उपस्थित रहने के लिये कहा। इसके पश्चात उन्होंने बॉयोमेडिकल वेस्ट निस्तारण, लू तापघात से बचाव, पीने के पानी की व्यवस्था, कूलरों में समय समय से लार्वा की जाँच व साफ सफाई की व्यवस्था और अन्य सुविधाओं की पालना सुनिश्चित करने के लिये निर्देश दिये। बैठक में डिप्टी ष्द्धद्धश डॉ घनश्याम मीणा द्वारा मलेरिया, डेंगू व मौसमी बीमारियों की रोकथाम एव उपचार के बारे में तथा क्लोरोस्कोप से पानी की जाँच करने के बारे में विस्तृत जानकारी दी गईं। बैठक में डीटीओ डॉ एस एन मीणा द्वारा टी बी के 100 days campaign के बारे में जानकारी देते हुए तय लक्ष्यों को समय पर पूरा करने के निर्देश दिये।

उक्त बैठक में डीपीएम नरेन्द्र वर्मा ने बायोवेस्ट निस्तारण की विस्तृत जानकारी दी और साथ ही सरकार की विभिन्न योजनाओं के बारे में बताते हुए उन योजनाओं का लाभ प्रत्येक लाभार्थी को समय पर देने के लिए निर्देशित किया। इसके पश्चात जिला एनसीडी इंचार्ज डॉ प्रियंका जांगिड़ द्वारा एन सी डी कार्यक्रम के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए ज्यादा से ज्यादा एनसीडी स्क्रीनिंग करने के लिए कर्मचारियों को निर्देशित किया।

बैठक में एपिडेमियोलॉजिस्ट डॉ विनोद प्रभाकर ने क्लोरोस्कोप के उपयोग करने और सर्वे के दौरान क्लोरीन की गोलियों के इस्तेमाल में रखने वाली सावधानियों के बारे में जानकारी दी। उक्त बैठक में डॉ रामप्रसाद बनासिया, डॉ गिर्राज अग्रवाल, डॉ मुकेश गुप्ता, डॉ अर्पित गुप्ता, डॉ पंकज राठौर, डॉ एच के यादव, बीपीओ श्रीमती आरती शर्मा और ब्लॉक से अकॉउंटेंट रमेशचंद्र मीणा, श्रीमती पिंकी शर्मा, बीएनओ मुनेश और नीरज मिश्रा उपस्थित रहे।

# जंगली जानवरो के शिकारियों को दबोचा

## मौके से बंदूक, चाकू ओर तीर कमान सहित जंगली जानवरो के अंग भी मिले

बढ़ता राजस्थान



**कोटा ( विनोद गौड़ )।** वन्य जीव अभयारण शेरगढ़ में शिकार करते एक अभियुक्त गिरफतार कर लिया अभियुक्त के कब्जे से 2 जंगली सुअर तथा बाज़ के पंख भी बरामद किये गये। कार्यवाही वन विभाग ओर वलेंटियर के सयुंक्त घेर बंदी से संभव हुई। क्षेत्रीय वन अधिकारी जितेन्द्र खटीक ने बताया कि दिनांक 15/05/25 को रेंज की उड़नदस्ता टीम एव किशनपुरा नाके का समस्त स्टाफ़ एव वॉलिंटियर्स की सहयहाता से अवैध रूप से तेन्दू पत्ता निकासी की रोकथाम हेतु गश्त की जा रही थी ।

पैदल गश्त के दौरान स्टाफ को एंटिपोचिग भरतपुर के पास पीछे वाली पहाड़ी पर कुछ हलचल सुनाई दी इसी हलचल को ध्यान में रखते हुए स्टाफ द्वारा चारो तरफ से घेरा बनाकर घटना स्थल की तरफ आगे बढ़े जैसे-जैसे घटनास्थल के नजदीक पहुंचे तो थोड़ी दुर तीन व्यक्ति किसी वन्यजीव को लेकर जाते दिखाई दिये स्टाफ् धीरे धीरे उनके पास बढ़ने लगा। जैसे-जैसे इनके पास गये इनके साथ इनके पालतु कुत्ते भोगने लगे। शिकारियों को वर्दी में स्टाफ दिखाई दे गया । शिकार किया वन्यजीव फेक कर तीनों अभियुक्त अपने सामान एवं एक टोपीदार बन्दूक फेककर भागने की कोशिश करने लगे। दो व्यक्ति पहाडी के नाले में भागने में कामयाब रहे। बुजुर्ग व्यक्ति थोडी दुर ही भाग पाया जिसे स्टाफ द्वारा पकड लिया गया। व्यक्ति को घटनास्थल तस्दीक कराया गया। तो वहा दो जंगली सुअर मृत अवस्था मे मिले जिनका इन तीनो द्वारा शिकार किया गया था ।

### ऐसे किया शिकार और खा गये

कुत्ते से दौडा कर इनका शिकार किया गया एवं किसी धारदार हथियार से मारा गया । सुअर के शरीर पर धारदार हथियार के निशान मिले।मुलजिम ने अपना नाम कालुलाल एव पिता का नाम गेंदीमल निवासी अकावद खुर्द बताया इनकी तलाशी ली गई तो मुल्जिम के पास में बंदूक में भरने हेतु सीसा, विस्फोटक मिला ।1 जंगली सुअर जिसे पोटली में बांधा हुआ था उसमे 1 छुर्रा भी बरामद हुआ । मुल्जिम से मोके पर ही सघन पूछताछ की गयी तो मुल्जिम ने दो और साथी मुल्जिमो के नाम बताए । पहला नाम महेन्द्र पुत्र कालु लाल निवासी अकावद खुर्द व दुसरा रामभरोस पुत्र कालूलाल निवासी अकावद खुर्द होना बताया दोनों उसी अभियुक्त के पुत्र बताए । दो और मुल्जिमो को डिटेन करने के लिए कालूलाल की निशानदेही पर अकावद खुर्द इनकी टापरी पर ले जाया गया । टपरी में कई सामान जिनका प्रयोग तीरबान (धनुष), एक छूरा जो खून में भरा हुआ था ।

एक बोतल (कवाटर) में विस्फोटक जो शिकार में काम में लिये जाते है, एक शीशा कांच का जंगली सुअर का एक दांत, 1 पक्षी के पंख (जो बाज के थे) मुल्जिम द्वारा बताया गया कि बाज को हमने शिकार कर खा लिया।

मुल्जिम से लगातार पुछताछ की जा रही है उनके द्वारा दो और स्थान बताये गए जहां भी देर शाम दबीश दी गयी पर मुल्जिम नहीं मिले । कालूलाल को रात के लिए कस्टडी में रखा गया कस्टडी के पूर्व राजकीय चिकित्सालय अटरू से मेडीकल करवाया गया साथ ही शिकार किये गये जंगली सुअर 1 नर व 1 मादा को पोस्टमार्टम हेतु कोटा चिड़ियाघर ले जाया गया ।

# समरानिया में अतिक्रमण के खिलाफ प्रशासन का कड़ा एक्शन : जेसीबी से मकान ध्वस्त, लोगों को दी चेतावनी

बढ़ता राजस्थान



**बारां ( लेखराज शर्मा )।** बारां जिले के समरानिया कस्बे में लंबे समय से रुके हुए नाली और सड़क निर्माण कार्य में बाधा बने अतिक्रमण को लेकर प्रशासन ने आज सख्त कदम उठाया। प्रशासनिक टीम ने अतिक्रमण हटाने की मुहिम शुरू करते हुए कई मकानों को जेसीबी की सहायता से ध्वस्त कर दिया। इस कार्रवाई के दौरान प्रशासन ने अतिक्रमण करने वालों को कड़ी चेतावनी दी कि वे अपनी निजी वस्तुएं सड़क और सार्वजनिक स्थानों से हटा लें, अन्यथा उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि अतिक्रमण के कारण आमजन को आवागमन में हो रही परेशानियों को देखते हुए यह कदम उठाया गया है। प्रशासनिक अधिकारियों ने बताया कि यह कार्रवाई नगर में सुचारू यातायात और विकास कार्यों को तेज़ी से आगे बढ़ाने के लिए आवश्यक थी। उन्होंने आमजन से अपील की कि वे सार्वजनिक स्थानों पर अतिक्रमण करने से बचें और निर्माण कार्य में बाधा उत्पन्न न करें।

# कल होगा देवर्षि नारद जयंती एवं पत्रकार सम्मान समारोह 2025, विभिन्न 6 वर्गों में ली जा रही है प्रविष्टियां

बढ़ता राजस्थान



**कोटा ( विनोद गौड़ )।** विश्व संवाद केंद्र चित्तौड़ प्रांत कोटा चैप्टर की ओर से कल 18 मई को शिव ज्योति कॉन्वेंट स्कूल श्रीनाथपुरम में प्रात: 11 बजे देवर्षि नारद जयंती एवं पत्रकार सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख सुनील आम्बेकर रहेंगे।

मुख्य अतिथि संभागीय आयुक्त राजेंद्र सिंह शेखावत होंगे। अध्यक्षता शिक्षाविद महेश गुप्ता करेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय में सतत शिक्षा विद्यापीठ के निदेशक एवं पत्रकारिता विभाग के आचार्य प्रोफेसर सुबोध कुमार होंगे। इस दौरान चयनित पत्रकारों को छह श्रेणियों में पुरस्कार दिए जाएंगे। उत्कृष्ट स्तम्भकार नारद सम्मान, उत्कृष्ट डिजिटल पत्रकार नारद सम्मान, उत्कृष्ट कंटेंट क्रिएटर (यूट्यूब) नारद सम्मान, उत्कृष्ट छायाकार (फोटो / वीडियो) नारद सम्मान, उत्कृष्ट महिला / स्त्री सरोकार, उत्कृष्ट पत्रकार प्रिंट नारद सम्मान दिया जाएगा। प्रत्येक वर्ग में चयनित पत्रकार को सम्मान स्वरूप 11 हजार रुपए की राशि प्रदान की जाएगी। उल्लेखनीय है कि विगत तीन वर्षों से विश्व संवाद केंद्र, चित्तौड़ प्रान्त के तत्वावधान में यह कार्यक्रम पत्रकरिता जगत में अपनी उत्कृष्ठ सेवाएं देने वाले पत्रकार एवं मिडियाकर्मी को सम्मानित करने हेतु एक प्रयास है। गतवर्ष इस का आयोजन भीलवाड़ा में हुआ था।

# डॉग स्क्वॉड व बम निरोधक दस्ते ने शहर मे चलाया सर्च ऑपरेशन

बढ़ता राजस्थान

**बूंदी ( अनन्त दाधीच )।** प्रदेश के हाड़ौती के बारा सहित चार जिलो मे बम ब्लास्ट की धमकी मिलने के बाद पुलिस अलर्ट मोड पर है और सूरक्षा कारणो से निगरानी बनाये हुये है। इसी के तहत शुक्रवार को बम निरोधक दस्ते ने डॉग्स ( श्वान ) के साथ शहर के रेलवे स्टेशन व बस स्टेट पर सुरक्षा की दृष्टि से निरीक्षण और संदिग्धो से पूछताछ की। डॉग स्क्वायड टीम द्वारा बूंदी शहर में संदिग्ध इलाकों पर पैनी नजर से हालातो को देखते हुए सुरक्षा दृष्टि को ध्यान में रखते हुए डॉग स्क्वायड टीम द्वारा निरीक्षण किया गया है। बूंदी शहर के रेलवे स्टेशन व बस स्टैंड पर निरीक्षण करने के बाद टीम ने हाडौती के प्रसिद्ध मंदिर केशोराय पाटन मंदिर पर जांच की।



# मुख्यमंत्री स्वनिधि योजना अन्तर्गत पात्र व्यक्ति करें आवेदन

बढ़ता राजस्थान

**बूंदी ( अनन्त दाधीच )।** मुख्यमंत्री ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में शहरी क्षेत्र के जरूरतमंद और असहाय परिवारों के लिये मुख्यमंत्री स्वनिधि योजना शुरू करने की घोषणा की थी। इसका उद्देश्य असंगठित क्षेत्र में सेवाऐं देने वाले लोगो को आर्थिक मदद देना है। नगर परिषद आयुक्त धर्मेन्द्र मीणा ने बताया कि योजना के तहत नगरीय निकाय की सीमा में रहने वाले गिग वर्कर, ट्रांसपोर्ट वर्कर, घरेलु कामगार, भवन निर्माण श्रमिक, होकर, वेस्ट वर्कर, दस्तकार जैसे लोग जिन्हें प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना का लाभ नही मिला है,उन्हें इस योजना में शामिल किया जाएगा।

# नाबालिग पीड़िता के साथ छेड़छाड़ करने के आरोपी को 3 वर्ष की सजा व 30 हजार रुपए अर्थ

बढ़ता राजस्थान

**बूंदी ( अनन्त दाधीच )।** न्यायालय पोक्सो क्रम संख्या 1 बूंदी न्यायाधीश बन्ना लाल जाट ने नाबालिक बालिका से छेड़छाड़ करने के आरोप में आमली खेड़ा निवासी लोकेश को 3 तीन वर्ष के कठोर कारावास की सजा एवं 30 हजार रूपये अर्थदंड से दण्डित किया है। पीड़ता के पिता ने 2 जनवरी 25 को इन्द्रगढ थाने में रिपोर्ट दी थी कि उस कि बेटी सुबह लगभग 7 बजे मकान के बरामदे में साफ सफाई कर रही थी वह अकेली थी तभी वहां पर गांव का लोकेश अचानक मकान में आया और बेटी का हाथ पड़कर कमरे के अंदर ले जाने लगा तो वह जोर-जोर से चिल्लाई मेरे भाई ने चिल्लाने की आवाज सुनकर मकान के अंदर आए और तो लोकेश वहा से भाग गया। तहरीर रिपोर्ट प्राप्त होने पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान न्यायालय में चालान पेश किया । न्यायालय पोक्सो क्रम संख्या 1 न्यायाधीश बन्ना लाल जाट ने निर्णय सुनाते हुए अभियुक्त लोकेश पुत्र खाना को तीन वर्ष कठोर कारावास की सजा, 30हजार रूपये अर्थदंड से दण्डित किया। उक्त प्रकरण की पैरवी करते हुए विशिष्ट लोक अभियोजक मुकेश जोशी ने 9 गवाह एवं 17 दस्तावेज प्रदर्श कराये ।

# ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में हुई पीईईओ और संस्था प्रधानों की बैठक

## स्कूली बच्चों की यूनिफॉर्म सिलाई के साथ अन्य विषयों पर हुई चर्चा

बढ़ता राजस्थान



**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** शहर के मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में शुक्रवार को क्षेत्र के पंचायत प्रारंभिक शिक्षा अधिकारियों एवं शहरी क्षेत्र के पंचायत प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी का एक कैंप संयुक्त शिक्षा निदेशक भरतपुर के निर्देश पर आयोजित किया गया। जिसमे सत्र 2023-24 में सरकार द्वारा सरकारी विद्यालय में अध्ययरत बच्चों के लिए उपलब्ध कराई गई यूनिफॉर्म की सिलाई की राशि की डीबीटी की प्रगति की समीक्षा के साथ साथ जिन पंचायत प्रारंभिक शिक्षा अधिकारियों का कार्य संतोषजनक नहीं था, उनसे कारण बताओं नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया। ब्लॉक शिक्षा विभाग के आरपी सुरेश भारद्वाज ने बताया कि कैंप में मुख्यमंत्री शिक्षित राजस्थान अभियान के अंतर्गत विद्यालयों में वर्तमान में चल रहे धारा प्रवाह पठान के तहत बच्चों के मूल्यांकन की समीक्षा की गई। जिसमें जिन पंचायत प्रारंभिक शिक्षा अधिकारियों के क्षेत्र में बच्चे शेष रहे है उनको पूर्ण करने के निर्देश दिए तथा उच्च प्राथमिक विद्यालयों में बच्चों के नामांकन के अनुसार फर्नीचर के सेट की आवश्यकता की सूचना प्राप्त की गई। बैठक में पंचायत प्रारंभिक शिक्षा अधिकारियों के साथ मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कल्याण सिंह मीणा ने वार्ता करते हुए विभाग द्वारा चलाए जा रहे हैं विभिन्न कार्यक्रमों की समीक्षा की।अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी अजय कुमार कौशिक ने डी वी टी के संबंध में जानकारी प्राप्त की। आर पी सुरेश भारद्वाज एवं घनश्याम दास मीणा ने ओरल रीडिंग फ्रीक्वेंसी कार्यक्रम के बारे में समीक्षा की। बैठक में पंचायत प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी विष्णु कुमार शर्मा,राजकुमार उपाध्याय,द्वारका प्रसाद मीणा,विष्णु कुमार मीणा,रामचरण मीणा,राजेंद्र सिंह बघेल,रजनीश रावत सहित अन्य मौजूद रहे।

# व्यापार महासंघ ने की अतिक्रमण की चपेट में आए व्यापारियों के लिए स्थान की मांग



बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( यतेन्द्र पाण्डेय )।** भरतपुर जिला व्यापार महासंघ के एक प्रतिनिधि मंडल ने गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेडम से सर्किट हाउस में मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा, प्रतिनिधि मंडल में जिलाध्यक्ष संजीव गुप्ता जिला महामंत्री नरेन्द्र गोयल जिला प्रवक्ता विपुल शर्मा शामिल थे, जिला प्रवक्ता विपुल शर्मा ने बताया कि प्रातः 8 बजे मंत्री महोदय से मुलाकात की गई और ज्ञापन सौंपा गया, ज्ञापन में शहर में हो रही अतिक्रमण की कार्यवाहियों के कारण जिन व्यापारियों को बेरोजगार बना सड़क पर लाया जा रहा है उनको उचित मुआवजा दिलवाने या किसी अन्य पर व्यापार के लिए स्थान दिलाने की मांग रखी गई थी, जिस पर कार्यवाही करते हुए गृह राज्य मंत्री द्वारा वहां उपस्थित नगर निगम आयुक्त को आदेशित किया गया, जिस आयुक्त द्वारा भरोसा दिलवाया गया कि जो भी व्यापारी सही है उसका प्रपोजल बना कर भेजा जा चुका है, जिसके अंतर्गत उनको शीघ्र ही किसी और जगह पर स्थान दिया जाएगा, जिसमें चाहे गोवर्धन गेट के आसपास के दुकानदार हो या गंगामंदिर स्थित गोपाल बैंड व अन्य दुकानदार हो, , मंत्री महोदय से शहर के विकास कार्यों को लेकर भी लगभग 1 घंटे तक चर्चा हुई, चर्चा के दौरान महासंघ द्वारा विकास कार्यों को लेकर कई सुझाव भी दिए गए,जिनको मंत्री द्वारा गम्भीरता पूर्वक सुना गया और आश्वाशन दिया कि दिए गए सुझावों को ध्यान रखा जाएगा।

# पंचायतीराज संस्थाओं के उप चुनाव- 2025, मतदान 8 जून को

बढ़ता राजस्थान

**अजमेर ( घनश्याम दास )।** 16 मई को पंचायतीराज संस्थाओं के जिले में रिक्त पदों के लिए उप चुनाव के अन्तर्गत मतदान रविवार 8 जून को होगा। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ज्योति ककवानी ने बताया कि पंचायतीराज संस्थाओं में एक जून 2024 से 31 दिसम्बर 2024 तक विभिन्न कारणों से रिक्त हुए पदों पर उप चुनाव होंगे। पंचायत समिति अराई के निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 6, सुनारिया (सरवाड़) के वार्ड पंच क्रमांक एक, बाजटा (सावर) के वार्ड पंच क्रमांक 5 तथा सदापुर (सरवाड़) के वार्ड पंच क्रमांक 7 के लिए उप चुनाव होंगे। चुनाव कार्यक्रम की घोषणा के साथ ही संबंधित निवार्चन क्षेत्रों में आदर्श आचरण संहिता के प्रावधान तुरन्त प्रभाव से लागु हो गए हैं। ये चुनाव प्रक्रिया की समाप्ति तक लागू रहेंगे। उन्होंने बताया कि पंचायत समिति सदस्य के उप चुनाव के लिए अधिसूचना मंगलवार 20 मई को जारी होगी। नाम निर्देशन पत्र प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि सोमवार 26 मई को प्रातः 11 बजे से अपराह्न 3 बजे तक (रविवार 25 मई को छोड़कर) है। नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा मंगलवार 27 मई प्रातः 11 बजे से होगी। नाम वापसी बुधवार 28 मई को अपराह्न 3 बजे तक की जा सकेगी। चुनाव प्रतीकों का आवंटन एवं चुनाव लड़ने वाले अभ्यर्थियों की सूची का प्रकाशन बुधवार 28 मई को नाम वापसी का समय समाप्त होने के तुरन्त पश्चात् होगा। मतदान रविवार 8 जून को प्रातः 7 बजे से सायं 5 बजे तक होगा। मतगणना पंचायत समिति मुख्यालय पर सोमवार 9 जून को प्रातः 9 बजे से होगी। उन्होंने बताया कि वार्ड पंच पद के लिए निर्वाचन की लोक सूचना मंगलवार 20 मई को जारी होगी। नाम निर्देशन पत्र प्रस्तुत करने की तिथि सोमवार 26 मई को प्रातः 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक है। नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा मंगलवार 27 मई को प्रातः 10 से होगी। नाम वापसी की अंतिम तारीख मंगलवार 27 मई को अपराह्न 3 बजे तक है। चुनाव प्रतीकों का आवंटन एवं चुनाव लड़ने वाले अभ्यर्थियों की सूची का प्रकाशन मंगलवार 27 मई को नाम वापसी का समय समाप्त होने के तुरन्त पश्चात् होगा। मतदान रविवार 8 जून को प्रातः 7 बजे से सायं 5 बजे तक होगा। मतगणना पंचायत मुख्यालय पर रविवार 8 जून को मतदान समाप्ति के तुरन्त पश्चात् होगी।

# पेंशनर समाज उपशाखा बसेड़ी ने भूमि आवंटन के लिए सौंपा ज्ञापन

बढ़ता राजस्थान

**बसेड़ी ( राजू शर्मा )।** राजस्थान पेंशनर समाज उपशाखा बसेड़ी के पदाधिकारियों ने उपशाखा बसेड़ी अध्यक्ष रामनरेश शर्मा के नेतृत्व में उपखंड कार्यालय पहुंच उपखंड अधिकारी बसेड़ी के नाम ज्ञापन देकर ब्लॉक स्तर पर पेंशनर्स भवन के लिए भूमि आवंटन किए जाने की मांग की है। ज्ञापन में बताया कि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला द्वारा राजस्थान पेंशनर समाज के प्रदेश स्तरीय प्रांतीय अधिवेशन में अपने उद्बोधन में प्रत्येक ब्लॉक स्तर पर पेंशनर समाज हेतु पेंशनर्स भवन बनाने की घोषणा करते हुए राजस्थान सरकार को निर्देशित किया गया था इस तथ्य को मद्देनजर रखते हुए पुराने तहसील परिसर में 150 वर्गगज का भूखंड आवंटित किया जाए या पूर्व में बसेड़ी प्रथम के नाम से जो विद्यालय था वो वर्तमान में हायर सैकेंडरी विद्यालय बसेड़ी में समायोजित हो चुका है जिसके चलते विद्यालय का भवन खाली पड़ा हुआ है अगर उस भवन को भी पेंशनर्स भवन के लिए आवंटित किया जाता है तो पेंशनर समाज उपशाखा बसेड़ी के हित में होगा। इस दौरान रामनरेश शर्मा, प्रेमसिंह परमार, अमर सिंह परमार, कैलाश चंद अग्रवाल, दामोदर पाराशर, बिजेंद्र सिकरवार, घमंडी लाल, मोहर सिंह परमार, कृष्ण मुरारी मंगल, छोटेलाल, ब्रजकिशोर शर्मा, भगवान स्वरूप कौशिक, रोशनलाल शर्मा, शिवकुमार शर्मा मौजूद रहे।

# महिला ने खाई ओवरडोज दवाः पति से झगड़े के बाद उठाया कदम, अस्पताल में कराया भर्ती

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** गुमट मोहल्ले में पति-पत्नी के बीच हुए झगड़े के बाद एक 25 वर्षीय महिला ने दवाओं की ओवरडोज ले ली। महिला की तबीयत बिगड़ने पर परिजन उसे तुरंत सामान्य अस्पताल लेकर आये। जहां उसे भर्ती कर उपचार दिया जा रहा है। अस्पताल में तैनात चिकित्सक डॉ. आनंद वर्मा ने बताया कि आज दोपहर करीब 12 बजे गुमट मोहल्ला की रहने वाली महिला को अस्पताल लाया गया। परिजनों ने बताया कि पति से झगड़े के बाद महिला ने अपने कमरे में जाकर घर में रखी पुरानी दवाइयां खा लीं। महिला के बेहोश होने पर उसे तुरंत भर्ती कर उपचार शुरू किया गया। अस्पताल प्रशासन ने इस घटना की सूचना कोतवाली थाना पुलिस को दे दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# विद्यालय में बोर्ड टॉपर्स का सम्मान समारोह आयोजित



बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा/ग्रामीण ( के एम कुरेशी )।** जिले के शाहपुरा स्थित स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल स्कूल में 10वीं व 12वीं कक्षा के बोर्ड टॉपर्स का विद्यालय परिवार द्वारा अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को ऊपर्णा पहनाकर एवं पुष्प अर्पित कर सम्मानित किया गया। प्राचार्य ईश्वर लाल मीणा ने बताया कि टॉपर रहे पार्थ पोरवाल, ऋषिका जैन, शिवांशी महेश्वरी, शिवम मेवाड़ा, गर्व माहेश्वरी, श्याम सुंदर जाट, वंशराज सोलंकी, आद्विक शर्मा, नंदिनी खटीक, रिद्धिमा राठौर, नव्या सोनी, सुहाना जाट, अंजलि गुर्जर, फरहीन बानो, सुवंश राठौर, हर्षित मीणा, दानिश मंसूरी, गीतांजलि समतानी एवं गरिमा आसवानी को प्रार्थना सभा में विशेष रूप से बधाई दी गई। विद्यालय की इस पहल से विद्यार्थियों में नई ऊर्जा का संचार हुआ और अन्य छात्रों को भी प्रेरणा मिली।

# विवाह कराने वाली सामाजिक संस्था पर आरोप, शादी में आये पैसे हड़पे

## पीड़ित बुजुर्ग महिला ने एसडीएम कार्यालय में की शिकायत



बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** उपखंड के खानपुर मीणा गांव की रहने वाली 82 वर्षीय एक बुजुर्ग महिला ने बाड़ी एसडीएम कार्यालय में ज्ञापन सौप गांव की एक संस्था पर अनाथ बेटी की शादी में मिशन चलाकर लोगों द्वारा दान की गई राशि को संस्था और उसके पदाधिकारी पर हड़पने का आरोप लगाया है। मामले में संस्था और उसके पदाधिकारी के खिलाफ बुजुर्ग महिला ने एसडीएम से कानूनी कार्रवाई करने की भी मांग की है।

82 वर्षीय बुजुर्ग विधवा महिला ग्यासो देवी पत्नी स्वर्गीय सुक्खा जाटव ने आरोप लगाया है कि उसकी नातिन शिवानी जिसके माता-पिता का देहांत हो चुका है की 30 अप्रैल को शादी होनी थी। परिवार में कोई कमाने वाला नहीं है। ऐसे में वे लोग गांव के लोगों से सहयोग मांग रहे थे। इस दौरान गांव के रोहित मीणा के साथ कुछ अन्य युवक उनके घर आए और बताया कि उनकी संस्था मिशन अनाथ बेटी कन्यादान योजना चलाती है। जिसमें वे सभी लोगों से सहयोग एकत्रित कर शादी करते है। ऐसे में भरोसे में लेकर उन्होंने व्हाट्सएप पर उनकी बेटी और परिवार के फोटो भेजें और सहयोग की अपील की।

शादी तक रोहित और उनकी टीम पर करीब 84000 रुपये की राशि एकत्रित हुई। 30 अप्रैल को उनकी नातिन की शादी हुई। जिसमें काफी लोगों ने अपनी तरफ से कन्यादान भी दिया। शादी के बाद संस्था के पदाधिकारियों को बताया कि उनके पास कुल 84 हजार रुपए एकत्रित हुए थे। जिसमें से शादी में 22600 रुपये खर्च हो गए। ऐसे में 61865 रुपए की राशि बची है। जिसको उन्होंने उनकी दूसरी नातिन मधु के नाम से पीएनबी बैंक में एफडी कराने की बात की। बुजुर्ग महिला का आरोप है कि पीएनबी बैंक में आकर जब उन्होंने पता लगाया तो उनके खाते में किसी प्रकार की कोई एफडी नहीं खुली है। संस्था के रोहित और अन्य लोगों ने राशि को हड़प लिया है। ऐसे में उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सोपा है और मामले की जांच के साथ कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

# पंचायत समिति परिसर में हुई ई मित्र संचालकों की बैठक

## हर सेंटर संचालक को आईडी कार्ड के साथ सेंटर पर लगाना होगा बैनर और रेट लिस्ट

बढ़ता राजस्थान



**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** शहर के पंचायत समिति परिसर में शुक्रवार को ईमित्र संचालकों की एक विशेष बैठक का आयोजन किया गया। सफायर इन्फोलाइन संस्था के जिला कोऑर्डिनेटर गौरव शर्मा ने सभी ईमित्र संचालको की बैठक ली। जिसमें सभी ईमित्र संचालकों से आग्रह किया गया की वे डीओआईटी साइट पर दी गई गाइड लाइन का पालन करें साथ में उन्होंने सभी ईमित्र संचालकों को आईडी कार्ड पहनने,स्टेशनरी रखने के साथ सेंटर पर बैनर और रेट लिस्ट लगाने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान काम के ट्रांजैक्शन पर ईमित्र संचालक अरुण शुक्ला को प्रथम,विवेक पाराशर को दूसरे और गोपाल लहचोरिया को तीसरे स्थान पर आने पर समानित किया गया। बैठक के बाद डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर गौरव शर्मा ने बताया कि डीओआईटी साइट पर जो गाइडलाइन दी है। अधिकांश ईमित्र संचालक उनका पालन कर रहे हैं। कुछ जगह से शिकायत मिली है। जिसके आधार पर उन सेंटर को गाइड लाइन की पालना करने के निर्देश दिए हैं। संस्था का उद्देश्य यह है कि जितने भी ईमित्र संचालक हैं वे अपने केंद्र पर आईडी कार्ड पहन कर बैठे।अपने सेंटर पर स्टेशनरी रखें। रेट लिस्ट चस्पा करे और बैनर भी लगाए साथ में किसी भी उपभोक्ता से ओवरचार्जिंग ना करें। प्रत्येक उपभोक्ता से अच्छा व्यवहार करे। बैठक के दौरान शहर के पांच दर्जन से अधिक ईमित्र संचालक मौजूद रहे। जिनको डिस्टिक कॉर्डिनेटर द्वारा एंजियो के सहयोग से उपलब्ध कराए गए आईडी कार्ड वितरित किए गए। इस दौरान ईमित्र संचालक गोपाल लहचोरिया,अरुण शुक्ला,विवेक पाराशर, विष्णु पचौरी,वेद प्रकाश सहित अन्य मौजूद रहे।

# ग्राम खिरिया में उपखंड स्तरीय रात्रि चौपाल आयोजित

बढ़ता राजस्थान



**अजमेर/सरवाड़ ( इक़बाल अहमद )।** अजमेर जिले के सरवाड़ उपखंड के ग्राम पंचायत खिरिया में गुरुवार शाम को उपखंड स्तरीय रात्रि चौपाल सरवाड़ उपखंड अधिकारी सरवाड़ गुरुप्रसाद तंवर की अध्यक्षता में आयोजित हुई। आयोजित कार्यक्रम की जानकारी गोपाल लाल धाकड़ ने देते हुए बताया कि रात्रि चौपाल में ग्रामीणों द्वारा प्राप्त शिकायतों का निवारण किया। रात्रि चौपाल में पशुपालन विभाग, चिकित्सा विभाग विद्युत विभाग, कृषि विभाग, राजस्व विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग कृषि विभाग के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे। रात्रि चौपाल में पंचायत से 11 शिकायती आवेदन प्राप्त हुए जिनको सम्बंधित विभाग को प्रेषित कर निवारण हेतु निर्देशित किया गया। चौपाल में उपखंड अधिकारी गुरु प्रसाद तवर ने उपस्थित सभी अधिकारियों एवं ग्रामीणों को बताया कि किसी भी प्रकार की समस्या को संबंधित अधिकारी को अवगत करवायें यदि संबंधित अधिकारी समय पर समस्या का समाधान नहीं करता है तो उपखंड अधिकारी को अवगत करायें मौके पर सरपंच पति अजय कुमार तोषनीवाल उपखंड कार्यालय से गोपाल धाकड़, भारमल गुर्जर बुद्धि प्रकाश मीणा सहायक अभियान अक्षय कुमार गुप्ता जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी रामेश्वर प्रसाद झारोटिया शिक्षा विभाग जावेद अहमद सहायक अभियंता सुरेश सिंह जल संसाधन विभाग इंजीनियर छोटू लाल धोबी विद्युत विभाग पटवारी कमलेश कुमार भू अभिलेख निरीक्षक धर्मेंद्र पहाड़िया राजस्व विभाग कृषि पर्यवेक्षक अखिलेश कुमार कृषि विभाग खटीक पटवारी सौरभ सैनी डॉ राकेश चौहान एएनएम कमर जहां एएनएम काजल यादव आंगनवाड़ी कार्यकर्ता देबी कंवर संगीता कंवर एल एस प्रियंका लक्षकार किरण कुमारी सहित अनेक अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

# एसबीजीबीटी ने किया प्रतिभाओं का सम्मान

बढ़ता राजस्थान



**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** उपखंड के गांव खानपुर में सोच बदलो-गांव बदलो अभियान के अंतर्गत शिक्षा पाओ-ज्ञान बढ़ाओ प्रतियोगिता के मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय खानपुर मीना में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में 59 प्रतिभागी छात्रों को शील्ड, प्रमाण पत्र और स्कूल बैग प्रदान किया गया। प्रतिभागी विद्यार्थियों को ज्योमेट्री बॉक्स प्रदान कर हौसला बढ़ाया। शिक्षाविद् एवं समाजसेवी बच्चूसिंह ने शिक्षा के महत्व को समझाया और कहा कि मेहनत करने वालों का ईश्वर साथ देता है। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय की प्रधानाचार्य एवं पीईईओ विजयराजे लक्ष्मी शर्मा ने विद्यार्थियों को लगन और मेहनत से पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि दुनिया की जितनी भी समस्याएं हैं उन सभी के समूल नाश के लिए शिक्षा ही एक कारगर हथियार है। उन्होंने कहा कि बालिका शिक्षा समाज में नारी सशक्तिकरण के लिए अत्यंत आवश्यक है। आयोजित कार्यक्रम में सर्किल कोऑर्डिनेटर रामलखन मीना ने प्रतियोगिता के स्वरूप, प्रक्रिया और उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। संचालन पूर्व ब्लॉक शिक्षा अधिकारी रामकुमार मीना द्वारा किया गया। कार्यक्रम में विष्णु कांकरेट, विलेज कोऑर्डिनेटर गौतम मीना, खेमसिंह, विशन, नंदकुमार मीना, धारा मीना, अनेक सिंह, रविंद्र कुमार गौड़ अन्य कार्यकर्ता, स्कूल स्टाफ व ग्रामीण मौजूद रहे।

# तलाब मे डूबने से हुई 4 लोगो की मौत की सूचना पाकर केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी पहुँचे दूदू

## परिवारजनों के प्रति संवेदना प्रकट कर उन्हें बंधाया ढांढस



बढ़ता राजस्थान

**अजमेर ( घनश्याम दास )।** अजमेर जिले के किशनगढ़ 16 मई गुरुवार को दूदू में एक तालाब में डूबने से 4 लोगो की दुखद मृत्यु हो गयी थी, इस घटना की सूचना मिलते ही केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी अपने दिल्ली प्रवास से वापिस किशनगढ़ लौटने के पश्चात शुक्रवार को दूदू पहुँचे, उन्होंने शोक संतप्त परिवारजनों से मुलाकात की और अपनी संवेदनाएं प्रकट करते हुए उन्हें ढांढस बंधाया।

केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री ने कहा कि तालाब में डूबकर 4 जनों की मृत्यु की खबर अत्यंत दुःखद और पीड़ा दायक है, दुःख की इस घड़ी में हम सभी शोक संतप्त परिवार के साथ खड़े हैं। उन्होंने कहा कि मैं परमपिता परमेश्वर से प्रार्थना करता हूँ कि दिवंगत आत्माओ को शांति तथा शोकाकुल परिवार को इस वृजपात को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की।

# श्री प्राज्ञ जैन महिला मंडल की और से गौशाला को पशु खाद्य सामग्री भेंट

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा (अमित शर्मा)।** श्री प्राज्ञ जैन महिला मंडल के तत्वाधान में स्वर्गीय श्रीमती मंजू देवी बाफना धर्म पत्नी सुंदरलाल बाफना की पुण्य स्मृति दिवस के अवसर पर संदीप बाफना व प्रदीप बाफना परिवार की और से सुवाणा कस्बे में श्री मातेश्वरी गौसेवा समिति द्वारा संचालित गौशाला में पल रही गायो एवं बछड़ो को पांच बोरी पशु आहार व एक गाड़ी चारा भेंट किया गया।

मंडल की अध्यक्षा मधु मेडतवाल ने बताया कि भीषण गर्मी से राहत पाने हेतु गायों को पानी, चारा व पशु आहार का वितरण किया गया। मंत्री मधु लोढ़ा ने बताया कि मंडल की सभी सदस्याओ का गौशाला अध्यक्ष ठाकुर रणजीत सिंह राणावत एवं व्यवस्थापक प्रकाश चपलोत जैन द्वारा स्वागत करने के साथ ही उन्हें गौशाला का भ्रमण कराया गया तथा उन्हे गौशाला के इतिहास के बारे मे जानकारी दी गई। साथ ही बताया गया कि सुवाणा गौशाला की स्थापना सरदार वल्लभ भाई पटेल द्वारा की गई थी। तब से यह गौशाला निरंतर संचालित है। इस अवसर पर मंडल की संरक्षिका सुनीता पीपाड़ा,ज्योति पोखरणा,नीलम नाहर, विमला खमेसरा,सविता बाबेल,शीतल डांगी,रेखा बुरड, मंजू पीपाड़ा,उषा बोरदिया,अंजू भंडारी,संगीता मेहता, नीलू खटोड़,जतन लोढा,सरिता चोधरी,सुशीला बाफना, मंजू बाफना,सीमा बाफना,पारस देवी बाफना,सुशीला बाफना,आयुषी बाफना,नेमा बाफना व संदीप बाफना सहित कई उपस्थित थें।



# कपासन के पांडोली स्टेशन ग्राम में सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**कपासन ( नि.स. )।** क्षेत्र के पांडोली स्टेशन ग्राम में श्री सांवलिया धाम मूंगाना के महंत चेतनदास महाराज एवं अनुजदास महाराज के सानिध्य में गुरुवार को सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा के आयोजन का शुभारंभ किया गया। उपसरपंच प्रतिनिधि सत्यनारायण खण्डेलवाल पाण्डोली स्टेशन ने बताया कि भागवत कथा का शुभारंभ विविध धार्मिक अनुष्ठानों के साथ किया गया ।जिसमे भव्य कलश यात्रा का ग्राम के मुख्य मार्गो से आयोजन हुआ ।उक्त कलश यात्रा भ्रमण बाद बालाजी मन्दिर पहुंची तथा पंच कुण्डात्मक यज्ञशाला में यजमानों का शुभ मुहुर्त पर मंगल मण्डप प्रवेश हुआ। जिसमें चेतन वेद गुरुकुलम के बटुकों एवं आचार्य कमलेश खण्डेलवाल द्वारा पूजन एवं गृह शांति हवन- यज्ञ कराया गया ।यहां भागवत कथा में ठाकुरजी के विभिन्न अवतारों की कथा एवं आकर्षक झांकियों के साथ श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव मनाया गया। इस धार्मिक कार्यक्रम में कपासन विधायक अर्जुनलाल जीनगर सहित गणमान्यजनों द्वारा उपस्थित होकर संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा का लाभ लिया गया ।इधर संत अनुजदास महाराज ने भागवत कथा में बताया कि वर्तमान पीढ़ी में शिक्षा के साथ संस्कारों की आवश्यकता है ।बिना संस्कार के संस्कृति अधूरी है। उक्त सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा में प्रतिदिन कथा के उपरांत ठाकुरजी की महाआरती के बाद उपस्थित भक्त एवं श्रद्धालुओं सहित ग्रामीणजन में प्रसाद का वितरण किया जाता है।

## केवट नगर हाईवे 148 डी पर हुआ दर्दनाक सड़क हादसा

# दूल्हे की मां एंव चाची की हुई मौत दूल्हा एंव दूल्हन सहित पांच घायल

बढ़ता राजस्थान

**नैनवां, ( टी.आर सैनी )।** थाना क्षेत्र के केवट नगर के पास शुक्रवार दोपहर को दर्दनाक हादसे में दुल्हे की मां एंव चाची की मौत हो गई। दूल्हा-दूल्हन सहित पांच जने घायल हो गये। जिनकी हालत गंभीर बनी हुई है। सभी घायल बून्दी जिला चिकित्सालय में भर्ती है।

### चौथ का बरवाड़ा जा रहा था परिवार-

शादी के बाद दुल्हा-दुल्हन को चौथ का बरवाड़ा ढोक दिलाने बोलेरे में जा रहा परिवार एनएच 148डी हाईवे केवट नगर के पास सड़क हादसे का शिकार हो गया। शुक्रवार 12 बजे बोलेरो कार सामने से आ रही पिकअप से जोरदार भिड़ंत हो गई। भिड़ंत इतनी भयंकर थी कि बोलेरो के परखच्चे उड़ गये। बोलेरे लुटकी हुई पिकअप करीब सौ मीटर की दूरी पर जाकर गिरी। हादसे में दूल्हे की मां शरमा बाई(48) पत्नि रमेश मीणा व दूल्हे की चाची जोधी बाई(30) पत्नि कालू मीणा निवासी हरमाली का खेड़ा की मौके पर मौत हो गई। हादसे में दूल्हा मुकेश (26) दुल्हन सरोज (23),दूल्हे के पिता रमेश मीणा (50) एंव बोलरे का चालक सुरेश बंजारा (32) निवासी बंजारा का झोपड़ा ताकला गंभीर घायल हो गये। इसके अलावा पिकअप गाड़ी में बैठा हुआ श्योजी गोस्वामी पुत्र भूरा निवासी खोढ़ी घायल हो गया सभी घायलो को ऐम्बूलेंस की मदद से नैनवां उपजिला चिकित्सालय में भर्ती करवाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद सभी बून्दी रैफर किया गया।

**ऐसे हुआ हादसा :** नैनवां से बून्दी जाने वाली रोड़बेज बस घटना स्थल के पास सवारियो को बैठा रही थी। नैनवां से जजावर की ओर जाने वाली पिकअप में दो गये सहित एक जना मौजूद था। इसी दरम्यान हरमाली का खेड़ा से बोलेरो कार आई। एकाएक बोलेरो एंव पिकअप गाड़ी में आमने सामने की भिड़त हो गई। पिकअप गाड़ी का चालक मौके से फरार हो गया। पिकअप में मौजूद दो गौवंश में से एक गाय की मौत हो गई। गायो के साथ बैठा श्योजी गोस्वामी भी घायल हो गया। पुलिस ने दोनो वाहनो को जप्त करके पुलिस थाने पर खड़ा करवा दिया है।



### फाटक तोड़ निकाले घायल

नैनवां थाना क्षेत्र के महज तीन किलोमीटर की दूरी पर केवट नगर हाईवे मोड़ पर हुआ दर्दनाक हादसे में बोलेरो गाड़ी पूरी तरह से क्षतिग्रस्त होकर चिपक गई। किसी का सीर खुन से सना हुआ तो किसी के शरीर बोलेरे से आधा लटका हुआ था। आस पास के लोगो एंव राहगीरो ने बोलेरो गाड़ी की फाटक तोड़ कर घायलो को गाड़ी से बाहर निकाला गया। पुलिस प्रशासन को हादसे की जानकारी दी गई। सुचना पर एसडीएम प्रीती मीणा,डीएसपी राजूलाल मीणा,थानाधिकारी कमलेश कुमार शर्मा, द्वितीय थानाधिकारी कमल बंजारा सहित पुलिस जाप्ता मौके पर पहुँचे। उन्होने घायलो को नैनवां उपजिला चिकित्सालय पहुँचाया जहां कार्यरत चिकित्सको ने दो महिलाओ को मृत घोषित कर दिया। शेष घायलो को बून्दी रैफर किया गया। पुलिस ने मृतक दोनो महिलाओ के शव को उपजिला चिकित्सालय की मोर्चरी में रखवाया गया।

### 8 दिन पूर्व हुई थी, शादी, हादसे में देवरानी जेठानी की हुई मौत-

दबलाना थाना क्षेत्र के हरमाली का खेड़ा निवासी मुकेश मीणा की मोतीपुरा निवासी सरोज से शादी हुई थी। घर परिवार में खुशी का माहौल था। परिवारजनो ने नवदम्पति को चैथ का बरवाड़ा चैथमाता के ढोक दिलवाने की मन्नत थी। मन्नत पूर्ण करने के लिए परिवारजन अपने दूल्हे एंव दूल्हन को साथ लेकर बोलेरो में जा रहे थे। सड़क हादसे में दूल्हे की मां शरमा बाई एंव चाची जो देवरानी जेठानी है,दोनो की मौत हो गई। सड़क हादसे में मृतक दोनो महिलाओ का परिजनो की मौजूदगी में पोस्टमार्टम करके शव परिजनो को सुर्पद कर दिया है। परिजनो की रिर्पोट पर पिकअप चालक के खिलाफ मामला दर्ज करके पुलिस ने जॉच शुरू कर दी है।

**कमलेश कुमार शर्मा**
**थानाधिकारी नैनवां**

# गांधीनगर थाना भवन के लिए विधायक कोठारी ने विभिन्न स्थानों का किया दौरा



बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा ( नि.स. )।** राजस्थान सरकार द्वारा बजट 2025-26 में विधायक अशोक कोठारी की अनुशंसा पर गांधीनगर चौकी को थाने में क्रमोन्नत करने के घोषणा की गई थी। मीडिया प्रभारी पंकज आडवाणी ने बताया कि, विधायक अशोक कोठारी ने थाना भवन के लिए जगह के चिन्हीकरण के लिए विभिन्न उपयुक्त स्थानों का दौरा किया। इस दौरान विधायक कोठारी के साथ एएसपी, सहित कई अधिकारी गण उपस्थित थे। विदित रहे कि भीलवाड़ा शहर का संपूर्ण पटरी पार का हिस्सा प्रतापनगर थाना अंतर्गत आता था, जिससे बहुत बड़ा क्षेत्र होने से आमजन के साथ पुलिस को भी तकलीफों का सामना करना पड़ रहा था। कई भी घटना होने पर पुलिस को भी मौके पर पहुंचने में दिक्कत होती थी और साथ ही पुलिस को गश्त के दौरान भी समस्याओं का सामना करना पड़ता था। आमजन की इस पीड़ा और पुलिस की समस्याओं को देखते हुए विधायक कोठारी ने आमजन और पुलिस की सुविधा को देखते हुए बजट में गांधीनगर चौकी को थाने में क्रमोन्नत करवाया, जिससे अब पटरी पार क्षेत्र में दो थाने हो जाने से आमजन को भी सुविधा होगी और साथ ही पुलिस के रिस्पॉन्स टाइम में भी सुधार होगी, जिससे घटनाओं पर भी अंकुश लगाया जा सकेगा।

# शेरगढ़ अभयारण्य में एक शिकारी गिरफ्तार दो जंगली सूअर का शिकार कर ले जा रहा थे बंदूक और विस्फोटक बरामद, दो आरोपी फरार



बढ़ता राजस्थान

**बारां ( लेखराज शर्मा )।** बारां जिले के शेरगढ़ अभयारण्य में वन विभाग की टीम ने एक शिकारी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से दो मृत जंगली सूअर, टोपीदार बंदूक और विस्फोटक सामग्री बरामद की गई है। दो अन्य आरोपी मौके से फरार हो गए। शेरगढ़ अभयारण्य रेंजर जितेंद्र खटीक के अनुसार, वन विभाग की टीम गश्त पर थी। एंटिपोचिग भरतपुर के पास पहाड़ी क्षेत्र से अजीब आवाज सुनकर टीम तुरंत मौके पर पहुंची। वहां तीन संदिग्ध वन्यजीव को ले जा रहे थे। टीम को देखकर दो शिकारी भाग निकले। वन विभाग ने अकावद कालूलाल को गिरफ्तार किया है। टीम आरोपी से पूछताछ कर रही है। इस कार्रवाई में उड़नदस्ता प्रभारी मुकेश नाथ और नाका प्रभारी किशनपुरा अनीता चौधरी का विशेष योगदान रहा। वनरक्षक पूजा शर्मा, विनोद, बलवान, नरेंद्र वैष्णव, बनवारी, प्रह्लाद, सत्यपाल, राकेश और वाहन ड्राइवर अनिल कुमार भी मौजूद थे।

# संविधान बचाओ एवं जाति जनगणना की मांग को लेकर कांग्रेस की रैली 21 मई को

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा ( अमित शर्मा )।** एआईसीसी एवं पीसीसी के निर्देशानुसार संविधान बचाओ और समय पर जातिगत जनगणना कराने की मांग को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा 21 मई को जिला स्तर पर रैली का आयोजन किया जाएगा। यह रैली जिला कांग्रेस अध्यक्ष अक्षय त्रिपाठी के नेतृत्व में प्रातः 10 बजे रेलवे स्टेशन स्थित अंबेडकर सर्किल से शुरू होकर गोल प्याऊ चौराहा, नेताजी सुभाष मार्केट और राजीव गांधी मार्केट होते हुए सूचना केन्द्र पहुंचेगी। रैली के पश्चात सूचना केन्द्र चौराहे पर बलिदान दिवस के अवसर पर पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न राजीव गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी। इस रैली में वरिष्ठ कांग्रेसजन, जिले के पूर्व सांसद, मंत्री, विधायक, विधायक प्रत्याशी, एआईसीसी एवं पीसीसी के वर्तमान एवं पूर्व पदाधिकारी, अग्रिम संगठनों के प्रतिनिधि, ब्लॉक एवं मंडल स्तरीय पदाधिकारी और युवा साथी शामिल होंगे। जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा ब्लॉक स्तर पर रैली की तैयारी और समन्वय हेतु पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की गई है, जो अपने-अपने ब्लॉक में बैठकें आयोजित करेंगे। आसींद में अनिल राठी, हुरड़ा में अविनाश शर्मा, शाहपुरा में कैलाश सेन, बनेड़ा में एडवोकेट भैरूलाल बैरवा, मांडल में प्रधान शंकरलाल कुमावत, करेड़ा में धर्माराम रायका, मांडलगढ़ में मंजू पोखरना, बिजौलियां में रामफूल धाकड़, सहाड़ा में महेश सोनी, रायपुर में मनोज पालीवाल तथा जहाजपुर एवं कोटड़ी में नीरज गुर्जर को पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है। भीलवाड़ा शहर में निगम के नेता प्रतिपक्ष धर्मेन्द्र पारीक तथा जीते और हारे पार्षदों के साथ वरिष्ठ कांग्रेसजनों को यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। जिला कांग्रेस अध्यक्ष अक्षय त्रिपाठी ने जिले के सभी पूर्व सांसदों, मंत्रियों, विधायकों, एआईसीसी, पीसीसी, अग्रिम संगठनों, ब्लॉक एवं मंडल पदाधिकारियों से अपील की है कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में बैठकें आयोजित कर अधिक से अधिक संख्या में कार्यकर्ताओं को रैली में भाग लेने के लिए प्रेरित करें।

# हज यात्रा पर जाने वाले दंपति का सुभाष नगर में हुआ स्वागत

बढ़ता राजस्थान



**भीलवाड़ा ( अमित शर्मा )।** मक्का-मदीना की पवित्र हज यात्रा पर रवाना होने वाले सुभाष नगर निवासी सेवानिवृत्त व्याख्याता एवं समाजसेवी अब्दुल्ला खान कायमखानी और उनकी पत्नी का आज सुभाष नगर भाईचारा समिति की ओर से गर्मजोशी से स्वागत किया गया। समिति के अध्यक्ष नाहर खां कायमखानी ने अपने निवास स्थान पर उनके सम्मान में विशेष भोज का आयोजन किया, जिसमें समिति के अन्य पदाधिकारियों और गणमान्य लोगों ने भाग लिया। अब्दुल्ला खान को पारंपरिक पगड़ी पहनाकर पुष्पमालाओं से स्वागत किया गया और उनका सम्मान किया गया। अब्दुल्ला खान अपनी हज यात्रा की शुरुआत 21 मई, बुधवार को दोपहर 12:30 बजे भीलवाड़ा से मुंबई जाने वाली विशेष रेलगाड़ी से करेंगे। इसके बाद वे 24 मई, शनिवार को मुंबई हवाई अड्डे से हज की पवित्र यात्रा पर रवाना होंगे। इस पवित्र यात्रा की सफलता और धार्मिक कर्तव्यों की सरलता से पूर्ति के लिए उपस्थित सभी लोगों ने प्रार्थना की। इस अवसर पर पत्रकार शहजाद खान, फखरुद्दीन शेख, बाबू भाई मंसूरी, यासीन खान, फूल खां कायमखानी, डॉक्टर फखरुद्दीन मंसूरी, आफताब अहमद खान, फिरोज खां कायमखानी सहित परिवार के अन्य सदस्य और शुभचिंतक उपस्थित थे।

# जिला कलक्टर ने बारानी कृषि अनुसंधान केन्द्र का किया निरीक्षण



बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा ( अमित शर्मा )।** जिला कलक्टर जसमीत सिंह संधू ने शुक्रवार को बारानी कृषि अनुसंधान केन्द्र आरजिया अन्तर्गत मृदा परीक्षण प्रयोगशाला एवं केन्द्र की गतिविधियों का अवलोकन किया। उन्होंने कृषि एवं उद्यान विभाग के अधिकारियों से केन्द्र का अवलोकन कर विस्तृत समीक्षा की। जिला कलक्टर ने कृषि वैज्ञानिकों को कृषकों की आवश्यकता आधारित कृषि प्रणाली विकसित करने के निर्देश दिये तथा साथ ही केन्द्र के विस्तार हेतु भविष्य की कार्ययोजना हेतु विस्तृत चर्चा कर केन्द्र को सुदृढ करने को भी निर्देशित किया। निरीक्षण के दौरान संयुक्त निदेशक कृषि (वि0) विनोद जैन, उप निदेशक उद्यान डॉ शंकर सिंह राठौड, प्रोफेसर डॉ. के.सी. नागर, एवं मुख्य वैज्ञानिक डॉ. ललित छाता सहित केन्द्र के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# समय का सदुपयोग करने वाला ही सफलता प्राप्त करता है

बढ़ता राजस्थान

**चौमहला ( आबिद हुसैन )।** झालावाड़ जिले चौमहला मै ब्रह्माकुमारी गीता दीदी ने कहा कि विद्यार्थी जीवन हमारी जिन्दगी का सबसे सुनहरा समय होता है। इसलिए वर्तमान समय के एक-एक सेकण्ड का सदुपयोग अपने भविष्य को संवारने के लिए करना चाहिए। इससे ही जीवन में सफलता प्राप्त होगी ।प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय केंद्र चौमहला में आयोजित पांच दिवसीय समर कैम्प के शुभारंभ अध्यापिका कुसुम शर्मा, अध्यापिका साधना गंगवानी , निशा पिछोलिया ,प्रतिभा बहन, सरला बहन ,राधा बहन ,हेमलता बहन ,पल्लवी मोदी ने दीप प्रज्वलित कर किया

इस अवसर पर ब्रह्माकुमारी गीता दीदी ने कहा कि समय बहुत मूल्यवान होता है। जो इसके महत्व को समझता है, उसका जीवन मूल्यवान बन जाता है। समय को टेलीविजन देखने और मोबाईल में गेम खेलने में व्यतीत करना वास्तव में समय को बर्बाद करना है। जो महान लोग होते हैं, वह अपने एक-एक मिनट का हिसाब रखते हैं। उसे सफल करने के लिए अपनी दिनचर्या बनाते हैं। इससे उनका जीवन सुव्यवस्थित हो जाता है। ब्रह्माकुमारी गीता दीदी ने बच्चों को भी अपने समय का सही उपयोग करने के लिए प्रतिदिन की दिनचर्या बनाने का सुझाव दिया और कहा कि हमें हरेक कार्य का समय निश्चित कर लेना चाहिए। ताकि हमें पता रहे कि कब पढना है और कब खेलना तथा कितनी देर तक खेलना है। पढने के लिए सुबह का समय बहुत अच्छा होता है। क्योंकि उस समय हमारा दिमाग पूरी तरह से ताजगी से भरा (फ्रेश) होता है।

# बौद्धिक दिव्यांग बच्चों के नि:शुल्क अभिरुचि शिविर का शानदार आगाज, प्रशिक्षकों ने दी गतिविधियों को नई उड़ान

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा ( अमित शर्मा )।** भारत विकास परिषद्, स्वामी विवेकानन्द शाखा द्वारा आयोजित बौद्धिक दिव्यांग बच्चों के लिए नि:शुल्क अभिरुचि शिविर अभ्युदय का आज भारत विकास भवन, शास्त्रीनगर में भव्य शुभारंभ हुआ। एक अनोखी पहल...सहारा नहीं साथ चाहिए... के प्रेरक संदेश के साथ शुरू हुए इस शिविर में बौद्धिक दिव्यांग बच्चों ने उत्साहपूर्वक विभिन्न गतिविधियों में भाग लिया। शिविर में पहले दिन 32 बच्चों ने भाग लिया जिन्हें तीन ग्रुप में प्रशिक्षण दिया गया। उद्घाटन सत्र में भारत विकास परिषद राजस्थान मध्य प्रांत के पूर्व अध्यक्ष पारसमल बोहरा ने अपने विचार रखते हुए कहा कि हुनर किसी भी व्यक्ति में है तो उसे पहचानना चाहिए और उसमें किस प्रकार से निखार लाया जा सकता है इस बारे में सोचना चाहिए। विशेष बच्चों को योग्य बनाने की दिशा में काम करना चाहिए। भारत विकास परिषद पिछले दो वर्षों से यह कार्य कर रही है जो सराहनीय है। बच्चे लगन निष्ठा से सीख रहे हैं और सकारात्मक परिणाम आ रहे हैं। महिला संयोजिका अनु हिम्मतरामका ने बताया कि शिविर के पहले दिन, अनुभवी प्रशिक्षकों ने अपनी विशेषज्ञता से बच्चों को विभिन्न कलाओं और कौशलों से परिचित कराया। आशा काबरा ने बच्चों को सरल और मनोरंजक तरीके से इंग्लिश स्पीकिंग की कक्षाएं दीं, जिससे बच्चों ने नए शब्दों और वाक्यों को सीखने में रुचि दिखाई। शिविर की तैयारियों और सफल आयोजन में परिषद् के अध्यक्ष गिरीश अग्रवाल, सचिव के.जी. सोनी, कोषाध्यक्ष आदित्य मानसिंहका के साथ विनती तापड़िया, गायत्री आचार्य, सुचिता झंवर भी सक्रिय रूप से योगदान दे रहे हैं।

# इंग्लिश मीडियम मे तृतीय क्लास मे 99.71 हासिल कर टापर बना

बढ़ता राजस्थान



**हिंडौन सिटी ( अंशु गुप्ता )।** निर्मल हैप्पी स्कूल मे इंग्लिश मीडियम विधालय की तृतीय क्लास के परीक्षा मे प्रिंस शर्मा उर्फ कान्हा शर्मा ने 99.71अंक हासिल कर टापर रहे ।निर्मल हैप्पी विधालय के प्रशांत कुमार ने बताया कि शुक्रवार को इंग्लिश मीडियम की कक्षाओं के.परीक्षा परिणाम जारी हुआ ।जिससे रीठौली निवासी चिकित्सा कर्मी कम्प्यूटर आप्रेटर योगेंद्र शर्मा के पुत्र प्रिंस शर्मा उर्फ कान्हा शर्मा ने इंग्लिश मीडियम की तृतीय क्लास की परीक्षा में 99.71 प्रतिशत अंक हासिल कर टापर रहे है ।मेघावी प्रिंस शर्मा ने निर्मल हैप्पी विधालय मे इंग्लिश मीडियम के गुरुजियों की बहत्तर शिक्षण कार्य व उनकी महनत को श्रेय दिया हैं ।बाबा दैनिक भास्कर के संवाददाता महेंद्र शर्मा व चाचा इंजीनियर चंद्रेश शर्मा के मार्ग दर्शन से बहतर परीक्षा परिणाम हासिल किया हैं।

# विश्व उच्च रक्तचाप दिवस के अवसर पर शहर में हुआ जागरूकता रैली का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

भीलवाड़ा (अमित शर्मा)। विश्व उच्च रक्तचाप दिवस के अवसर पर आज जिले में जन जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सीपी गोस्वामी और पीएमओ डॉ. अरुण गौड़ ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रैली शहर के प्रमुख मार्गों से होती हुई जिला चिकित्सालय परिसर में संपन्न हुई। इस दौरान डीपीसी तरुण ताष्ठा सहित अन्य चिकित्सा अधिकारी और कर्मचारी व नर्सिंग विद्यार्थी भी उपस्थित रहे। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सीपी गोस्वामी ने बताया कि विश्व उच्च रक्तचाप दिवस का उद्देश्य आमजन को हृदय रोग और उच्च रक्तचाप से बचाव के प्रति जागरूक करना, समय पर स्क्रीनिंग के लिए प्रेरित करना और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के महत्व को समझाना है। उन्होंने कहा कि हृदय रोग और उच्च रक्तचाप से बचाव का एकमात्र उपाय सतर्कता और समय पर जांच है।



दोहा डायमंड लीग

# नीरज चोपड़ा ने 90.23 मीटर भाला फेंका

## यह उनका ऑलटाइम बेस्ट थ्रो, पहले प्रयास में 88.44 मीटर स्कोर किया था

भारत के स्टार जेवलिन थ्रोअर नीरज चोपड़ा ने दोहा डायमंड लीग में 90.23 मीटर भाला फेंका। उन्होंने पहले प्रयास में 88.44 मीटर स्कोर किया, जबकि दूसरा थ्रो अमान्य रहा। फिर नीरज ने तीसरे प्रयास में अपने करियर का बेस्ट थ्रो किया।

दोहा में चल रहे इस इवेंट में यह नीरज चोपड़ा का सबसे लंबा थ्रो है। इससे पहले उनका बेस्ट थ्रो 89.94 मीटर था, जो उन्होंने 2022 डायमंड लीग में हासिल किया था। नीरज के अलावा, मिडिल डिस्टेंस रनर गुलवीर सिंह 5000 मीटर रेस में नौवें स्थान पर रहे। उन्होंने 12:59.77 मिनट में रेस पूरी की। उन्होंने अपने पर्सनल बेस्ट रिकॉर्ड की बराबरी की।

नीरज चोपड़ा 2024 के डायमंड लीग फाइनल में दूसरे स्थान पर रहे थे। उन्होंने अपने तीसरे अटेम्प्ट में 87.86 मीटर का बेस्ट थ्रो फेंका थे, लेकिन चैंपियन बनने से 0.01 मीटर दूर रहे। ग्रेनेडा के एंडरसन पीटर्स ने अपने पहले अटेम्प्ट में 87.87 मीटर का बेस्ट थ्रो फेंक कर पहला स्थान हासिल किया था।

नीरज सहित 4 भारतीय हिस्सा ले रहे हैं। यह भारत की ओर से किसी डायमंड लीग प्रतियोगिता में हिस्सा लेने वाले प्रतिभागियों की सबसे बड़ी संख्या है।

### दोहा डायमंड लीग 2025 में भारतीय

**नीरज चोपड़ा :** डबल ओलिंपिक मेडलिस्ट नीरज चोपड़ा जेवलिन थ्रो इवेंट में हिस्सा लेंगे।

**किशोर जेना :** दूसरी पर इस प्रतियोगिता में हिस्सा ले रहे हैं। पिछली बार 9वें स्थान पर रहे थे।

**गुलवीर सिंह :** नेशनल रिकॉर्ड ब्रेक कर चुके हैं। पुरुषों की 5000 मीटर रेस में डायमंड लीग में डेब्यू करेंगे।

**पारुल चौधरी:** महिलाओं की 3000 मीटर स्टीपलचेज में भाग ले रही हैं। इस इवेंट में वे नेशनल रिकॉर्ड होल्डर हैं।

### पीटर्स एंडरसन, जूलियन वेबर से नीरज का मुकाबला

मेंस जेवलिन थ्रो इवेंट में नीरज का सामना दो बार के वर्ल्ड चैंपियन और पेरिस ओलंपिक के कांस्य विजेता ग्रेनेडा के एंडरसन पीटर्स से होगा। पीटर्स के अलावा, डिफेंडिंग चैंपियन जेकब वाडलेच (चेक गणराज्य), जूलियन वेबर (जर्मनी), मैक्स डेहनिंग (जर्मनी), जूलियस येगो (कीनियर) और रोडरिक जेनकी डीन (जापान) जैसे खिलाड़ी शामिल हैं।

### कब और कहां देख सकते हैं?

दोहा डायमंड लीग 2025 को भारत में डायमंड लीग यूट्यूब चैनल और फेसबुक पेज पर लाइव स्ट्रीमिंग के जरिए देखा जा सकता है। जैवलिन थ्रो इवेंट की शुरुआत भारतीय समयानुसार रात 10:13 पर होगी, तो वहीं मेंस 5000 मीटर दौड़ रात 10:15 पर जबकि विमेंस 3000 मीटर स्टीपलचेज इवेंट का आगाज भारतीय समयानुसार रात 11:15 पर होगी।



### क्या है डायमंड लीग?

डायमंग लीग एथलेटिक्स (ट्रैक और फील्ड) का एक टूर्नामेंट है, जिसमें एथलेटिक्स के 16 इवेंट (मेंस और विमेंस) होते हैं। यह हर साल दुनिया के अलग-अलग शहरों में आयोजित किया जाता है।

डायमंड लीग एथलेटिक्स सीरीज हर साल मई से सितंबर तक आयोजित की जाती है और सीजन का समापन डायमंड लीग फाइनल के साथ होता है। आमतौर पर डायमंड लीग के सीजन में प्रतियोगिताओं की संख्या 14 होती है, जिसमें फाइनल भी शामिल होता है, लेकिन कभी-कभी यह संख्या बदल जाती है।

हर इवेंट में टॉप-8 खिलाड़ियों को पॉइंट्स मिलते हैं, पहले नंबर के खिलाड़ी को 8 और 8वें नंबर के खिलाड़ी को एक पॉइंट मिलता है। 13 इवेंट के बाद सभी खिलाड़ियों के पॉइंट्स काउंट होते हैं। टॉप-10 पोजिशन पर फिनिश करने वाले खिलाड़ियों को डायमंड लीग फाइनल में जगह मिलती है। इसमें जीतने वाले खिलाड़ी को डायमंड लीग विजेता की ट्रॉफी और कैश प्राइज मिलता है।

# टेस्ट कप्तानी की रेस में राहुल का नाम

## फिटनेस की वजह से पिछड़ सकते हैं बुमराह; युवा शुभमन और पंत भी दावेदार

रोहित शर्मा और विराट कोहली ने 7 और 12 मई को टेस्ट से संन्यास ले लिया। उनके रिटायरमेंट से टीम में लीडरशिप की कमी हो गई। रोहित 4 साल से कप्तान थे, वहीं कोहली की कप्तानी में टीम ने 8 साल तक विदेश में 15 टेस्ट जीते।

जसप्रीत बुमराह, केएल राहुल, मोहम्मद शमी और रवींद्र जडेजा ही टीम के सीनियर प्लेयर बचे। राहुल और बुमराह को कप्तानी का अनुभव है। वहीं युवा शुभमन गिल और ऋषभ पंत भी कप्तानी की रेस में बने हुए हैं।




### कौन बनेगा भारत का अगला टेस्ट कप्तान?

#### 1. बुमराह बड़े दावेदार, फिटनेस परेशानी

जसप्रीत बुमराह ने ऑस्ट्रेलिया दौरे पर 2 टेस्ट में कप्तानी की। पर्थ में टीम को जीत मिली, लेकिन सिडनी टेस्ट ऑस्ट्रेलिया ने जीत लिया। मुकाबले की पहली पारी में ही बुमराह इंजर्ड हो गए, उन्हें बैक स्पास्म की शिकायत हुई। जिसके बाद वह मैच में दोबारा बॉलिंग नहीं कर सके, इस कारण भारत दूसरी पारी में दबाव भी नहीं बना सका।

बुमराह अक्सर फिटनेस से जूझते नजर आए हैं, 2022 में आखिरी बार इंजर्ड होने के बाद वह करीब 15 महीने तक क्रिकेट से दूर रहे थे। उन्हें लंबी टेस्ट सीरीज के दौरान 1-2 मैच का रेस्ट देना भी जरूरी होता है। भारत में तो जीतने के लिए बुमराह का सभी मैच खेलना जरूरी भी नहीं। इसलिए उनका परमानेंट कप्तान बनना मुश्किल है।

फिर भी अगर बुमराह कप्तान बने तो टीम को 1 या 2 उप कप्तान बनाने होंगे, जो बुमराह की गैरमौजूदगी में जिम्मेदारी संभालते रहें। हालांकि, मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, बुमराह ने फिटनेस का हवाला देते हुए कप्तानी करने से मना कर दिया है। उनका इंग्लैंड में सभी मैच खेलना भी मुश्किल है।

#### 2. ऋषभ पंत इंग्लैंड में सेंचुरी लगा चुके

भारत की मौजूदा टीम में कुछ ही प्लेयर्स ऐसे हैं, जिनकी प्लेइंग-11 में जगह खतरे में नहीं दिखती। ऋषभ पंत उनमें से एक हैं। पंत पिछले 6 साल में दुनिया के बेस्ट विकेटकीपर बैटर बन चुके हैं। वे इस फॉर्मेट में कई मैच विनिंग पारियां खेल चुके हैं। पंत ऑस्ट्रेलिया, साउथ अफ्रीका और इंग्लैंड में शतक लगाने वाले इकलौते भारतीय विकेटकीपर भी हैं। पंत को कप्तान बनाना थोड़ा रिस्की हो सकता है, क्योंकि उनकी बैटिंग भी बहुत रिस्की रहती है। मैनेजमेंट अगर उन्हें कप्तान बनाए तो टीम को उनकी बैटिंग की तरह ही कप्तानी में भी चौंकाने वाले नतीजे देखने को मिल सकते हैं। पंत ने किसी भी फॉर्मेट में भारत की कप्तानी नहीं की। हालांकि, उन्हें आईपीएल और घरेलू क्रिकेट में कप्तानी का अनुभव जरूर है।

#### 3. शुभमन कप्तानी की रेस में सबसे आगे

शुभमन कप्तानी की रेस बुमराह के बाद सबसे आगे चल रहे हैं। वे वनडे और टी-20 में टीम की कप्तानी कर चुके हैं। युवा बैटर्स में यशस्वी, पंत और शुभमन ही फिलहाल परमानेंट नजर आते हैं। शुभमन 25 साल के हैं और लगभग इसी उम्र में विराट ने भी कप्तानी संभाल ली थी। अगर शुभमन अभी कप्तान नहीं भी बने तो टीम उन्हें उप कप्तान बनाकर आगे के लिए तैयार कर सकती है। पिछले 5 सालों में दुनियाभर की पिचें बैटिंग के लिए मुश्किल रहीं, इसके बावजूद शुभमन ने बेहतरीन बैटिंग कर 5 शतक लगाए हैं।

#### 4. राहुल की कप्तानी में तैयार हो सकते हैं गिल

केएल राहुल पिछले 5 साल में विदेशी पिचों पर भारत के टॉप बैटर रहे। उनके नाम साउथ अफ्रीका, ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड की पिचों पर ओपनिंग करते हुए सेंचुरी बनाने का रिकॉर्ड भी है। रोहित के संन्यास के बाद उनका ओपनिंग करना भी कन्फर्म माना जा रहा है।

राहुल को 3 टेस्ट में कप्तानी का अनुभव भी है, जिनमें 2 बार टीम को जीत भी मिली। अगर टीम मैनेजमेंट स्टेबल ऑप्शन चाहती है तो राहुल से बेहतर कप्तान कोई नहीं। राहुल को इंग्लैंड सीरीज के लिए ही कप्तान बनाकर शुभमन को उनकी लीडरशिप में तैयार किया जा सकता है।

#### इंग्लैंड में 20 जून से पहला टेस्ट

टीम इंडिया जून में इंग्लैंड दौरे पर जाएगी। 20 जून को पहला टेस्ट हेडिंग्ले में खेला जाएगा। दौरा 4 अगस्त तक चलेगा। टीम इंडिया ने विराट कोहली की कप्तानी में इंग्लैंड में पिछली टेस्ट सीरीज 2-2 से ड्रॉ कराई थी।

# तेंदुलकर-गावस्कर के बाद वानखेड़े स्टेडियम में रोहित शर्मा स्टैंड

## माता-पिता ने उद्घाटन किया



भारतीय वनडे कप्तान रोहित शर्मा के नाम पर वानखेड़े स्टेडियम के एक स्टैंड का नाम रखा गया है। यह लेवल-3 स्टैंड है, जो पहले दिवेचा पवेलियन के नाम से जाना जाता था। रोहित के पिता गुरुनाथ शर्मा और माता पूर्णिमा शर्मा ने शुक्रवार को इस स्टैंड का उद्घाटन किया।

इस मौके पर भारतीय वनडे टीम के कप्तान रोहित ने कहा- मैंने कभी सपने में भी नहीं सोचा था। मेरे लिए खेल के महान खिलाड़ियों के बीच अपना नाम होना खास एहसास है। रोहित के साथ महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और नेशनल कांग्रेस पार्टी प्रमुख शरद पवार भी मौजूद थे।

### महान खिलाड़ियों के बीच नाम होना मेरे लिए खास

रोहित स्टैंड के उद्घाटन पर रोहित शर्मा ने कहा, यह जो हो रहा है, मैंने कभी सपने में भी नहीं सोचा था। बचपन में मैं मुंबई और भारत के लिए खेलना चाहता था। मेरे लिए खेल के महान खिलाड़ियों के बीच अपना नाम होना, इस फीलिंग को मैं बता नहीं सकता। यह इसलिए भी खास है क्योंकि मैं अभी भी खेल रहा हूं। मैंने दो फॉर्मेट से रिटायरमेंट ले लिया है, लेकिन मैं अभी भी एक फॉर्मेट खेल रहा हूं।

रोहित ने आगे कहा- आईपीएल में दिल्ली के खिलाफ 21 तारीख को जब मैं यहां खेलूंगा तो यह एक खास एहसास होगा। जब भी ऐसा मैं भारत के लिए भविष्य में यहां खेलने उतरूंगा तो यह और भी खास हो जाएगा। मैं इतने सारे लोगों, खासकर मेरे परिवार, मेरी मां और पिताजी, मेरे भाई, उनकी पत्नी और मेरी पत्नी, जो यहां मौजूद हैं, के सामने यह बड़ा सम्मान पाकर आभारी हूं। मैं अपनी खास टीम, मुंबई इंडियंस का भी शुक्रिया अदा करता हूं।

लेवल-3 का नाम रखा गया रोहित शर्मा स्टैंड वानखेड़े स्टेडियम के दिवेचा पवेलियन लेवल-3 का नाम अब रोहित शर्मा स्टैंड रखा गया है। यह प्रस्ताव महाराष्ट्र के नेता मिलिंद नार्वेकर द्वारा पेश किया गया था, जिसे पिछले महीने वार्षिक बैठक में मंजूरी मिली थी।

वहीं, ग्रैंड स्टैंड लेवल-3 को अब शरद पवार स्टैंड के नाम से जाना जाएगा, जबकि लेवल-4 का नाम बदलकर अजीत वाडेकर स्टैंड कर दिया जाएगा। वानखेड़े स्टेडियम के ऑफिस का नाम अब पूर्व अध्यक्ष अमोल काले की याद में रखा गया है।

सचिन और गावस्कर की सूची में शामिल हुए रोहित रोहित शर्मा अब सचिन तेंदुलकर और सुनील गावस्कर जैसे पूर्व महान खिलाड़ियों की सूची में शामिल हो गए हैं, जिनका नाम पहले से ही मौजूद है। रोहित की कप्तानी में भारत ने 9 महीने में 2 आईसीसी ट्रॉफी अपने नाम की थी। 2024 में टी-20 वर्ल्ड कप और 2025 में चैंपियंस ट्रॉफी जीती थी। रोहित की कप्तानी में भारतीय टीम वनडे वर्ल्ड कप 2023 में भी उपविजेता रही थी।

# बटलर के जाने के बाद गिल को स्टैंड लेना होगा-रैना

## कहा- प्लेऑफ में उनकी कमी खलेगी; गावस्कर बोले, शुभमन में कप्तान बनने की क्षमता

पूर्व भारतीय खिलाड़ी सुरेश रैना का मानना है कि कप्तान शुभमन गिल को अच्छे से खेलते हुए टीम के लिए स्टैंड लेना होगा। आईपीएल-2025 के टॉप-5 ऑरेंज कैप होल्डर में 3 बल्लेबाज गुजरात टाइटंस के हैं। टीम के टॉप बैटर्स तो फॉर्म में हैं, लेकिन मिडिल ऑर्डर का प्रदर्शन अब तक खास नहीं रहा है।

जियोहॉटस्टार प्रेस रूम (रेस टू प्लेऑफ) में रैना ने सवाल जोस बटलर के प्लेऑफ के समय इंटरनेशनल ड्यूटी की वजह से वापस इंग्लैंड जाने पर कहा, टीम को उनकी कमी खलेगी। बटलर की जगह श्रीलंका के कमिंडू मेंडिस को चुना गया है। लेकिन उनका लेवल मैच करना अलग बात है।

### आईपीएल में कप्तानी का गिल को फायदाः गावस्कर

भारत के संभावित टेस्ट कप्तान शुभमन गिल पर सुनील गावस्कर ने कहा, गिल का कॉम्पिटिशन सबसे अलग है। उनके अंदर भारतीय टेस्ट टीम का कप्तान बनने की क्षमता है। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) भविष्य के भारतीय कप्तानों की ट्रेनिंग के लिए बिलकुल सही मैदान है जो शुभमन गिल जैसे खिलाड़ियों को अनुभव प्रदान कर रहा है। रोहित शर्मा के संन्यास लेने के बाद गुजरात टाइटंस के कप्तान गिल इंग्लैंड दौरे पर भारत की कप्तानी कर सकते हैं और ऋषभ पंत उप कप्तान हो सकते हैं। रोहित के बाद विराट कोहली ने भी संन्यास ले लिया था, जिससे टीम को दोबारा बनाने की जिम्मेदारी हेड कोच गौतम गंभीर पर है।

गावस्कर ने कहा कि गिल के अलावा अन्य संभावित कप्तान जैसे ऋषभ पंत तथा श्रेयस अय्यर को तैयार होने में कम से कम दो साल लगेंगे। पंत इस समय लखनऊ सुपर जायंट्स की कप्तानी कर रहे हैं जबकि अय्यर इस आईपीएल में पंजाब किंग्स की कप्तानी कर रहे हैं।

### गिल, अय्यर और पंत मुख्य दावेदार

गावस्कर ने कहा, अभी भारतीय कप्तानी के 3 मुख्य दावेदार गिल, अय्यर और पंत हैं। इनमें से बेस्ट गिल हैं क्योंकि जब भी कोई फैसला होता है तो वह तुरंत अंपायर से पूछते हैं। हालांकि पंत स्टंप के पीछे होते हैं और वह भी इन सभी मैदानी फैसलों में अच्छी तरह शामिल होते हैं। अय्यर भी शानदार रहे हैं। इन तीनों ने सकारात्मक तरीके से कप्तानी की है।



### दबाव से कप्तानी का अनुभव पता चलता हैः रैना

कप्तानी के सवाल पर सुरेश रैना ने कहा, एक कप्तान के तौर पर आपको सबसे ज्यादा अनुभव टी20 के दबाव से होता है। आईपीएल कप्तानी के लिए सबसे अच्छा ट्रेनिंग मैदान है। युवा खिलाड़ी इन दिनों काफी अलग तरह से सोचते हैं। गिल आईपीएल ट्रॉफी जीतने की कोशिश कर रहे हैं। अगर वे आईपीएल में जीतने के बाद टेस्ट में टीम की अगुआई करेंगे तो वह सिर्फ अच्छा प्रदर्शन नहीं करेंगे बल्कि उन्हें ड्रेसिंग रूम में काफी सम्मान भी मिलेगा। रैना ने कहा, रजत पाटीदार भी अच्छी कप्तानी कर रहे हैं। हालांकि उन्होंने ज्यादा कप्तानी नहीं की है, लेकिन वे फील्ड पर बहुत शांत है।

### कल से आईपीएल फिर से शुरू होगा

कल यानी 17 मई से आईपीएल दोबारा शुरू होगा। भारत-पाकिस्तान के तनाव के बीच 8 मई को धर्मशाला में पंजाब किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स मैच बीच में ही सस्पेंड कर दिया गया था। बाद में दोनों देशों के बीच सीजफायर होने के बाद इसे रिशेड्यूल करके 17 मई से कर दिया गया था। कल बेंगलुरु और कोलकाता का मैच चिन्नास्वामी स्टेडियम बेंगलुरु में खेला जाएगा।

# इंग्लैंड दौरे के लिए इंडिया-ए का ऐलान

## अभिमन्यु ईश्वरन कप्तानी करेंगे; करुण नायर की वापसी, शार्दूल ठाकुर-ईशान किशन के भी नाम

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने इंग्लैंड दौरे के लिए इंडिया-ए का ऐलान कर दिया है। डोमेस्टिक क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन करने वाले अभिमन्यु ईश्वरन को कप्तान बनाया गया है, जबकि ध्रुव जुरेल उनके डिप्टी बनाए गए हैं। बीसीसीआई ने बताया कि शुभमन गिल और साई सुदर्शन दूसरे मैच से टीम के साथ जुड़ेंगे। टीम को इंग्लैंड में तीन मैच खेलने हैं। इनमें दो मैच इंग्लैंड लायंस के खिलाफ होंगे, जबकि तीसरा मैच भारतीय क्रिकेट टीम के साथ खेला जाएगा। इंग्लैंड लायंस से इंडिया ए का पहला मैच 30 मई से 2 जून और दूसरा मैच 6 से 9 जून तक खेला जाएगा। जबकि भारतीय सीनियर टीम के साथ मुकाबला 13 से 16 जून के बीच खेला जाएगा। सीनियर टीम को 20 जून से इंग्लैंड के खिलाफ 5 टेस्ट मैचों की सीरीज खेलनी है। पहला मुकाबला हेडिंग्ले में खेला जाएगा। यह दौरा 4 अगस्त तक चलेगा। इन प्लेयर्स की हुई वापसी इस टीम में करुण नायर, शार्दूल ठाकुर और ईशान किशन जैसे बड़े नाम हैं। तनुष कोटियान, आकाश दीप भी शामिल हैं। शार्दुल ठाकुर का सीनियर टीम का हिस्सा बनना तय माना जा रहा है। सीनियर प्लेयर्स को भी टीम में चुना गया इस टीम में कई सीनियर टीम के प्लेयर्स को जगह दी गई है। इनमें ओपनर यशस्वी जायसवाल, करुण नायर, ध्रुव जुरेल, नीतीश कुमार रेड्डी, शार्दूल ठाकुर जैसे नाम हैं।

### इंग्लैंड दौरे के लिए इंडिया-ए का स्क्वॉडः

अभिमन्यु ईश्वरन (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, करुण नायर, ध्रुव जुरेल (उपकप्तान, विकेटकीपर) नीतीश कुमार रेड्?डी, शार्दूल ठाकुर, ईशान किशन (विकेटकीपर), मानव सुथार, तनुष कोटियान, मुकेश कुमार, आकाश दीप, हर्षित राणा, अंशुल कंबोज, खलील अहमद, ऋतुराज गायकवाड, सरफराज खान, तुषार देशपांडे और हर्ष दुबे।



# जेम्स बॉन्ड फिल्मों के एक्टर जो डॉन बेकर का निधन

## 89 की उम्र में ली अंतिम सांस, वॉकिंग टॉल से मिला था फेम

हॉलीवुड के दिग्गज एक्टर जो डॉन बेकर का 89 साल की उम्र में निधन हो गया है। उनके परिवार ने बताया कि उन्होंने 7 मई को अंतिम सांस ली। हालांकि, उनकी मौत की वजह सार्वजनिक नहीं की गई थी। उनका अंतिम संस्कार मिशन हिल्स, कैलिफोर्निया में किया जाएगा।

जो डॉन बेकर को 1973 की फिल्म वॉकिंग टॉल में शेरिफ बफोर्ड पुसर के रोल से बड़ी पहचान मिली थी। इसके अलावा वह तीन जेम्स बॉन्ड फिल्मों में भी नजर आए थे।

टेक्सास में हुआ था जन्म जो डॉन बेकर का जन्म 12 फरवरी 1936 को ग्रोसबेक, टेक्सास में हुआ था। मां के निधन के बाद उन्हें उनकी आंटी ने पाला। स्कूल के दिनों में वह फुटबॉल और बास्केटबॉल के शानदार खिलाड़ी रहे। उन्होंने नॉर्थ टेक्सास स्टेट कॉलेज से बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन की पढ़ाई की। इसके बाद वह दो साल अमेरिकी सेना में भी रहे।

एक्टर बनने न्यूयॉर्क पहुंचे सेना से लौटने के बाद बेकर न्यूयॉर्क चले गए। वहां उन्होंने मशहूर एक्टर्स स्टूडियो से एक्टिंग की ट्रेनिंग ली। यहीं से उनका एक्टिंग करियर शुरू हुआ।

1965 में किया था पहला टीवी शो बेकर ने 1965 में टीवी शो हनी वेस्ट से एक्टिंग की दुनिया में कदम रखा। 1967 में कूल हैंड ल्यूक में छोटी सी भूमिका के बाद उन्हें धीरे-धीरे पहचान मिलने लगी।

वॉकिंग टॉल से मिली बड़ी सफलता उनका बड़ा ब्रेक 1973 में आया, जब उन्होंने वॉकिंग टॉल में शेरिफ का रोल निभाया। यह फिल्म सुपरहिट रही और उन्होंने दर्शकों का दिल जीत लिया। इस फिल्म ने उन्हें स्टार बना दिया।

बॉन्ड फिल्मों में निभाए दमदार किरदार जो डॉन बेकर ने तीन जेम्स बॉन्ड फिल्मों में काम किया। 1987 में द लिविंग डेलाइट्स में उन्होंने विलेन ब्रैड व्हिटेकर का किरदार निभाया। फिर 1995 की गोल्डनआई और 1997 की टुमॉरो नेवर डाइज में उन्होंने सीआईए एजेंट जैक वेड का रोल किया।

कई तरह के किरदार में नजर आए बेकर की खास बात ये थी कि वह कई तरह के रोल निभा लेते थे। 1970 और 80 के दशक में उन्होंने चार्ली वारिक, द नेचुरल, फ्लैच, केप फियर जैसी कई बड़ी फिल्मों में काम किया।

टीवी पर भी खूब छाए रहे जो डॉन बेकर ने टीवी पर भी बेहतरीन काम किया। एज ऑफ डार्कनेस नाम के ब्रिटिश शो में उनकी भूमिका के लिए उन्हें बाफता अवॉर्ड के लिए नॉमिनेट किया गया।

आखिरी फिल्म 2012 में आई उनकी आखिरी फिल्म मड थी, जो 2012 में आई थी। इसके बाद उन्होंने एक्टिंग से दूरी बना ली थी।

कोई संतान नहीं थी जो डॉन बेकर ने 1969 में मार्लो बेकर से शादी की थी। हालांकि, बेकर की शादी 11 साल चली और उनका तलाक 1980 में हो गया और उनकी कोई संतान नहीं थी।

# कांस में जैकलीन को मिला सम्मान

## तो लापता लेडीज फेम नितांशी ने रेड कार्पेट पर किया डेब्यू, आउटफिट में संजोई नरगिस





**फ्रांस के रिवेरा शहर में चल रहे कांस फिल्म फेस्टिवल 2025 में बॉलीवुड एक्ट्रेस जैकलीन फर्नांडिस और 'लापता लेडीज' फेम नितांशी गोयल ने अपने स्टाइल और भारतीयता से सबका दिल जीत लिया।**



जैकलीन बनीं 'वीमेन इन सिनेमा' की खास मेहमान जैकलीन फर्नांडिस ने भले ही ओपनिंग सेरेमनी का रेड कार्पेट मिस किया हो, लेकिन तीसरे दिन वो पूरे स्टाइल में कांस पहुंचीं। उन्होंने सफेद शर्ट, सिल्वर टच वाले पैंट और कमर तक फैले मेटैलिक चेन वाले खास लुक में एंट्री ली। बालों को स्लीक बन में बांधकर, मैचिंग इयररिंग्स और ब्लैक पंप्स के साथ जैकलीन का लुक काफी शानदार रहा। जैकलीन को 'वीमेन इन सिनेमा' इनिशिएटिव के तहत दुनिया भर से चुनी गई 6 खास महिलाओं में शामिल किया गया। यह पहल रेड सी फिल्म फेस्टिवल की ओर से शुरू की गई है। इस सम्मान के साथ जैकलीन ने इंस्टाग्राम पर तस्वीरें भी शेयर कीं और लिखा, @red-seafilm के साथ कान्स का पहला दिन। महिला कहानीकारों को बढ़ावा देने वाली पहल 'वुमेन इन सिनेमा' में सम्मानित होने पर प्रसन्नता हुई।

नितांशी गोयल ने दी गोल्डन एरा को श्रद्धांजलि पहली बार कांस के रेड कार्पेट पर उतरीं नितांशी गोयल भी चर्चा में रहीं। उन्होंने दो लुक्स अपनाए, पहला एक स्ट्रैपलेस ब्लैक गाउन जिसमें गोल्डन डिजाइन और हल्का सा ट्यूल लगा हुआ था। वहीं दूसरा लुक पारंपरिक था। जिसमें उन्होंने मोतियों से सजी खास लहंगा साड़ी पहनी थी। इस ट्रेडिशनल लुक में नितांशी ने अपने बाल चोटी में बांधे और रेखा, मधुबाला, मीना कुमारी और नरगिस जैसी क्लासिक अभिनेत्रियों की तस्वीरों को अपने आउटफिट में शामिल किया।

भारतीय सितारे छा गए कांस में इस साल कान्स में भारत से कई नाम शामिल हुए हैं। जैकलीन और नितांशी के अलावा, पहले दिन उर्वशी रौतेला और पायल कपाड़िया भी रेड कार्पेट पर नजर आईं। आने वाले दिनों में ऐश्वर्या राय, जाह्नवी कपूर, ईशान खट्टर और शर्मिला टैगोर भी फेस्टिवल में शिरकत करेंगी।

'भारत पवेलियन' का उद्घाटन इसी बीच गुरुवार को 78वें कांस फिल्म फेस्टिवल में भारत पवेलियन का उद्घाटन भी हुआ। इस मौके पर अनुपम खेर और शेखर कपूर जैसे दिग्गज मौजूद थे।

# मां को चिढ़ाने के लिए नाई बने कमल हासन

## डायरेक्टर बालचंदर को इतना पसंद आया किस्सा कि बना दिया अपनी फिल्म का क्लाइमेक्स सीन

फेमस एक्टर-डायरेक्टर कमल हासन ने हाल ही में अपने संघर्षों से जुड़ी बातें शेयर कीं हैं। कमल हासन ने बताया उन्होंने अपनी मां को चिढ़ाने के लिए नाई का काम करना शुरू कर दिया था। उन्होंने बताया कि मां को लगता था कि वो कुछ नहीं कर रहे हैं, तो उन्होंने बाल काटने का हुनर सीखा था।

हॉलीवुड रिपोर्टर इंडिया से बातचीत में कमल हासन ने कहा, जिसने मुझसे कहा था कि मेरी सबसे अच्छी जोड़ी श्री बालचंदर जी के साथ बनेगी, वो भी मेरे एक गुरु ही थे। वो नाई थे और मुझे बाल काटना सिखाया था। मैंने एक सैलून में नाई का काम भी किया, लेकिन वो मैंने इसलिए किया ताकि अपनी मां को चिढ़ा सकूं क्योंकि उन्हें लगता था कि मैं कुछ नहीं कर रहा हूं। मैं सिर्फ किताबें पढ़ता था और सिनेमा देखता था। मां को यह सब बेकार लगता था। उनके हिसाब से मुझे कोई ढंग का काम करना चाहिए था। मेरे पास जो हुनर था, उसके हिसाब से मुझे आसानी से काम नहीं मिल रहा था। तब मैंने सोचा, ऐसा क्या करूं जिससे मां को सबसे ज्यादा बुरा लगेज और फिर मैं नाई बन गया।

### जरा सी जिंदगी में किस्सा बना सीन

कमल हासन ने ये भी बताया कि उनकी यह कहानी सुनकर मशहूर निर्देशक के. बालाचंदर काफी प्रभावित हुए थे। इतना ही नहीं, उन्होंने इस किस्से को अपनी फिल्म जरा सी जिदगी के क्लाइमेक्स में भी इस्तेमाल किया। उन्होंने बताया कि फिल्म में जब एक पिता दाढ़ी बनवाने आता है, तो उसे अपना बेटा मिलता है। बेटा पढ़ा-लिखा है, डिग्री होल्डर है, डबल डिग्री होल्डर है। वो कहता है, मैं यहां नौकरी के लिए नहीं आया, मैं यहां ज्ञान लेने आया हूं और वो मुझे यहीं मिला है। बालचंदर ने डायरेक्टर बनने से रोका था कमल ने बताया कि जब वह 19 साल के थे, तब उन्होंने बालचंदर जी से कहा था कि वह डायरेक्टर बनना चाहते हैं, लेकिन बालचंदर जी ने उन्हें यह रास्ता छोड़ने की सलाह दी। उन्होंने कहा था, अगर तुम डायरेक्टर बने तो जिंदगी भर ऑटो रिक्शा में घूमते रहोगे। बल्कि उन्होंने ही सबसे पहले कहा था कि कमल हासन में एक फिल्म स्टार बनने की काबिलियत है।

कमल हासन ने कहा, अगर मैंने उनकी बात नहीं मानी होती तो आज मैं शायद ऑटो रिक्शा में मरा पड़ा होता। वो भी किसी को पता नहीं चलता। उन्होंने यह भी बताया कि उनके कई दोस्त, जो उनसे ज्यादा टैलेंटेड थे, दुखद हालात में अपनी जान गंवा बैठे। वे सड़कों पर मर गए। कमल हासन ने बालचंदर जी को धन्यवाद देते हुए ये भी कहा, अगर उन्होंने मुझे सही सलाह न दी होती, तो मैं भी उन्हीं दोस्तों की तरह खो जाता।



# एक्टर विजय राज सेक्शुअल हैरेसमेंट केस से बरी...

## कोर्ट ने पूरी सुनवाई के बाद माना निर्दोष, 5 साल पहले लगा था आरोप

अभिनेता विजय राज को यौन उत्पीड़न और पीछा करने के आरोपों से बरी कर दिया गया। फिल्म शेरनी (जिसमें विद्या बालन भी मुख्य भूमिका में थीं) की शूटिंग के दौरान एक सहकर्मी द्वारा लगाए गए यौन उत्पीड़न और पीछा करने के आरोपों से बरी कर दिया गया है। न्यायालय ने मुकदमे की पूरी सुनवाई के बाद उन्हें निर्दोष करार दिया और उनके खिलाफ लगाए गए सभी आरोपों से रिहा कर दिया है। उनकी वकील मशहूर अधिवक्ता सवीना बेदी सच्चर ने हमसे बातचीत में बताया कि अभिनेता विजय राज, जो नागपुर के पास शेरनी की शूटिंग कर रहे थे, इस मामले के चलते न केवल फिल्म की शूटिंग अधूरी छोड़ने को मजबूर हुए, बल्कि इसके बाद उन्हें कई काम भी गंवाने पड़े। हालांकि अब जब उन्हें न्यायालय से पूरी तरह निर्दोष घोषित किया गया है, वह आशा करती हैं कि यह मामला उन लोगों के लिए एक मिसाल बनेगा जो किसी पर आरोप लगते ही उसे दोषी मान लेते हैं।

यह मामला 4 नवंबर, 2020 का है जब मध्यप्रदेश के बालाघाट में एक होटल में ठहरे फिल्म क्रू की एक सदस्य द्वारा लगाए गए छेड़छाड़ के आरोपों के चलते विजय राज को गिरफ्तार किया गया था। उन्हें उसी दिन जमानत पर रिहा कर दिया गया था।



### दुबई में ड्रग्स केस में हुए थे गिरफ्तार

इससे पहले विजय राज को साल 2005 में दुबई में ड्रग रखने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। बाद में वह जमानत पर रिहा हुए थे।

### कौवा बिरयानी सीन के लिए हुए थे फेमस

विजयराज राज बॉलीवुड फिल्म रन में अपने कौवा बिरयानी वाले सीन के लिए बेहद लोकप्रिय हुए थे। उनकी कुछ चर्चित फिल्मों में धमाल, वेलकम, दीवाने हुए पागल, रघु रोमियो, मुंबई एक्सप्रेस, बॉम्बे टू गोवा और मानसून वेडिंग शामिल हैं।

# आलिया को नेपो किड कहने वालों पर भड़के करण

## बोले- पहले उसकी फिल्में देखिए, अगर इसके बाद भी ऐसा कहते हैं तो आप मूर्ख हैं



फिल्ममेकर करण जौहर ने उन लोगों को करारा जवाब दिया है जो अब भी आलिया भट्ट को नेपो किड कहकर बुलाते हैं। एक इंटरव्यू में उन्होंने साफ कहा कि अब वह नेपोटिज्म की इस बहस से तंग आ चुके हैं।

गलाटा प्लस के साथ बातचीत में करण जौहर ने कहा, क्या आपने हाइवे देखी है? क्या आपने उड़ता पंजाब देखी है? क्या आपने राजी देखी है? क्या आपने गंगूबाई देखी है? सिर्फ उसकी फिल्में देखिए। अगर इसके बाद भी आप उसे नेपो किड कह रहे हैं, तो आप इस दुनिया के सबसे मूर्ख इंसान हैं और फिर कोई आपकी मदद नहीं कर सकता।

स्टार किड को लॉन्च करने पर भी करण जौहर ने कहा, मैं स्टार किड्स के टैलेंट में विश्वास जारी रखूंगा। क्या मैं बॉलीवुड की नफरत का चेहरा हूं और अगर हां तो मुझे ये टैग देने के लिए थैंक्यू। लेकिन क्या मैं इसके लायक हूं? मुझे नहीं लगता कि मैं इस टैग के लायक हूं।

करण जौहर और आलिया भट्ट के बीच रिश्ता सिर्फ़ पेशेवर नहीं है, बल्कि उससे कहीं ज़्यादा गहरा और व्यक्तिगत है। करण आलिया को अपनी बेटी की तरह मानते हैं। उन्होंने ही आलिया को स्टूडेंट ऑफ द ईयर से डेब्यू करवाया था। श्वज्ञद्बद्बद्दह्य के साथ एक पुराने इंटरव्यू में करण ने कहा था, वो पहली इंसान है, जिसे लेकर मुझे पैरेंटल फीलिंग आई। मैं उससे प्यार करता हूं, और देश जानता है कि वो हमारी सबसे बेहतरीन अभिनेत्रियों में से एक है।

आलिया भट्ट ने किया था कांस डेब्यू कैंसिल 78वें कांस फिल्म फेस्टिवल के पहले दिन यानी 14 मई को आलिया भट्ट कांस के रेड कार्पेट पर डेब्यू करने वाली थीं, हालांकि उन्होंने डेब्यू कैंसिल कर दिया था। इंडिया टुडे की रिपोर्ट के अनुसार, आलिया ने भारत-पाकिस्तान के बीच चल रहे तनाव के चलते ये फैसला लिया था। उन्हें इस सेंसिटिव टाइम में कांस का हिस्सा बनना ठीक नहीं लग रहा था।

# युद्ध कोई नहीं चाहता, पर विकल्प नहीं बचा था

## अजय देवगन ने ऑपरेशन सिंदूर को लेकर सेना को किया सलाम, पीएम मोदी की तारीफ

एक्टर अजय देवगन बुधवार को अपने बेटे युग देवगन के साथ कराटे किड: लेजेंड्स के ट्रेलर लॉन्च पर पहुंचे। इस मौके पर अजय ने भारतीय सेना और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जमकर तारीफ की। उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर सेना और सरकार को सलाम किया। अजय ने कहा, मुझे ऐसा कहने की जरूरत ही नहीं है। कोई भी युद्ध नहीं चाहता, लेकिन जब तक कोई विकल्प नहीं बचता है और कोई विकल्प नहीं बचा था। मैं हमारी सेना, प्रधानमंत्री मोदी और सरकार को सलाम करता हूं। उन्हें जो करना था और उसे उन्होंने बहुत बढ़िया तरीके से किया। धन्यवाद। बता दें कि ऑपरेशन सिंदूर 7 मई को शुरू हुआ था। यह कार्रवाई पाकिस्तान और पीओके में मौजूद आतंकियों के ठिकानों पर हुई थी। यह हमला 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले के जवाब में किया गया। साथ ही अजय देवगन ने कराटे किड: लेजेंड्स के बारे में भी बात की। इस फिल्म में अजय और उनका बेटा युग हिंदी वर्जन में अपनी आवाज देंगे। अजय फिल्म में जैकी चैन के किरदार मिस्टर हान को आवाज देंगे। वहीं, युग लीड रोल ली फोंग को अपनी आवाज देंगे। यह पहली बार है जब अजय किसी इंटरनेशनल फिल्म में वॉइस ओवर कर रहे हैं। वहीं युग भी इस फिल्म के जरिए अपनी डबिंग की शुरुआत कर रहे हैं। फिल्म की कहानी एक युवा ली फोंग की है, जो नए स्कूल में एडजस्ट करने की कोशिश करता है और कराटे



चैंपियन से भिड़ता है। जैकी चैन और डेनियल लारूसो की गाइडेंस में वह खुद को साबित करता है। कराटे किड: लेजेंड्स जल्द ही सिनेमाघरों में रिलीज होगी। कराटे किड: लेजेंड्स को जोनाथन एंटविसल ने डायरेक्ट किया है और इसकी कहानी रॉब लिबर ने लिखी है।

यह फिल्म कोबरा काई टीवी सीरीज (2018-2025) की घटनाओं के तीन साल बाद की कहानी दिखाती है। यह कराटे किड फ्रेंचाइजी की छठी फिल्म है, जो 2010 में आई कराटे किड के बाद आ रही है। फिल्म में जैकी चैन और राल्फ मैकचियो अपने पुराने किरदारों में नजर आएंगे। इनके साथ बेन वांग लीड रोल में दिखेंगे। इसके अलावा जॉशुआ जैक्सन, सैडी स्टेनली और मिंग-ना वेन भी अहम भूमिकाओं में हैं।

# भारत-पाकिस्तान तनाव पर कुणाल खेमू का रिएक्शन तो भड़के यूजर्स

## बोले- अब सोकर उठे हो? आपके विचारों की जरूरत नहीं है

भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव अब धीरे-धीरे सामान्य हो रहे हैं। इसी बीच जब एक्टर कुणाल खेमू ने इस मुद्दे पर अपना रिएक्शन दिया है। उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर की तारीफ की, तो उनकी देर से आई पोस्ट को लेकर सोशल मीडिया यूजर्स नाराज हो गए और उन्हें ट्रोल करना शुरू कर दिया।

कुणाल खेमू ने अपने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर किया। इसमें उन्होंने लिखा, 'डर, दिल टूटना, बेचैनी, नुकसान, जीत, उलझन, एकता की भावना, बंटवारे की भावना, गुस्से की भावना, दुख की भावना, ताकत की भावना और बेबसी की भावना। वीरता की भावना, आभार की भावना, सुन्नता की भावना, और सच्चाई को समझने की भावना। धीरे-धीरे चीजें सामान्य होने लगती हैं या उसके करीब पहुंचने लगती हैं।

हमने एक व्यक्ति के तौर पर, एक परिवार के रूप में और एक देश के रूप में कठिन समय झेला है। हमने पहले भी ऐसे दौर देखे हैं और मुझे यकीन है कि आगे भी देखने पड़ेंगे। मैं हम कहता हूं क्योंकि भले ही यह स्थिति हम में से अधिकतर को सीधे तौर पर प्रभावित न कर पाई हो, लेकिन फिर भी इसने हम सबको किसी न किसी रूप में जरूर प्रभावित किया। हम सभी ने इसे अपने-अपने तरीके से संभाला।

भावनाओं को समझने के लिए शब्दों का साथ चाहिए,
और रिश्ता निभाने के लिए मन में विश्वास चाहिए।

-हर्षित विजयवर्गीय, बढ़ता राजस्थान



# कोविड की नई लहर का एशिया में खतरा, बढ़े संक्रमण

## हॉन्गकॉन्ग में कोरोना के 31 मामले, सिंगापुर में 28 प्रतिशत बढ़े, चीन-थाईलैंड में भी अलर्ट

बढ़ता राजस्थान



**हांगकांग।** हॉन्गकॉन्ग और सिंगापुर में फिर से कोरोना वायरस के मामले बढ़ने लगे हैं। हॉन्गकॉन्ग में 3 मई तक कोरोना संक्रमण के 31 मामले सामने आ चुके हैं। इनमें से कुछ लोगों की मौत भी हुई है। मरने वालों का आंकड़ा फिलहाल नहीं बताया गया है। हॉन्गकॉन्ग ने भी यह नहीं बताया कि पहला केस कब आया था। सिर्फ जानकारी दी है। इससे पहले सिंगापुर ने भी कोविड अलर्ट जारी करते हुए इस साल कोरोना के मामलों पर अपना पहला अपडेट जारी किया था। सिंगापुर में अप्रैल के आखिरी हफ्ते कोरोना के केसों की संख्या 11,110 थी, जो मई के पहले हफ्ते बढ़कर 14,200 हो गई है। यहां मामलों में 28त्न का इजाफा हुआ है। वहीं, रोजाना आधार पर अस्पतालों में भर्ती होने वाले मरीजों की संख्या 30त्न तक बढ़ गई है।

### एशिया के बाकी हिस्सों में भी फैलने का खतरा

स्वास्थ अधिकारियों ने चेतावनी दी है कि महामारी एक बार फिर से विकराल रूप ले सकती है और इसका असर एशिया के बाकी हिस्सों में भी देखने को मिल सकता है। हॉन्गकॉन्ग में संक्रामक बीमारियों के स्वास्थ्य अधिकारी अल्बर्ट अउ के मुताबिक,, कोरोना वायरस के मामले बहुत तेजी से बढ़ रहे हैं। उन्होंने बताया कि सांस लेने की तकलीफ वाले मरीजों के कोविड पॉजिटिव पाए जाने का चांस इस साल के हाई पर पहुंच गया है।

### चीन-थाईलैंड भी अलर्ट पर

चीन और थाईलैंड में भी कोविड को लेकर सरकार अलर्ट पर हैं। चीन में बीमारियों की जांच करवाने जा रहे मरीजों में कोविड वायरस पाए जाने के मामले दोगुने हो गए हैं। लोगों को बूस्टर शॉट लेने की सलाह दी गई है। चाइनीज सेंटर फॉर डिजीज एंड प्रिवेंशन के आंकड़ों के मुताबिक, कोविड की लहर जल्द ही तेज हो सकती है। वहीं, थाइलैंड में दो अलग-अलग इलाकों मे तेजी से कोविड केस बढ़ने का मामले आए हैं।

### भारत में 3 लहर आई थीं, 3 लाख से ज्यादा मौतें

भारत में कोरोना का पहला मामला जनवरी 2020 में सामने आया था। मार्च 2020 में देशव्यापी लॉकडाउन लागू किया गया। भारत में कोरोना की पहली लहर जनवरी 2020 से फरवरी 2021 तक रही। इस दौरान लगभग 1.08 करोड़ कोरोना के मामले सामने आए। एक दिन में सबसे ज्यादा 98 हजार माले 17 सितंबर 2020 को देखने मिले। इस लहर में 1.55 लाख मौतें हुई। औसतन रोजाना 412 मौतें दर्ज की गईं। कोरोना की दूसरी लहर मार्च 2021 से मई 2021 तक रही। इस दौरान कोरोना के डेल्टा वेरिएंट के चलते अप्रैल-मई 2021 में सबसे ज्यादा मामले और मौतें दर्ज की गईं। दूसरी लहर सबसे घातक थी, जिसमें अस्पतालों और ऑक्सीजन की भारी कमी देखी गई। डेल्टा वेरिएंट ने तेजी से संक्रमण फैलाया, और स्वास्थ्य व्यवस्था पर भारी दबाव पड़ा। इस लहर में 1.69 लाख मौतें हुईं। औसतन प्रतिदिन 2,769 मौतें दर्ज की गईं। कोरोना की तीसरी दिसंबर 2021 से फरवरी 2022 रही। ओमिक्रॉन वेरिएंट के चलते जनवरी 2022 में कोरोना का मामले तेजी से बढ़े। ओमिक्रॉन वेरिएंट के कारण तीसरी लहर में मामले तो बहुत बढ़े, लेकिन यह दूसरी लहर की तुलना में कम घातक थी। मृत्यु दर केवल 0 .2त्न थी। इस लहर में 10,465 मौतें हुईं। लगभग 50 .05 लाख नए मामले दर्ज किए गए।

# विजय शाह केस-सुप्रीम कोर्ट में अगली सुनवाई 19 मई को

## प्रियंका गांधी बोलीं- अपने नेताओं को बचा रही बीजेपी; धरने पर बैठे कांग्रेस विधायक गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**भोपाल/दिल्ली।** मध्यप्रदेश के मंत्री विजय शाह द्वारा कर्नल सोफिया कुरैशी पर आपत्तिजनक टिप्पणी मामले में सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई 19 मई तक स्थगित कर दी है। शाह ने मध्यप्रदेश हाईकोर्ट के उस फैसले को चुनौती दी है, जिसमें उन पर एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिया गया था। वहीं, कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी ने ङ्ग पर लिखा- पहले मध्यप्रदेश के एक मंत्री ने महिला सैनिकों पर अभद्र टिप्पणी की और अब उनके उपमुख्यमंत्री ने सेना का घोर अपमान किया है। बीजेपी अपने इन नेताओं पर कार्रवाई करने की जगह उन्हें बचाने में पूरा जोर लगा रही है। वह ऐसा करके हमारी सेना और देशवासियों को क्या संदेश देना चाहती है?

### राज्यपाल से मिले कांग्रेस विधायक

मध्यप्रदेश के नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार के नेतृत्व में कांग्रेस विधायकों का प्रतिनिधिमंडल शुक्रवार को राज्यपाल से मिला। ज्ञापन सौंपकर मंत्री विजय शाह को बर्खास्त करने की मांग की। इसके बाद कांग्रेसी विधायक काले कपड़ों में राजभवन के बाहर धरने पर बैठ गए। बाद में उन्हें पुलिस ने जबरन उठाया और गिरफ्तार करके ले गई। हालांकि, थोड़ी देर बाद उन्हें रिहा कर दिया गया।

# ऑपरेशन सिंदूर पर अब एमपी के डिप्टी-सीएम का विवादित बयान

## बोले-सेना प्रधानमंत्री के चरणों में नतमस्तक, कांग्रेस ने कहा- ये सेना के शौर्य का अपमान

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश में मंत्री विजय शाह के बाद अब डिप्टी सीएम जगदीश देवड़ा ने ऑपरेशन सिंदूर को लेकर विवादित बयान दिया है। देवड़ा ने शुक्रवार को जबलपुर में कहा, प्रधानमंत्री जी को धन्यवाद देना चाहेंगे...और पूरा देश, देश की वो सेना, वो सैनिक...उनके चरणों में नतमस्तक है। वे यहां सिविल डिफेंस वालिंटियर्स के प्रशिक्षण कार्यक्रम में संबोधित कर रहे थे। उनके बयान को कांग्रेस ने सेना के शौर्य का अपमान बताया। वहीं, बीजेपी ने कहा है कि कांग्रेस देवड़ा के बयान को तोड़-मरोड़ कर पेश कर रही है। विवाद बढ़ने के बाद डिप्टी सीएम ने सफाई दी। कहा, मेरे बयान को गलत ढंग से पेश किया जा रहा है। इससे पहले मंत्री शाह ने भारतीय सेना की कर्नल सोफिया कुरैशी पर आपत्तिजनक बयान दिया था। एमपी हाईकोर्ट ने पुलिस को एफआईआर दर्ज का आदेश दिया। मंत्री इसके खिलाफ सुप्रीम कोर्ट पहुंचे हैं। इस पर सुनवाई सोमवार को होगी।

### डिप्टी सीएम देवड़ा का पूरा बयान पढ़ लीजिए...

डिप्टी सीएम देवड़ा ने कहा, मन में बहुत क्रोध था। लोग पर्यटक के रूप में घूमने गए थे। वहां धर्म पूछ-पूछकर और महिलाओं को एक तरफ खड़ा करके उनके सामने पति को गोली मारी। बच्चों के सामने गोली मारी। उस दिन से दिमाग में बहुत तनाव था।

# काला हिरण शिकार केस में सैफ, नीलम, तब्बू, सोनाली की मुश्किलें बढ़ीं

## हाईकोर्ट पहुंची सरकार, बरी करने को दी चुनौती; 28 जुलाई को होगी सुनवाई

बढ़ता राजस्थान

**जोधपुर।** राजस्थान सरकार ने शुक्रवार को हाईकोर्ट में काले हिरण के शिकार मामले में लीव-टू-अपील पर सुनवाई हुई। इसमें एक्टर सैफ अली खान, एक्ट्रेस तब्बू, नीलम और सोनाली बेंद्रे को बरी किए जाने के फैसले को चुनौती दी है। जस्टिस मनोज कुमार गर्ग की अदालत ने मामले को अन्य संबंधित केसों के साथ सूचीबद्ध करने का आदेश दिया है। एडवोकेट महिपाल विश्नोई के अनुसार, 1 अक्टूबर 1998 को जोधपुर के कांकाणी गांव में फिल्म हम साथ-साथ हैं की शूटिंग के दौरान काले हिरण का शिकार किया गया था। प्रकरण में ट्रायल कोर्ट ने 5 अप्रैल 2018 को अभिनेता सलमान खान को दोषी करार देते हुए पांच साल की सजा सुनाई थी। इस मामले में सह आरोपी फिल्म अभिनेता सैफ अली खान, अभिनेत्री नीलम, तब्बू, सोनाली बेंद्रे और दुष्यंत सिंह को संदेह का लाभ देते हुए बरी कर दिया था।

राज्य सरकार की अपील में ट्रांसफर पिटीशन की अनुमति और एक्टर सलमान खान की सजा से जुड़े मामले को भी शामिल किया जाएगा। मामले की सुनवाई 28 जुलाई को होगी, जिसमें सभी संबंधित केसों पर एक साथ सुनवाई होगी।

### अक्टूबर 1998, कांकाणी शिकार कांड



सैफ अली खान | तब्बू | नीलम | सोनाली बेंद्रे

# याचिका में दावा-रोहिंग्याओं को निर्वासित करके जबरन समुद्र में फेंका

## सुप्रीम कोर्ट ने कहा- यह मनगढ़ंत कहानी, जिसने देखा, वह वापस कैसे आया

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दायर की गई, जिसमें आरोप था कि भारत सरकार ने 43 रोहिंग्या शरणार्थियों को जबरन समुद्र में फेंककर म्यांमार भेज दिया। यह भी कहा गया कि इन शरणार्थियों में महिलाएं, बच्चे, बुजुर्ग और कैंसर जैसे गंभीर रोगों से पीड़ित लोग शामिल थे। 16 मई को सुप्रीम कोर्ट ने इस याचिका पर सुनवाई करते हुए याचिकाकर्ता को फटकार लगाई। जस्टिस सूर्यकांत ने कहा कि यह बहुत खूबसूरती से गढ़ी गई कहानी है।

अदालत ने रोहिंग्या शरणार्थियों के निर्वासन पर रोक लगाने से इनकार कर दिया। साथ ही याचिकाकर्ताओं के तत्काल सुनवाई के अनुरोध को भी खारिज कर दिया। मामले को लंबित याचिकाओं के साथ 31 जुलाई 2025 तक के लिए स्थगित कर दिया।

### यूएन की रिपोर्ट पर कहा- बाहर बैठे लोग संप्रभुता को चुनौती नहीं दे सकते

सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता ने संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट का हवाला दिया। इस पर जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस दीपांकर दत्ता और जस्टिस एन कोटिश्वर सिंह की बेंच ने कहा कि बाहर बैठे लोग हमारे संप्रभुता को चुनौती नहीं दे सकते।

# महबूबा ने तुलबुल प्रोजेक्ट को गैरजिम्मेदाराना और उकसाने वाला बताया

## उमर बोले- आप सस्ती लोकप्रियता चाहती हैं; सीएम ने परियोजना शुरू करने की जानकारी दी थी



बढ़ता राजस्थान

**श्रीनगर।** महबूबा मुफ्ती ने तुलबुल प्रोजेक्ट को गैरजिम्मेदाराना और उकसाने वाला बताया है। पूर्व सीएम ने अपने ट्वीटर अकाउंट पर लिखा- जब भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव चल रहा है, ऐसे में प्रोजेक्ट को शुरू करना दुर्भाग्यपूर्ण है। महबूबा ने ये भी लिखा कि दोनों देश हाल ही में युद्ध से पीछे हटे हैं। जम्मू-कश्मीर में कई निर्दोष लोगों की जान गईं। अब लोग शांति चाहते हैं। पानी जैसी आवश्यक और जीवनदायी चीज को हथियार बनाना न केवल अमानवीय है, बल्कि इससे उस मामले के अंतर्राष्ट्रीयकरण का भी खतरा है, जिसे द्विपक्षीय मसला ही बने रहना चाहिए। इस पर मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने कहा कि आप सिर्फ लोकप्रियता हासिल करना चाहती हैं। सीमा पार बैठे कुछ लोग यह मानने से इनकार करते हैं कि सिंधु जल समझौता जम्मू-कश्मीर के लोगों के हितों के साथ सबसे बड़ा ऐतिहासिक विश्वासघात है। मैं हमेशा से इसके खिलाफ रहा हूं। आगे भी इसके खिलाफ रहूंगा। उमर ने ये भी कहा- यह (तुलबुल परियोजना) उस ऐतिहासिक अन्याय को सुधारने के बारे में है, जिसने जम्मू-कश्मीर के लोगों को अपने पानी का उपयोग करने के अधिकार से वंचित कर दिया।

### उमर अब्दुल्ला ने गुरुवार को ट्वीटर पर लिखा था-

उत्तरी कश्मीर में वुलर झील, वीडियो में आप जो सिविल कार्य देख रहे हैं, वह तुलबुल नेविगेशन बैराज है। इसे 1980 के दशक की शुरुआत में शुरू किया गया था, लेकिन सिंधु जल संधि का हवाला देते हुए पाकिस्तान के दबाव में इसे छोड़ना पड़ा।

# आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत दो दिन जयपुर में रहेंगे

## रवि राम आश्रम में सम्मान होगा, निजी कार्यक्रम में हिस्सा लेने जाएंगे पुष्कर

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत दो दिन जयपुर में रहेंगे।जहां 17 मई (शनिवार) को उनका जयपुर के रवि राम आश्रम में सम्मान किया जाएगा। इसके बाद भागवत अपने निजी कार्यक्रम में हिस्सा लेने के लिए पुष्कर रवाना होंगे। वहीं, 18 मई को भागवत जयपुर से रवाना होंगे। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत आज एम आई रोड स्थित भारती भवन पहुंचेंगे। जहां उनकी संघ के कार्यकर्ताओं से मुलाकात होगी। भागवत भारती भवन में ही रात्रि विश्राम करेंगे। इसके बाद शनिवार को मोहन भागवत सीकर रोड स्थित रवि राम आश्रम जाएंगे। जहां रवि राम महाराज की पुण्यतिथि पर उनका सम्मान किया जाएगा। पुष्कर जायेंगे भागवत-इसके बाद मोहन भागवत वहां मौजूद संतों और राष्ट्रीय स्वयंसेवक के कार्यकर्ताओं को भी संबोधित करेंगे। वह लगभग 2 घंटे का वक्त रवि राम आश्रम में ही बिताएंगे। इसके बाद वह व्यक्तिगत मुलाकात के लिए रवाना होंगे।


# बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस

दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही

कलर एवं ब्लैक मुद्रण | किफायती मुद्रण लागत

**Printing Press**
- Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021

**Office**
- Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
  (M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
- 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033
  (M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795

Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com


# गवर्नर-प्रेसिडेंट के लिए डेडलाइन पर कानूनी बहस

## पूर्व कानून मंत्री बोले- सरकार और अदालतों में टकराव होगा, वकील बोले- मंत्रिपरिषद की सलाह पर ही चलेगा राष्ट्रपति

नई दिल्ली।

प्रेसिडेंट और गवर्नर के लिए डेडलाइन बनाने के सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर कानून बहस शुरू हो गई है। पूर्व कानून मंत्री अश्विनी कुमार ने कहा- इससे सरकार और अदालतों के बीच टकराव की स्थिति पैदा हो सकती है, जिसे सुलझाना जरूरी है। उम्मीद है कि सुप्रीम कोर्ट की बेंच इस पर स्पष्ट राय देगी।

संवैधानिक मामलों के एक्सपर्ट्स एडवोकेट सुमित गहलोत ने कहा- गृह मंत्रालय ने 2016 में राज्यपाल को तीन महीने में बिल पर फैसला देने का निर्देश दिया था। इसी आधार पर 8 अप्रैल को समय-सीमा तय की। ऐसे में सुप्रीम कोर्ट का फैसला कोई नई बात नहीं है।

गहलोत ने यह भी कहा- आर्टिकल 74 में कहा गया है कि राष्ट्रपति को मंत्रिपरिषद की सलाह पर ही चलना होता है, इसलिए उनकी स्वतंत्र भूमिका सीमित है। आर्टिकल 143 के तहत राष्ट्रपति सुप्रीम कोर्ट से किसी अहम कानूनी या तथ्यात्मक मसले पर राय ले सकते हैं।

### राष्ट्रपति-राज्यपाल समय-सीमा विवाद पर एक्सपर्ट्स की राय

सीनियर एडवोकेट सिद्धार्थ लूथरा- यह मामला सिर्फ समय-सीमा का नहीं है, बल्कि संघीय ढांचे (फेडरलिज्म) और नागरिकों के अधिकारों से जुड़ा है। सवाल यह है कि क्या कोई राज्यपाल या राष्ट्रपति बिल को अनिश्चितकाल तक रोक सकता है। ऐसा करके सरकार के कामों में बाधा डाल सकते हैं। जनता को उसके विधायी अधिकार (लेजिस्लेटिव राइट्स) से वंचित कर सकते हैं। एडवोकेट आशीष दीक्षित- राष्ट्रपति कानूनी या सार्वजनिक मुद्दों पर सुप्रीम कोर्ट से राय मांग सकते हैं। कोर्ट चाहे तो सुनवाई कर सकता है या विनम्रता से इनकार भी कर सकता है। यह राय बाध्यकारी नहीं होती, लेकिन संवैधानिक मार्गदर्शन का काम करती है। सीनियर एडवोकेट आदिश अग्रवाल: आर्टिकल 142 का उपयोग समय-सीमा तय करना खतरनाक हो सकता है। सुप्रीम कोर्ट 1996 में भी कह चुका है कि असंवैधानिक विलंबों को रोकने के लिए समय-सीमा जरूरी है, लेकिन अदालत को संतुलन बनाए रखना चाहिए।



### गवर्नर की ओर से राष्ट्रपति को भेजे गए बिल पर सुप्रीम कोर्ट के 4 पॉइंट्स

1. बिल पर फैसला लेना होगा: सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि अनुच्छेद 201 कहता है कि जब विधानसभा किसी बिल को पास कर दे। उसे राज्यपाल के पास भेजा जाए और राज्यपाल उसे राष्ट्रपति के पास विचार के लिए भेज दे। इस स्थिति में राष्ट्रपति को बिल पर मंजूरी देनी होगी या फिर बताना होगा कि मंजूरी नहीं दे रहे हैं।
2. ज्यूडिशियल रिव्यू होगा: सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि आर्टिकल 201 के तहत राष्ट्रपति का निर्णय की न्यायिक समीक्षा की जा सकती है। अगर बिल में केंद्र सरकार के निर्णय को प्राथमिकता दी गई हो, तो कोर्ट मनमानी या दुर्भावना के आधार पर बिल की समीक्षा करेगा। अदालत ने कहा कि बिल में राज्य की कैबिनेट को प्राथमिकता दी गई हो और राज्यपाल ने विधेयक को मंत्रिपरिषद की सहायता और सलाह के विपरीत जाकर फैसला किया हो तो कोर्ट के पास बिल की कानूनी रूप से जांच करने का अधिकार होगा।
3. राज्य सरकार को राज्यपाल को कारण बताने होंगे: सर्वोच्च न्यायालय ने स्पष्ट किया कि जब कोई समय-सीमा तय हो, तो वाजिब टाइम लाइन के भीतर फैसला करना चाहिए। राष्ट्रपति को बिल मिलने के 3 महीने के भीतर फैसला लेना अनिवार्य होगा।
4. बिल बार-बार वापस नहीं भेज सकते: अदालत ने कहा कि राष्ट्रपति किसी बिल को राज्य विधानसभा को संशोधन या पुनर्विचार के लिए वापस भेजते हैं। विधानसभा उसे फिर से पास करती है, तो राष्ट्रपति को उस बिल पर फाइनल डिसीजन लेना होगा और बार-बार बिल को लौटाने की प्रक्रिया रोकनी होगी।